CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLFP User: cci Time: 02-14-2026 00:29 Color:

कानपुर (कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित) › शनिवार, 14 फरवरी 2026 › माघ 25, शक संवत 1947, फाल्गुन कृष्ण द्वादशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG पेज 16*› मूल्य सिर्फ ₹6.00 facebook.com/nbtlucknow•twitter.com/nbtlucknow Vol.8 no.44

हैपी वैलंटाइंस डे



NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं

खबरों के अंदर की बात

NBT Lens

देखें पेज 4, 10, 11 और 12

आज के मैच 20-20

आयरलैंड Vs ओमान
कोलंबो, सुबह 11 बजे से

इंग्लैंड Vs स्कॉटलैंड
कोलकाता, दिन में 3 बजे से

न्यूजीलैंड Vs स.अफ्रीका
अहमदाबाद, शाम 7 बजे से

उलटफेर : जिंबाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

■ पीटीआई, कोलंबो : T20 वर्ल्ड कप में जिंबाब्वे ने शुक्रवार को बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से मात दी। अन्य मैचों में UAE ने कनाडा को 5 विकेट से शिकस्त दी, जबकि अमेरिका ने नीदरलैंड्स को 93 रन से हराया।

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर ▸▸पेज 11

फटाफट खबरें

संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित

संसद की कार्यवाही शुक्रवार को 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, विपक्ष ने शुक्रवार को भी जेफ्री एपस्टीन से संबंधों पर हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। ▸▸पेज 12

दबिश में मौत, SHO समेत 4 सस्पेंड

बदायूं के फैजगंज बेहटा पुलिस ने 4 फरवरी को बिना FIR दर्ज किए एक युवक को पकड़ने के लिए दबिश दी। इस दौरान हार्ट अटैक से युवक की मौत हो गई थी। इस केस में SHO समेत चार पुलिसकर्मी सस्पेंड कर दिए गए हैं। ▸▸पेज 9

हिट ऐंड रन में 12वीं का स्टूडेंट अरेस्ट

लखनऊ में कार से 6 लोगों को टक्कर मारने वाले आलोक सिंह (21) को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया। वह 12वीं का छात्र है। RTO ने उसका डीएल भी छह माह के लिए सस्पेंड कर दिया है। इस हादसे में एक बच्चे की मौत हो गई थी। ▸▸पेज 5

हैपी मॉर्निंग

टीचर: यह बताओ कि नदी में नींबू का पेड़ लगा है तो नींबू कैसे तोड़ोगे?
स्टूडेंट: चिड़िया बनकर। टीचर: तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा? स्टूडेंट: जो नदी में नींबू का पेड़ लगाएगा।

अर्थसार

रुपया/डॉलर	90.74 (+0.14)
रुपया/यूरो	107.62 (+0.17)

सराफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
लखनऊ ₹1,57,290
चांदी .999 टंच प्रति किलो
लखनऊ ₹2,80,000

मौसम

अधिकतम तापमान 25.6°
न्यूनतम तापमान 11.1°
सूर्योदय शनिवार 5:57 | सूर्यास्त रविवार 6:44

*12+4 Lucknow Times

योगी बोले, 1.06 करोड़ लोगों की सामाजिक पेंशन बढ़ाएंगे

विधानसभा में किया ऐलान-बजट में पैसा आवंटित

सीएम ने राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान योजना की जानकारी दी।



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने 1.06 करोड़ सामाजिक पेंशनधारकों की पेंशन में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। विधानसभा में शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर आए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सीएम ने कहा कि बजट में इसके लिए धनराशि की व्यवस्था कर दी गई है। इसकी विस्तृत जानकारी बजट चर्चा के दौरान उपलब्ध करवाई जाएगी।

सामाजिक पेंशन के दायरे में दिव्यांग, वृद्धजन एवं निराश्रित महिलाएं आती हैं। 2017 से पहले दिव्यांग पेंशन 300 रुपये और अन्य 500 रुपये महीना थी। योगी सरकार ने इसे बढ़ाकर 1000 रुपये महीना किया था। 2022 के घोषणापत्र में इसे बढ़ाकर 1500 रुपये महीना करने का वादा किया गया था। सीएम ने अब इस बढ़ोतरी का ऐलान किया है। हालांकि, बढ़ी धनराशि की तस्वीर बजट पर चर्चा के दौरान साफ होगी। प्रदेश में 67.50 लाख लोगों को वृद्धावस्था, 38.50 लाख महिलाओं को निराश्रित और 11 लाख लोगों को दिव्यांग पेंशन मिलती है।

पीएम 21 को सेमीकंडक्टर पार्क का शिलान्यास करेंगे: योगी ने बताया कि डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर पार्क की स्थापना एवं विस्तार की दिशा में यूपी तेजी से आगे बढ़ रहा है। 21 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी प्रदेश के पहले सेमीकंडक्टर यूनिट का शिलान्यास करेंगे। वहीं, मेरठ-दिल्ली रैपिड रेल भी पीएम के हाथों उद्घाटन होगा।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के समानांतर बनेगा रेल कॉरिडोर: सीएम ने सपा सरकार के दौरान बनी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की कार्ययोजना को भ्रष्टाचार पर आधारित बताया। उन्होंने कहा कि बिना जमीन अधिग्रहण के ही टेंडर अलाट कर दिया गया था। दिसंबर, 2016 में सपा सरकार ने इसके लिए 15,200 करोड़ की कार्ययोजना बनाई थी। 2 साल बाद 2018 में हमने इसका टेंडर किया और चौड़ाई बढ़ाकर 110 से 120 मीटर की, तब भी 11,800 करोड़ का टेंडर हुआ। आखिर, यह 3500 करोड़ रुपये किसकी जेब में जाने थे? योगी ने कहा कि केंद्रीय बजट में घोषित बनारस-दिल्ली रेल कॉरिडोर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के समानांतर गुजरेगा, जिस पर हाईस्पीड ट्रेन चलेगी। ▸▸पेज 2

हर कोई शंकराचार्य नहीं लिख सकता: CM

अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने माघ मेला के दौरान स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के संग प्रशासन के विवाद व व्यवहार को लेकर सवाल उठाए। सीएम ने इस पर भी विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि इसे जानबूझकर मुद्दा बनाया जा रहा है। क्या हर कोई सीएम का बोर्ड लगाकर घूम सकता है? कोई भी मंत्री या सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का बोर्ड लगाकर घूम सकता है? शंकराचार्य का पद सनातन में पवित्र होता है। वह भी परंपरा व नियमों से संचालित होता है, हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं लिख सकता। हर व्यक्ति आचार्य के रूप में जहां-तहां वातावरण खराब नहीं कर सकता। योगी ने कहा कि मौनी अमावस्या के दिन 4.50 करोड़ श्रद्धालु थे। एग्जिट गेट से किसी को एंट्री की इजाजत नहीं दी जा सकती। इससे भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो सकती थी। यह श्रद्धालुओं के जीवन के साथ खिलवाड़ होता। कोई भी मर्यादित व्यक्ति ऐसा नहीं कर सकता। सबके लिए एक व्यवस्था बनाई गई थी। कानून सबके लिए बराबर होता है। सीएम के लिए भी अलग कानून नहीं है। अगर मैं अपराध करूंगा तो उसी कानून से मैं भी देखा जाऊंगा जिस कानून से एक कॉमन मैन देखा जाएगा। हम कानून के शासन का पालन करते हैं, पालन भी करवाना जानते हैं। सपा पर सवाल उठाते हुए सीएम ने कहा कि आप उन्हें शंकराचार्य मानते हैं तो उन पर लाठीचार्ज क्यों करवाया? एफआईआर क्यों करवाई? आपको पूजना है तो पूजा करिए, लेकिन इसके नाम पर गुमराह करना बंद करिए।

> कानून सबके लिए बराबर होता है। सीएम के लिए भी अलग कानून नहीं है। हम कानून का पालन करते हैं और करवाना भी जानते हैं। -योगी

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों से आहत हुए जस्टिस, ज़मानत अर्ज़ी सुनने से इनकार

HC के चीफ जस्टिस से कहा, ज़मानत याचिकाएं सुनने को न दी जाएं

■ NBT न्यूज, लखनऊ

10 अक्टूबर 2025
जस्टिस पंकज भाटिया ने दहेज हत्या में पति को जमानत का आदेश दिया।

9 फरवरी 2026
सुप्रीम कोर्ट ने फैसला खारिज कर इसे सबसे निराशाजनक आदेशों में से एक बताया था।

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच के जस्टिस पंकज भाटिया की ओर से दिया गया जमानत का फैसला 9 फरवरी को खारिज कर दिया था। जस्टिस पंकज भाटिया ने इस केस में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों को हतोत्साहित करने वाला और दुष्प्रभाव डालने वाला बताया है। उन्होंने यह कहते हुए शुक्रवार को बाकी जमानत अर्जियां सुनने से इनकार कर दिया। साथ ही इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से अनुरोध किया है कि उन्हें जमानत याचिकाएं सुनने को न दी जाएं।

जस्टिस पंकज भाटिया की सिंगल बेंच ने दहेज हत्या के एक मामले में 10 अक्टूबर 2025 को अभियुक्त पति को जमानत दी थी। इस मामले में महिला की मौत गला घोंटने से हुई थी। वादी चेतराम वर्मा ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि जमानत आदेश का कारण केवल यह बताया गया कि अभियुक्त पति 27 जुलाई 2025 से जेल में था और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं था।

सुप्रीम कोर्ट ने 9 फरवरी 2026 को जमानत आदेश खारिज करते हुए टिप्पणी की थी कि यह आदेश उन सबसे निराशाजनक आदेशों में से है, जो हमने पिछले कुछ समय में देखे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ये सवाल भी उठाए थे कि इस आदेश के जरिए आखिर हाई कोर्ट कहना क्या चाहता है, उसने कहां अपने विवेक का इस्तेमाल किया और सिर्फ बचाव पक्ष की दलीलों व अभियुक्त की जेल में बिताई गई अवधि के आधार पर जमानत दे दी।

जस्टिस भाटिया ने शुक्रवार को एक अभियुक्त राकेश तिवारी की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान वादी चेतराम वर्मा के मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से उनके खिलाफ की गई टिप्पणियों का संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने उनके आदेश को निरस्त कर दिया, जो सामान्य बात है। कोई भी न्यायाधीश यह दावा नहीं कर सकता कि उसके आदेश को ऊपरी अदालत द्वारा कभी खारिज न किया गया हो या हस्तक्षेप न किया गया हो, लेकिन इस केस में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां उनका मनोबल गिराने वाली और डराने वाली हैं।

दुनिया की ग्रोथ का नया इंजन बनेगा भारत: मोदी

ET NOW ग्लोबल बिजनेस समिट में बोले पीएम

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दुनिया की ग्रोथ में देश के बढ़ते योगदान का जिक्र किया और कहा कि भारत दुनिया की ग्रोथ का नया इंजन बनेगा। **ET NOW ग्लोबल बिजनेस समिट में** पीएम ने कहा कि बीते दशक में वैश्विक महामारी, तनाव, जंग, सप्लाई चेन में रुकावट ...दुनिया ने बहुत कुछ देखा है। लेकिन कहा जाता है कि देश की ताकत संकट में ही सामने आती है। मुझे बहुत गर्व है कि कई रुकावटों के बावजूद यह दशक भारत के लिए विकास, शानदार डिलिवरी और लोकतंत्र को मजबूत करने वाला रहा है। पिछला दशक शुरू हुआ था तो भारत 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था था। उथलपुथल में और नीचे जाने की आशंका थी, पर आज भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। फ्री ट्रेड डील पर पीएम ने कहा कि आज कई विकसित देशों से डील हो रही है। पर यह काम 2014 से पहले क्यों नहीं हुआ? देश वही है, युवा शक्ति, सिस्टम वही है, बदलाव सरकार के विजन, नीति, नीयत और सामर्थ्य में आया है। ▸▸पेज 10

ट्रेड डील पर पीएम ने कहा, यह 2014 से पहले क्यों नहीं हुआ

साउथ ब्लॉक से सेवा तीर्थ शिफ्ट हो गया PMO

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नए पीएम ऑफिस 'सेवा तीर्थ' का उद्घाटन किया। यहां PMO, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय शिफ्ट होंगे। इससे पहले उन्होंने साउथ ब्लॉक स्थित पुराने PMO में कैबिनेट मीटिंग में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन

पीएम ने कहा कि आजादी के बाद नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतें ब्रिटिश शासन की हुकूमत की प्रतीक थीं। हमें गुलामी की इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी था। कहा कि आज हम सभी सेवा तीर्थ में विकसित भारत के लक्ष्य के साथ प्रवेश कर रहे हैं। ▸▸पेज 12

बाराबंकी में मुख्तार अंसारी के करीबी रहे बॉबी की हत्या

शरीर में दस गोलियां लगी, 6 खोखे बाहर पड़े मिले

■ NBT न्यूज, बाराबंकी : अयोध्या हाइवे पर अलोनी मोड़ के पास शुक्रवार दोपहर कुछ बदमाशों ने गोली मारकर मुख्तार अंसारी गैंग से जुड़े रहे शुएब किदवई उर्फ बॉबी (52) की हत्या कर दी। बदमाशों ने दोपहर करीब सवा बजे लखनऊ से लौट रहे शुएब की कार पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। हमलावर कितने थे, किन वाहनों से आए और हमला क्यों किया, इसकी वजह साफ नहीं हो सकी है।

शुएब किदवई

पुलिस के मुताबिक, शुएब के शरीर में दस गोलियां लगीं। वहीं, बाहर छह खोखे बरामद हुए। हमलावरों ने .9 एमएम और 32 बोर के असलहों से करीब दस गोलियां चलाईं। एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि जांच हो रही है। CCTV से हमलावरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। ▸▸पेज 9

लखनऊ जेलर मर्डर केस में भी था आरोपित

बाराबंकी के सिविल लाइंस निवासी बॉबी पर लखनऊ व बाराबंकी में हत्या, हत्या की कोशिश समेत दस केस थे। साल 1999 के लखनऊ जेलर हत्याकांड में भी उसका नाम आया था, जब डीएम दफ्तर के सामने गोली मारकर डिप्टी जेलर आरके तिवारी की हत्या कर दी गई थी।

सपा के 'गुमशुदा' राष्ट्रीय प्रवक्ता रेप केस में अरेस्ट

■ NBT न्यूज, बाराबंकी: सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज यादव को सफदरगंज पुलिस ने शुक्रवार सुबह रेप और छेड़छाड़ के केस में गिरफ्तार किया। फिर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा। मूलतः सफदरगंज के बनेगापुरवा निवासी मनोज का लखनऊ के कल्पतरु अपार्टमेंट में फ्लैट है। उनके खिलाफ गांव की ही एक दलित महिला ने 11 फरवरी को धमकाने की FIR दर्ज करवाई थी। बाद में महिला के बयान पर रेप की धारा बढ़ाई गई थी। वहीं, मनोज की पत्नी प्रभा ने गुरुवार रात गोमतीनगर विस्तार थाने में उनकी गुमशुदगी की तहरीर दी थी।

मनोज

सेंसेक्स में 1048 तो निफ्टी में 336 अंक की गिरावट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,048.16 अंक (1.25%) तो निफ्टी 336.10 अंक (1.30%) गिरा। सबसे ज्यादा मार मेटल, IT और कमोडिटी शेयरों पर पड़ी। जानकारों के मुताबिक, कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे हैं। वहीं, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) की वजह से IT सेक्टर में आने वाली दिक्कतों से भी निवेशक डरे हुए हैं। ▸▸पेज 10

लखनऊ, बनारस, अयोध्या और मेरठ कोर्ट में बम की धमकी

■ टीम NBT, लखनऊ: लखनऊ, वाराणसी, अयोध्या व मेरठ के अदालत परिसरों को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इस पर चारों कोर्टों में चेकिंग हुई, लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। चारों जगह काफी देर कामकाज बाधित रहा। वहीं, वाराणसी पुलिस की जांच में पता चला कि तमिलनाडु के सुनिया दासन नाम के शख्स ने इलाहाबाद हाई कोर्ट और कई जिला जजों को धमकी भरा ई-मेल भेजा था। ▸▸पेज 5

बांग्लादेश में BNP की बंपर जीत

खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान का PM बनना तय

■ पीटीआई, ढाका: बांग्लादेश के आम चुनाव में खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान की अगुआई वाली बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) ने 70% सीटें जीती हैं। इस तरह BNP दो दशक बाद सत्ता में आएगी। इसके नेता तारिक रहमान का पीएम बनना तय है। वह मोहम्मद यूनुस की अगुआई वाली अंतरिम सरकार की जगह लेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी फोन कर उन्हें बधाई दी। रहमान शनिवार को शपथ ले सकते हैं।

जनता ने संवैधानिक सुधार के लिए जनमत संग्रह को भी मंजूरी दी है। नई सरकार के लिए शुरुआती दिनों में इसे अंजाम तक पहुंचाना बड़ी चुनौती होगी। वहीं, BNP ने शेख हसीना को भारत से लाकर मुकदमा चलाने की मांग पर फिर जोर दिया है। ▸▸पेज 12

35 साल बाद पुरुष पीएम...

बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष पीएम बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद पीएम थे। 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा।

भारत सीमा पर जमात मजबूत

कट्टरपंथी धड़े जमात-ए-इस्लामी ने नतीजों के ऐलान में 'देरी' पर सवाल उठाए। इस पार्टी ने पश्चिम बंगाल से लगते उत्तर और दक्षिण के सीमांत इलाकों में कई सीटें जीती हैं, जो भारत के लिए सिरदर्द हो सकता है।

NCP 6 पर सिमटी

अगस्त 2024 में छात्र आंदोलन के कारण शेख हसीना सरकार का तख्ता पलट हुआ था। इस आंदोलन से निकली NCP को सिर्फ 6 सीटें मिलीं। दिसंबर में पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने की धमकी देने वाले हसनत अब्दुल्लाह ने भी जीत हासिल की है।

CCING37 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG10 User: cd Time: 02-14-2026 00:26 Color

फटाफट खबरें

25 लाख टन गेहूं निर्यात की इजाजत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सरकार ने 25 लाख टन गेहूं निर्यात की मंजूरी दी है। साथ ही, गेहूं के उत्पादों को भी 5 लाख टन तक निर्यात करने की इजाजत दी गई है। मौजूदा शुगर सीजन 2025-26 में चीनी मिलों को और 5 लाख टन चीनी निर्यात की भी छूट मिली है। इससे पहले मौजूदा सीजन में 15 लाख टन चीनी निर्यात की इजाजत दी गई थी। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

RBI ने कई कंपनियों पर लगाया जुर्माना

■ पीटीआई, मुंबई : RBI ने नियमों की अनदेखी पर शुक्रवार को बैंक ऑफ महाराष्ट्र, DCB बैंक और CSB बैंक पर जुर्माना लगाया है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र पर 32.50 लाख रुपये, DCB बैंक पर 29.60 लाख रुपये और CSB बैंक पर 63.60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा, Navi Finserv पर 3.80 लाख रुपये और IIFL फाइनेंस पर 5.30 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है।

10 महीने के लो लेवल पर पहुंचा निफ्टी IT इंडेक्स

IT, मेटल में बिकवाली से सेंसेक्स 1,048 अंक टूटा

AI Image

■ मेटल इंडेक्स : 3.21% की सबसे बड़ी गिरावट।
■ Nifty IT बंद : 32681.50 (1.44% गिरावट)
■ सेंसेक्स क्लोजिंग : 82,626.76 (1.25% नीचे)।
■ निफ्टी क्लोजिंग : 25,471.10 (1.30% नीचे)।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स और निफ्टी 1 प्रतिशत से ज्यादा टूट गए। सबसे ज्यादा मार मेटल, IT और कमोडिटी शेयरों पर पड़ी। जानकारों का कहना है कि कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे हैं। साथ ही, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की वजह से IT सेक्टर में आने वाली दिक्कतों के डर ने भी निवेशकों का सेंटिमेंट खराब कर दिया।

उतार-चढ़ाव से भरे इस कारोबार में सेंसेक्स 1,048.16 अंक (1.25%) गिरकर 82,626.76 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 336.10 अंक (1.30%) फिसलकर 25,471.10 पर बंद हुआ। BSE स्मॉलकैप इंडेक्स 1.90% और मिडकैप 1.19% तक गिर गए। अगर पूरे हफ्ते की बात करें, तो सेंसेक्स में 953 अंकों (1.14%) की गिरावट आई, जबकि निफ्टी 222 अंक (0.86%) नीचे गिरा है। इस गिरावट की वजह से निवेशकों को भारी चपत लगी है। BSE में लिस्टेड कंपनियों की कुल मार्केट वैल्यू करीब 7.02 लाख करोड़ रुपये कम हो गई। अब यह घटकर 465.46 लाख करोड़ रुपये रह गई है।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशल सर्विसेज के रिसर्च हेड सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि कमजोर नतीजों और AI की वजह से IT सेक्टर पर बढ़ते दबाव ने बाजार को नीचे खींच लिया। निफ्टी IT इंडेक्स शुक्रवार को 10 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों को डर है कि AI के आने से पुरानी सर्विस कंपनियों की कमाई कम हो सकती है।

मेटल शेयरों में भारी मुनाफावसूली देखी गई। रूस के फिर से डॉलर सिस्टम में लौटने की खबरों और मजबूत डॉलर की वजह से मेटल कंपनियों के मुनाफे पर दबाव बढ़ गया। इस वजह से मेटल 3.21% गिर गया। इसके बाद रियल्टी, कमोडिटी और पावर सेक्टर में भी 2% के आसपास की गिरावट आई। वहीं, दिल्ली के जूलर्स बाजार में चांदी की चमक 13,500 रुपये प्रति किलो तक फीकी पड़ गई, जबकि सोना भी 2,400 रुपये सस्ता हो गया।

वेनेजुएला से तेल खरीदेगा रिलायंस, US से लाइसेंस

AI Image

■ पीटीआई, नई दिल्ली : मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) को वेनेजुएला से सीधे कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से जनरल लाइसेंस मिल गया है। सूत्रों के मुताबिक, जनवरी के आखिर में जिन अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल सौदा करने का अमेरिका से लाइसेंस मिला है, रिलायंस उनमें से एक है। पिछले महीने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़े जाने के बाद से अमेरिका ने वहां के एनर्जी सेक्टर पर लगी पाबंदियों में ढील दी है। अमेरिका चाहता है कि वेनेजुएला से तेल की सप्लाई दोबारा शुरू हो सके। फिलहाल, इस खबर पर रिलायंस की तरफ से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। सूत्रों का कहना है कि वेनेजुएला से तेल खरीदना भारत की उस रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह तेल के लिए केवल एक देश पर निर्भर नहीं रहना चाहता। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब रूस से होने वाले आयात में कमी आने की संभावना है।

'हम ड्राइवरों को कैप्टन कहते हैं'

'फोन का मॉडल देख नहीं तय होता कैब का किराया'

पवन गुंटुपल्ली

NBT इंटरव्यू

टैक्सी, ऑटो और बाइक के लिए ऐप आधारित सर्विस का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। एक तरफ राइडर्स की शिकायतें बढ़ रही हैं, दूसरी तरफ ड्राइवर भी संतुष्ट नहीं दिखते। कैब एग्रीगेटर ग्राहकों और ड्राइवरों को खुश रखने के लिए क्या कर रहे हैं, इस पर रमेश तिवारी ने Rapido के कोफाउंडर पवन गुंटुपल्ली से बात की।

Q हाल ही में ऐप आधारित सर्विस से जुड़े ड्राइवर हड़ताल पर थे और कह रहे थे कि एग्रीगेटर लाभ कमा रहे हैं जबकि हमें गरीबी में धकेला जा रहा है। इस धारणा को तोड़ने के लिए आपकी रणनीति क्या है?

हम अपने ड्राइवरों को कैप्टन कहते हैं। मेरा मानना है कि Rapido कैप्टन एप्लिकेशन पर काम करने वाले बहुत से लोग हड़ताल पर नहीं गए। एक कारण यह है कि हमने दो साल पहले एक नया मॉडल शुरू किया, उसकी एक मुख्य विशेषता शून्य कमीशन है। भुगतान सीधे कैप्टन को किया जाता है। इसी कारण हम उन्हें आकर्षित कर पाए।

Q अक्सर जब ड्राइवर राइड रद्द करता है या रद्द करने के लिए मजबूर करता है, रूट बदल देता है, तब यात्रियों पर जुर्माना लगाया जाता है। क्या कोई निष्पक्ष तंत्र हो सकता है?

यह एक चुनौती जिसे हम सुलझा रहे हैं, वह यह सुनिश्चित करना है कि कैप्टन ड्रॉप लोकेशन को सही तरीके से समझें। कुछ लोग उन पतों को नहीं पढ़ पाते जो कभी-कभी अंग्रेजी में होते हैं। हम बदलाव ला रहे हैं। इसमें पहला है वॉइस आधारित ऑर्डर जनरेशन। यह नाम को जोर से बोलेगा, जैसे करोल बाग में ड्रॉप। बहुतों के लिए डिजिटल साक्षरता, Google Maps की समझ सामान्य नहीं है। यह भी एक प्रकार की शिक्षा है जिसे हम लगातार देने की कोशिश कर रहे हैं।

Q ज्यादातर बाइक टैक्सी वाले बहुत ही खराब गुणवत्ता वाले प्लास्टिक के हेलमेट लेकर आते हैं। क्या हेलमेट सुनिश्चित करने के लिए कोई तकनीकी समाधान है?

हम इस समस्या को दो तरीकों से सुलझा रहे हैं। जब कैप्टन लॉगिन करता है, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि वह व्यक्ति और उसका हेलमेट सही और मानक के अनुसार हो। हम यात्रियों से यात्रा के दौरान पूछते हैं कि क्या कैप्टन ने आपको सही हेलमेट दिया? अगर कोई ग्राहक नहीं कहता है, तो उस कैप्टन को तब तक राइड की अनुमति नहीं मिलती जब तक कि वह हमारे ऐप में स्कैन के माध्यम से सही हेलमेट पेश न करे। हम दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और अन्य प्राधिकरणों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमने गुड़गांव और दिल्ली में कई अभियान किए हैं, जैसे फ्री हेलमेट वितरण अभियान और रोड सेफ्टी ड्राइव। हमारे ट्रैकिंग सिस्टम की वजह से Rapido कैप्टन्स आम बाइक ड्राइवर्स की तुलना में अधिक सुरक्षित हैं।

Q हाल ही में कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी ने नोटिस जारी किए कि कुछ ऐप्स उपयोगकर्ता के फोन मॉडल के आधार पर अलग-अलग किराया चार्ज कर रहे हैं। आपका इस पर क्या स्टैंड है?

Rapido हमेशा निष्पक्ष और पारदर्शी प्लैटफॉर्म रहा है। हम कभी भी फोन मॉडल या अन्य किसी आधार पर अलग-अलग मूल्य नहीं लेते।

Q सर्ज प्राइसिंग इस बिजनेस का मुख्य आधार है। अब सहकारिता मॉडल भी उभर रहा है, जिसमें सर्ज प्राइसिंग पर लिमिटेशन है। लोकल ऐप्स भी आ रहे हैं। Rapido इस बदलाव से कैसे निपटेगा?

हम हमेशा इनोवेशन और बेहतर मॉडल को अपनाने के लिए तैयार हैं। अगर नए ऐप्स या सहकारिता मॉडल कैप्टन और ग्राहक के लिए फायदे लेकर आते हैं, तो हम सीखने और अपनाने के लिए हमेशा तैयार हैं।

Q दिल्ली में Rapido जल्द ही क्या नया लाने वाला है?

Scooty कैटिगरी और रैपिडो पिंक तो आएगा ही। फिलहाल लगभग 5% वाहन इलेक्ट्रिक हैं। और इसे लगातार बढ़ाया जाएगा- बाइक और ऑटो दोनों में। जल्द ही सिंगल ट्रांजैक्शन में पूरे सफर की सुविधा- घर से मेट्रो स्टेशन, मेट्रो टिकट, और मेट्रो स्टेशन से घर तक की राइड बुक होगी।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए आपने कौन से नए कदम उठाए हैं?

सबसे पहली बात है महिलाओं के लिए अलग कैटिगरी लॉन्च करना, जिसे हमने 'स्कूटी' कहा है। स्कूटी में ड्राइवर और यात्री के बीच अधिक दूरी रहती है, जिससे महिला यात्री अधिक सुरक्षित महसूस करती हैं। जल्द ही इसे दिल्ली में शुरू किया जाएगा। दूसरी महत्वपूर्ण पहल है 'Rapido Pink'। इसमें वाहन चलाने वाली कैप्टन महिला होंगी और केवल महिला ग्राहक ही इस सेवा का उपयोग कर पाएंगी। कस्टमर इमरजेंसी सपोर्ट भी 24/7 उपलब्ध है। यदि आपकी राइड अचानक 10 मिनट से अधिक समय के लिए रुकी रहती है, तो आपको पहले नोटिफिकेशन मिलता है और यदि कोई प्रतिक्रिया नहीं होती तो कॉल भी की जाती है।

नीति आयोग ने बताया, कैसे इलेक्ट्रॉनिक्स में बनेंगे टॉप

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : इलेक्ट्रॉनिक्स भारत का दूसरा बड़ा एक्सपोर्ट सेक्टर बन चुका है, लेकिन इसका फोकस काफी हद तक असेंबली आधारित मैन्युफैक्चरिंग पर बना हुआ है। दुनिया में इलेक्ट्रॉनिक्स का बड़ा केंद्र बनने के लिए भारत को कंपोनेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग और वैल्यू एडिशन पर जोर लगाना होगा। नीति आयोग ने शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही।

भारत को मैन्युफैक्चरिंग और वैल्यू एडिशन पर जोर देना होगा

आयोग ने ट्रेड वॉच क्वॉर्टरली में कहा कि ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स डिमांड में भारत का हिस्सा साल 2015 से 2024 के बीच 17.2% CAGR से बढ़ा है, जबकि इसी दौरान ग्लोबल ग्रोथ 4.4% रही। भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स एक्सपोर्ट करीब 42.1 बिलियन डॉलर का है, जबकि ग्लोबल मार्केट 4.6 ट्रिलियन डॉलर का है। भारत ने मोबाइल फोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इक्विपमेंट्स के मामले में अच्छा दमखम दिखाया है।

इसमें कहा गया कि ग्लोबल इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड बहुत हद तक पूर्वी एशिया में केंद्रित है और चीन, ताइवान, साउथ कोरिया और वियतनाम इंटीग्रेटेड सर्किट्स और सेमीकंडक्टर जैसे हाई-टेक कंपोनेंट्स बनाने में आगे हैं। वहीं, भारत मुख्य रूप से मोबाइल फोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इक्विपमेंट्स असेंबली करते हुए फिनिश्ड इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स का सप्लायर बना हुआ है। भारत में वैल्यू एडिशन, टेक्नोलॉजिकल लर्निंग और सप्लाई चेन इंटीग्रेशन के मोर्चे पर कमजोरी है। रिपोर्ट में सलाह दी गई कि भारत को कॉस्ट डिसएडवांटेज दूर करने, फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स का फायदा उठाने और स्ट्रैटेजिक कंपोनेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने की जरूरत है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स एक्सपोर्ट बढ़ सके।

UPI यूजर्स QR कोड स्कैन करके NPS खाता खोल सकेंगे: PFRDA

■ तीन पेंशन फंड कंपनियां ऐसी योजनाएं लाने पर काम कर रही हैं, जिनमें निवेशकों को पेंशन के साथ-साथ हेल्थ कवर (बीमा) की सुविधा भी मिलेगी। - PFRDA चीफ

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पेंशन रेगुलेटर (PFRDA) के चेयरमैन शिवसुब्रमण्यम रमण ने शुक्रवार को बताया कि तीन पेंशन फंड कंपनियां ऐसी योजनाएं लाने पर काम कर रही हैं, जिनमें निवेशकों को पेंशन के साथ-साथ हेल्थ कवर (बीमा) की सुविधा भी मिलेगी। रमण ने बताया कि यह हेल्थ कवर या तो बीमा कंपनियों के साथ हाथ मिलाकर दिया जाएगा या फिर सीधे अस्पतालों और हेल्थकेयर नेटवर्क के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा।

रमण ने कहा, जल्द ही केवल तीन स्टेप्स में UPI यूजर्स QR कोड स्कैन करके अपना NPS खाता खोल सकेंगे। उन्होंने कहा कि NPCI के UPI प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल 80 करोड़ से ज्यादा लोग करते हैं, जिनका बैंक के पास पहले से KYC रेकॉर्ड मौजूद है। थर्ड-पार्टी ऐप्स के जरिए लोगों को डिजिटल तरीके से आसानी से NPS से जोड़ा जा सकता है।

रमण ने बताया कि NPS खाते में अब एक खास 'हेल्थ वॉलेट' की सुविधा मिलेगी। इसके जरिए खाताधारक अस्पताल के खर्चों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस के ऊपर एक 'टॉप-अप' की तरह पैसा इस्तेमाल कर पाएंगे। यह उन बुजुर्गों के लिए एक बड़ा सहारा है जिन्हें ज्यादा उम्र की वजह से नया हेल्थ इंश्योरेंस मिलने में दिक्कत आती है।

रमण ने बताया कि NPS में सब्सक्राइबर्स को जल्द ही चॉइस दे जाएगी। जिन्हें एन्युटि नहीं चाहिए, उन्हें पेंशन पे-आउट ऑप्शन दिया जाएगा। इसमें मिनिमम एश्योर्ड रिटर्न दिया जाएगा। सेल्फ एम्प्लॉइड लोगों को NPS की तरफ मोड़ने के लिए PFRDA इसमें आसान एंट्री, मल्टिपल स्कीम फ्रेमवर्क, हेल्थ इंश्योरेंस वॉलेट जैसे ऑप्शन उपलब्ध करवाए हैं और इसे UPI से जोड़ देने पर तेजी से काम कर रहा है।

PFRDA चेयरमैन ने कहा कि रेगुलेटरी बॉडी ने अक्टूबर में शुरू किए गए मल्टीपल स्कीम फ्रेमवर्क के लिए अच्छा ट्रैक्शन देखा है और NPS के लिए डिस्ट्रीब्यूशन चैनल शायद तेजी से बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, 'कई बड़े बैंकों ने इसे एक फायदेमंद रेवेन्यू सेगमेंट के तौर पर देखा है। बड़े बैंक ज्यादा लोगों को NPS में लाएंगे।' रमण ने बताया कि AIF की तर्ज पर अन्य असेट क्लास जैसे रियल इस्टेट, प्रोजेक्ट फाइनेंस जैसे अन्य कई विकल्पों में निवेश पर भी PFRDA विचार कर रहा है।

देश

फटाफट खबरें

अमरिंदर को समन, अफसर का ट्रांसफर

■ भाषा, चंडीगढ़: ईडी ने 2016 के फेमा मामले में पूर्व पंजाब मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और उनके बेटे रणिंदर सिंह को समन जारी किया है। समन के दो दिन बाद जालंधर के जोनल प्रमुख और आईआरएस अधिकारी रवि तिवारी का चेन्नै तबादला कर दिया गया। उनकी जगह दिनेश पचौरी आएंगे। मामला विदेशी संपत्तियों और स्विस बैंक खातों से जुड़ा है।

एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपये जुर्माना

■ भाषा, मुंबई/नई दिल्ली: विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने पिछले साल कम से कम आठ मार्गों पर आवश्यक उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र के बिना एयरबस ए320 नियो विमान का संचालन करने के लिए टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया पर एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

विक्रम भट्ट की पत्नी को जमानत

■ भाषा, नई दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को प्रसिद्ध फिल्मकार विक्रम भट्ट की पत्नी श्वेतांबरी भट्ट को 30 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में जमानत देते हुए उदयपुर जेल से तत्काल रिहा करने का आदेश दिया। SC ने राजस्थान पुलिस और शिकायतकर्ता अजय मुर्डिया से 18 फरवरी तक जवाब भी मांगा।

बिश्नोई गैंग ने दी थी रणवीर को धमकी

■ आईएएनएस, मुंबई : बॉलिवुड अभिनेता रणवीर सिंह को मिली धमकी के मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। मुंबई क्राइम ब्रांच का कहना है कि बिश्नोई गैंग के खास गुर्गों में से एक हैरी बॉक्सर ने वॉयस नोट के जरिये रणवीर सिंह को धमकी भेजकर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। क्राइम ब्रांच मामले में और सबूत जुटा रही है।

ET NOW ग्लोबल बिजनेस समिट में पीएम मोदी ने गिनाई देश की उपलब्धियां

नई वैश्विक व्यवस्था को नेतृत्व और आकार दे रहा भारत : PM

THE TIMES GROUP ET NOW GBS Global Business Summit Spark Capital Bennett University

PTI

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ET NOW ग्लोबल बिजनेस समिट में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की आर्थिक तरक्की, वैश्विक साझेदारियों, निवेश के अवसर, डिजिटल परिवर्तन और विकसित भारत के रोडमैप पर अपने विचार साझा किए। पीएम ने कहा कि दुनिया नई वैश्विक व्यवस्था की ओर बढ़ रही है और भारत इस बदलाव को केवल देख नहीं रहा, बल्कि उसे नेतृत्व और आकार दे रहा है। 21वीं सदी का बीता दशक अभूतपूर्व डिसरप्शन का रहा है, लेकिन अनेक बाधाओं के बीच भी भारत के लिए यह दशक अभूतपूर्व डिवेलपमेंट का रहा। पीएम मोदी ने कहा कि आज हर देश को समझ आ गया है कि उसे अपनी मजबूती और आत्मनिर्भरता खुद बनानी होगी। भारत ने यह सोच 2015 में ही अपना ली थी, जब नीति आयोग की स्थापना हुई। पीएम ने कहा कि बीते 11 वर्षों में पूरी दृढ़ता के साथ रिफॉर्म किए हैं। पॉलिसी, प्रोसेस, डिलिवरी में बड़े सुधार हुए हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार पर समझौते में भारत किसानों के हित सुरक्षित रखने में कामयाब रहा। ऐसे सभी क्षेत्र, जहां किसानों की उपज ज्यादा है, उनको हम एफटीए से बाहर रखने में सफल रहे हैं।

पहले क्यों नहीं हुआ?

फ्री ट्रेड डील पर पीएम ने कहा कि यह काम 2014 से पहले क्यों नहीं हुआ? देश वही है, युवा शक्ति वही है, सिस्टम वही है, लेकिन बदलाव सरकार के विजन में आया है। कांग्रेस की सरकार में देश पॉलिसी पैरालिसिस से घिरा था। चारों तरफ घपले थे। मैन्युफैक्चरिंग का बेस कमजोर था। पहले की सरकारें डरती थीं।

'भारत ने हर क्षेत्र में तरक्की की'

समिट में टाइम्स ग्रुप के MD विनीत जैन ने कहा कि भारत उपलब्धियों का देश बना है। जियो पॉलिटिकल दिक्कतों के बाद भी भारत ने हर क्षेत्र में तरक्की की है। एक साल में 5 बड़ी ट्रेड डील हुई हैं। अमेरिका, यूरोपियन यूनियन, यूके, ओमान, न्यूजीलैंड के साथ व्यापार समझौते हुए हैं। ये भारत की ताकत को दिखाते हैं। पीएम की आत्मनिर्भर की अपील बहुत बड़ी सफलता साबित हुई है। 50 हजार किमी नैशनल हाइवे दस साल में बने हैं। भारत का मेट्रो नेटवर्क विश्व का तीसरा सबसे बड़ा नेटवर्क है, जो 1000 किमी से ज्यादा है। भारत की डिजिटल क्रांति शानदार है।

अब करदाताओं को मिलेगी वर्चुअल सुनवाई की सुविधा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : प्रदेश के बड़े करदाताओं को वर्चुअल सुनवाई की सुविधा दी जाएगी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत राज्य कर विभाग ये कदम उठाएगा। संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट) और संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर) स्तर पर लागू होने वाली वर्चुअल सुनवाई की यह प्रक्रिया 20 फरवरी से शुरू होगी।

प्रमुख सचिव बोले, 20 फरवरी से शुरू होगी प्रक्रिया

राज्य कर विभाग की प्रमुख सचिव कामिनी रतन चौहान ने बताया कि इस पहल के अंतर्गत प्रदेश के सभी संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट) एवं संयुक्त आयुक्त (कारपोरेट सेल-ऑयल सेक्टर) स्तर पर पंजीकृत करदाताओं की व्यक्तिगत सुनवाई को सामान्य परिस्थितियों में अनिवार्य रूप से वर्चुअल सुनवाई के रूप में आयोजित किया जाएगा। आयुक्त, राज्य कर डॉ.नितिन बंसल ने बताया कि राज्य कर विभाग में कारपोरेट सर्किल का गठन बड़े करदाताओं को बेहतर और सुगम सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से किया गया है।

चार साल के टीचर एजुकेशन प्रोग्राम की सीटें तीन गुना बढ़ीं

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

AI Image

■ नई दिल्ली : चार साल के टीचर एजुकेशन प्रोग्राम की सीटों में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। 2025 में फोर ईयर ईयर इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (ITEP) जहां 77 कॉलेजों, संस्थानों में चलता था, वहीं 2026 में अभी तक 223 कॉलेजों की लिस्ट फाइनल हो गई है। इस लिस्ट में कुछ और संस्थान जुड़ेंगे। सीटों की संख्या में भी तीन गुना का इजाफा हुआ है।

2025 में 77 कॉलेजों में चलने वाले ITEP कोर्स की 6100 सीटें थीं, जो अब 16950 हो गई हैं। डीयू के कई नामी कॉलेजों में इस वर्ष यह कोर्स शुरू होगा, जिसमें लेडी श्री राम कॉलेज, मिरांडा हाउस, गार्गी कॉलेज, अदिति महाविद्यालय शामिल हैं। डीयू के इंस्टिट्यूट ऑफ होम इकोनॉमिक्स-हौजखास में भी यह कोर्स शुरू हो रहा है। माता सुंदरी कॉलेज, श्याम प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में ये कोर्स पहले से है। डीयू के एजुकेशन डिपार्टमेंट नॉर्थ कैंपस, साउथ कैंपस कॉलेज में भी यह कोर्स पढ़ाया जाता है। इग्नू, डॉ. बी. आर. आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली, जामिया मिल्लिया इस्लामिया में भी कोर्स पढ़ाया जाता है। द्वारका की आईपी यूनिवर्सिटी भी इस टेस्ट से जुड़ी है। कई सेंट्रल यूनिवर्सिटीज में भी इस टेस्ट के आधार पर एडमिशन होगा। आईआईटी खड़गपुर, आईआईटी रोपड़, आईआईटी जोधपुर के अलावा कई एनआईटी भी शामिल हैं। प्रो. पंकज अरोड़ा का कहना है कि इस प्रोग्राम की मांग पूरे देश में बढ़ी है।

क्या है शेड्यूल?

- nta.ac.in और exams.nta.nic.in/ncet पर 10 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- 17 अप्रैल को एंट्रेंस टेस्ट होगा। तीन घंटे का पेपर 13 भाषाओं में होगा।
- सही जवाब के लिए 4 नंबर दिए जाएंगे, गलत जवाब देने पर एक नंबर काटा जाएगा।

देहरादून में अब दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

PTI

जांच करती टीम

15 दिनों के भीतर दिनदहाड़े तीसरे मर्डर से देहरादून में सनसनी फैल गई। राजपुर रोड स्थित सिल्वर सिटी मॉल में जिम से निकलते वक्त शुक्रवार सुबह करीब 10:15 बजे पहले से घात लगाए हथियारबंद बदमाशों ने प्रॉपर्टी डीलर विक्रम शर्मा की गोली मारकर हत्या कर दी। उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं। सिर में गोली लगने मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मूल रूप से झारखंड के जमशेदपुर का रहने वाला विक्रम प्रॉपर्टी और खनन से जुड़े काम करता था। पुलिस इसे आपसी रंजिश या गैंगवार के एंगल से भी देख रही है। वारदात के बाद एसएसपी देहरादून अजय सिंह को हटाकर हरिद्वार एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल को देहरादून में तैनाती दी गई है।

15 दिनों में तीसरी वारदात, एसएसपी हटाए गए

50 से ज्यादा केस

विक्रम शर्मा का उत्तराखंड के काशीपुर में स्टोन क्रशर का कारोबार था। पुलिस रेकॉर्ड के अनुसार, उस पर 50 से ज्यादा केस दर्ज हैं। कई आपराधिक गतिविधियों में उसका नाम था।

निकाल नहीं पाए पिस्टल

जिम के बाहर निकलते हुए विक्रम के पास एक पिस्टल भी थी, जो पुलिस ने बरामद की है। हमला इतनी जल्दी हुआ कि विक्रम को हथियार इस्तेमाल करने का वक्त ही नहीं मिला।

'SIR रिकॉर्ड 5 साल तक सहेजकर रखें'

■ भाषा, कोलकाता: मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़े सभी रिकॉर्ड पांच साल तक सुरक्षित रखे जाएं। उन्होंने त्रुटियों या जानबूझकर की गई चूक के लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले अफसरों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

एपस्टीन फाइलों में नाम, बदला चेयरमैन

■ एपी, काहिरा : वैश्विक लॉजिस्टिक्स कंपनी डीपी वर्ल्ड ने सुल्तान अहमद बिन सुलेयम की जगह एसा काजिम (Essa Kazim) को नया चेयरमैन बनाया है। हालांकि, दुबई सरकार के मीडिया ऑफिस की ओर से हुए ऐलान में सुल्तान अहमद बिन सुलेयम का नाम नहीं लिया गया। सुलेयम का नाम एपस्टीन से जुड़े दस्तावेज में सामने आया था।

CBI मणिपुर हिंसा की रिपोर्ट 2 हफ्ते में दे: SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर जातीय हिंसा से संबंधित 11 FIR की जांच कर रही सीबीआई को दो सप्ताह के भीतर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र और मणिपुर सरकार से यह भी कहा कि राज्य में जातीय हिंसा के पीड़ितों के पुनर्वास और कल्याण के संबंध में जस्टिस गीता मित्तल समिति की सिफारिशों को लागू करना सुनिश्चित करें।

SC बोला, केंद्र, राज्य सरकार पुनर्वास की व्यवस्था करें

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने सुझाव दिया है कि हिंसा मामलों के मुकदमों और संबंधित प्रगति की निगरानी सुप्रीम कोर्ट के बजाय अधिकार-क्षेत्र वाले मणिपुर हाई कोर्ट या गुवाहाटी हाई कोर्ट या फिर दोनों करें। वकीलों से दो सप्ताह में इस संबंध में निर्देश लेकर आने को कहा।

हाल ही में दिवंगत हुई एक महिला पीड़िता की ओर से पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर ने कहा कि उनकी जगह उनकी मां को पक्षकार बनाया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सीबीआई ने उन्हें यह भी सूचित नहीं किया कि उनके रेप मामले में आरोपपत्र दाखिल किया गया है। ग्रोवर ने कहा कि कुकी समुदाय की वह महिला पिछले महीने एक बीमारी से चल बसी, जो कथित रूप से गैंगरेप के बाद झेले गए आघात से जुड़ी थी। उन्होंने आरोप लगाया, 'मैंने ट्रायल कोर्ट की रिपोर्ट देखी है, मुख्य आरोपी उपस्थित नहीं हो रहे हैं। सीबीआई भी मौजूद नहीं है।' इस पर केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ग्रोवर जो कह रही हैं, उसका कोई विरोध नहीं कर सकता। पीड़िता के अधिकार प्रभावित नहीं होने चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा कि सीबीआई को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने दें। जब अधिवक्ता निजाम पाशा ने कहा कि गुवाहाटी हाई कोर्ट पहले से ही मुकदमों की निगरानी कर रहा है, तो बेंच ने कहा कि माहौल को ध्यान में रखते हुए वह आदेश पूरी तरह उचित था।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

'उम्मीद करें कि न्याय मिलेगा'

चीफ जस्टिस ने कहा कि हम मणिपुर और गुवाहाटी हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से समन्वय करने और यह देखने को कह सकते हैं कि पीड़ितों के बयान किस प्रकार दर्ज किए जाएं। इन परिस्थितियों में पीड़ितों को मुफ्त विधिक सहायता दी जानी चाहिए। यदि पूर्व में तनावपूर्ण माहौल के कारण विधिक सहायता अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, तो गुवाहाटी बार से अधिवक्ताओं को भेजा जा सकता है। मामले की जांच सीबीआई कर रही है और उम्मीद की जानी चाहिए कि कोर्ट की निगरानी में पीड़ितों को न्याय मिलेगा।

टीचर का मीम बनाया? छात्र को SC से राहत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : कथित रूप से शिक्षकों के संबंध में आपत्तिजनक मीम शेयर करने के आरोप में रस्टिकेट इंदौर के नाबालिग छात्र को दसवीं की परीक्षा में बैठने की अनुमति मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इसकी इजाजत देते हुए CISCE को उसका एडमिट कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा, 'एक स्कूल के रूप में आपको बच्चे को सुधारने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए थी, लेकिन आपने यह कहकर कि वह 'खराब लड़का' है, उसे बाहर कर दिया।' जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने कहा कि छात्र पहले ही CISCE के साथ परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कर चुका है। उसे अनुमति नहीं दी गई तो उसका एक साल खराब हो जाएगा।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG11 User: cci Time: 02-14-2026 00:08 Color:

श्रीलंका की पिच स्पिनर्स के लिए मददगार है और भारत का तीन स्पिनर्स के साथ खेलने का इतिहास रहा है। उम्मीद है कि कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ कुलदीप को इलेवन में शामिल किया जाएगा। - *सुनील गावस्कर, पूर्व कप्तान, भारत*

33

मैच खेले हैं महेंद्र सिंह धोनी ने टी20 वर्ल्ड कप में कप्तान के तौर पर। यह एक रेकॉर्ड है। दूसरे नंबर पर केन विलियमसन (21) हैं

प्रेमदासा की धीमी पिच पर दोनों तरफ के 'मिस्ट्री स्पिनर' लेंगे परीक्षा

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** क्रिकेट की दुनिया को अब संडे का इंतजार है जब भारत और पाकिस्तान यहां के प्रेमदासा स्टेडियम में एक-दूसरे से टकराएंगे। दोनों तरफ के 'थिंक टैंक' के लिए सबसे बड़ी पहेली यही होगी कि यहां की धीमी पिच पर 'मिस्ट्री स्पिनर्स' का तोड़ कैसे निकालें। दोनों खेमों के बैटर्स अपने सामने पड़ने जा रहे रहस्यमयी बोलर्स का विडियो जरूर देख रहे होंगे। भारत की तरफ वरुण चक्रवर्ती हैं, तो पाकिस्तानी टीम अबरार अहमद और उस्मान तारिक के साथ उतरेगी। इन बोलर्स ने प्रेमदासा में ऑस्ट्रेलिया और जिंबाब्वे के बीच खेला गया मैच देखा होगा तो वे संडे को यहां होने वाले मैच से पहले काफी उत्साहित होंगे। यहां जिंबाब्वे के बोलर्स ने धीमी गेंदों का इस्तेमाल कर ऑस्ट्रेलिया पर 23 रन से उलटफेर भरी जीत हासिल की।

बाबर के लिए यह बुरी खबर: पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान चक्रवर्ती की 'साइडस्पिन' से 'ओवरस्पिन' करने से उनमें सुधार हुआ। कोण में हल्के बदलावों के साथ चक्रवर्ती कई दूसरे स्पिनर्स की तुलना में तेजी से भी बोलिंग (औसत 95 किमी प्रति घंटा) करते हैं। हालांकि, यह ट्रैक उन्हें रफ्तार धीमी करने पर मजबूर कर सकता है। यह बाबर आजम जैसे बैटर के लिए अच्छा नहीं है, जो चौथे नंबर पर बैटिंग करते हैं और चक्रवर्ती की गेंदों पर संघर्ष करते रहे हैं। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अब भी शुरू से ही संघर्ष कर रहे हैं।

'पॉज ऐंड स्लिंग' वाला बोलर: उधर, पाकिस्तान के पास चक्रवर्ती का जवाब हैं तारिक। उनकी 'पॉज ऐंड स्लिंग' गेंद डालने के तरीके ने क्रिकेट के गलियारों में पहले ही काफी चर्चा शुरू कर दी है। अब संडे को यह ऑफ-स्पिनर भारत के मजबूत बैटिंग ऑर्डर को रोकना चाहेगा। पाकिस्तान सुपर लीग में तारिक की टीम क्वेटा ग्लैडिएटर्स के नबील हाशमी ने कहा, 'उनका ऐक्शन उन्हें गेंद को बल्लेबाज की 'आई लाइन' से नीचे रखने में मदद करता है। इसलिए उन्हें हिट करना आसान नहीं है। यह लगभग ऐसा है जैसे आप हर गेंद पर यॉर्कर खेल रहे हों।' अबरार को थोड़ा कमतर आंका जा रहा है। भारतीय बैटर उनके खिलाफ खेल भी चुके हैं। हालांकि, प्रेमदासा की पिच पर यह फिरकीबाज भी मुश्किल पेश कर सकता है।

टीम इंडिया की चिंता: नामीबिया की टीम के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस की अपरंपरागत स्पिन बोलिंग के सामने भारतीय बैटर मुश्किल में नजर आए। ऐसे में उन्हें उस्मान की इसी तरह की बोलिंग के खतरे से निपटने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। इरास्मस और तारिक दोनों ही मूल रूप से ऑफ स्पिन बोलिंग करते हैं और उसमें असामान्य विविधताओं का इस्तेमाल करते हैं। इरास्मस ने गुरुवार रात को राउंड आर्म ऐक्शन से काफी गेंदें डालीं और उनकी कुछ गेंदों ने भारतीय बैटर्स को चकमा दिया।

वरुण चक्रवर्ती

भारत-पाकिस्तान महामुकाबला



प्रेमदासा की पिच स्पिनर्स को अच्छी मदद देती है। आपको बस गेंद को सही जगह पिच करनी है और बाकी काम यहां का ट्रैक कर देगा। *उपुल थरंगा, पूर्व स्पिनर, श्रीलंका*

उस्मान तारिक

उस्मान को लेकर अश्विन की सलाह

दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पाकिस्तान के ऑफ स्पिनर उस्मान तारिक की अनूठी साइड आर्म ऐक्शन से की गई गेंदों का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों के लिए एक सरल सुझाव दिया है। तारिक की रुक-रुक कर बोलिंग करने की शैली काफी चर्चा में है। उन्होंने अब तक केवल चार टी20 इंटरनैशनल मैच खेले हैं और प्रति ओवर छह रन से भी कम की इकॉनमी से 11 विकेट लिए हैं। अश्विन ने कहा, 'अगर बोलर गेंद डालने से पहले थोड़ा रुक जाता है, तो बैटर को दूर हटने का अधिकार है। वह कह सकता है कि 'मुझे लगा कि वह रुक रहा है।' यह एक दिलचस्प मामला होगा और अंपायर के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर देगा। अगर मैं वहां होता तो मैं भी यही करता। मैच जीतने के लिए नियमों के दायरे में रहकर हर संभव प्रयास करना चाहिए। मैं बस इतना कहता कि मुझे नहीं पता कि वह गेंद कब छोड़ेगा और मैं एक तरफ हट जाता। अगर मैं हट जाता हूं, तो यह अंपायर की जिम्मेदारी होगी।"

वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है

1. मेंस टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में जिंबाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को कितनी बार शिकस्त दी है?
A) 2 B) 1 C) 5 D) 3

2. मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा ले रही कनाडा की टीम के कप्तान कौन हैं?
A) श्रेयस मोवा B) जसकरण सिंह C) दिलप्रीत बाजवा D) डिलन हेलिगर

कल के जवाब
1. A) दासुन शनाका 2. C) मैथ्यू हेडन

लकी WINNERS

1 संयुक्ता डिकेवाल, नजफगढ़, दिल्ली

2 विमलेश यादव, इंदिरापुरम, यूपी

3 दिनेश प्रभुनाथ, जोगेश्वरी ईस्ट

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

ऑक्शन में 170 गोल्फर

■ **नई दिल्ली:** भारतीय पेशेवर गोल्फ टूर (PGTI) की प्रमुख लीग '72 द लीग' की पहली ऑक्शन सोमवार को यहां होगी। इस ऑक्शन में 11 देशों के 170 प्रफेशनल गोल्फर हिस्सा लेंगे। लीग में कुल 60 स्थान उपलब्ध हैं और छह फ्रेंचाइजी अपनी-अपनी टीमों के लिए 10 खिलाड़ियों का चयन करेंगी। नीलामी की कुल राशि छह करोड़ रुपये है। लीग 21 फरवरी से शुरू होकर छह मार्च तक चलेगी।

रियान RR के कप्तान

■ **नई दिल्ली:** इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 के लिए राजस्थान रॉयल्स ने 24 वर्षीय रियान पराग को टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। पूर्व कप्तान संजू सैमसन के चेन्नै सुपरकिंग्स में ट्रेड होने के बाद यह फैसला लिया गया। पराग इससे पहले IPL 2025 में स्टैंड-इन कप्तान रह चुके हैं और टीम के सबसे युवा कप्तान बने थे।

सतेंद्र का कारनामा

■ **नई दिल्ली:** मध्य प्रदेश के सतेंद्र सिंह लोहिया ने न्यूजीलैंड के कुक जलडमरूमध्य को पार कर इतिहास रच दिया है। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले एशिया के पहले पैरा-स्विमर बन गए हैं। 38 वर्षीय लोहिया ने 23.6 किलोमीटर की दूरी नौ घंटे 22 मिनट में पूरी की। पद्मश्री से सम्मानित लोहिया ने कठिन समुद्री परिस्थितियों में यह कारनामा कर देश को गौरवान्वित किया।

कभी नंगे पैर बोलिंग करने वाले पेसर बने जीत के हीरो

जिंबाब्वे को जीत की 'ब्लेसिंग'

4 ओवर
13 डॉट्स
17 रन
4 विकेट

2 मैच खेले गए हैं ऑस्ट्रेलिया और जिंबाब्वे के बीच मेंस टी20 वर्ल्ड कप में और दोनों में ही जिंबाब्वे ने ही जीत दर्ज की है

4 विकेट लिए 17 रन देकर ब्लेसिंग मुजरबानी ने इस मैच में जो मेंस टी20 वर्ल्ड कप में जिंबाब्वे के किसी बोलर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है

मैं इस जीत से बहुत खुश हूं और गौरवान्वित भी। बड़े भाई की तरह महसूस कर रहा हूं, जिसके छोटे भाई मिलकर इतना कुछ हासिल कर रहे हैं। टीम के माहौल, एकता और संस्कृति के कारण ही यह हो सका। - *सिकंदर रजा, कार्यवाहक कप्तान, जिंबाब्वे*

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** ओपनर ब्रायन बेनेट की 64* रन की पारी के बाद पेस बोलर ब्लेसिंग मुजरबानी और ब्रैड इवांस की घातक बोलिंग की मदद से जिंबाब्वे ने पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराकर टी20 वर्ल्ड कप में बड़ा उलटफेर किया। बचपन में कभी नंगे पैर बोलिंग करने वाले छह फीट आठ इंच लंबे ब्लेसिंग के प्रदर्शन से दिग्गज सचिन तेंडुलकर इतने खुश हुए कि उन्होंने लिखा, 'ब्लेसिंग असल मायनों में अपने नाम की तरह ही ब्लेसिंग साबित हुए, शानदार चार विकेट की बोलिंग के साथ।'

जिंबाब्वे ने पहले बैटिंग के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दो विकेट पर 169 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया की टीम 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर हो गई। 'प्लेयर ऑफ द मैच' मुजरबानी ने 17 रन देकर चार और इवांस ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मैट रेनशॉ ने 44 गेंद पर 65 रन (5 चौके, 1 छक्का) बनाए।

बेनेट ने रखी नींव: चोटिल खिलाड़ियों की समस्या से जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के इस हार से समीकरण बिगड़ गए हैं, जबकि जिंबाब्वे लगातार दूसरी जीत से चार अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। जिंबाब्वे ने इससे पहले साल 2007 के टी20 वर्ल्ड कप में भी ऑस्ट्रेलिया को हराया था। बेनेट ने 56 गेंदों पर सात चौके लगाकर जिंबाब्वे के लिए मजबूत स्कोर की नींव रखी। टीम ने 15 ओवर तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम ओवरों में वापसी की और आखिरी पांच ओवरों में केवल 44 रन ही दिए। कप्तान सिकंदर 13 गेंदों पर 25 रन बनाकर नॉट आउट रहे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने पहले पांच ओवर के अंदर ही 29 रन पर चार विकेट गंवा दिए। ट्रेविस हेड (17) पांचवें ओवर में आउट हो गए। ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में 4 विकेट पर सिर्फ 38 रन बनाए।

मैट-ग्लेन ने किया संघर्ष

रेनशॉ और ग्लेन मैक्सवेल (32 गेंद पर 31 रन) ने इसके बाद विकेट बचाए रखने को प्राथमिकता दी और पांचवें विकेट के लिए 59 गेंद में 77 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 11 ओवर तक चार विकेट पर 72 रन था। मैक्सवेल ने इसके बाद वेलिंगटन मासाकाद्जा पर सिक्स लगाकर अपने हाथ खोले। इसके बाद लेग स्पिनर रयान बर्ल ने मैट थामी और अपने पहले ओवर में ही मैक्सवेल को बोल्ड कर दिया।

ब्रीफ स्कोर

जिंबाब्वे: 20 ओवर्स में 169/2 (ब्रायन बेनेट 64*, तादिवानाशे मारुमानी 35, रयान बर्ल 35, कैमरन ग्रीन 1/6)
ऑस्ट्रेलिया: 19.3 ओवर्स में 146 (मैट रेनशॉ 65, ग्लेन मैक्सवेल 31, ब्लेसिंग मुजरबानी 4/17, ब्रैड इवांस 3/23)

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

ऑस्ट्रेलिया के लिए मुश्किलें बढ़ीं

इस हार से ऑस्ट्रेलिया की सुपर-8 की राह थोड़ी मुश्किल हो गई है। उसे अब ग्रुप स्टेज में श्रीलंका और ओमान के खिलाफ बचे हुए दो मैच जीतकर पहले छह अंक जुटाने होंगे। उससे कम अंक पर उसका क्वॉलिफाई करने की संभावना नहीं बचेगी। लेकिन, केवल दोनों मैचों में जीत ही पर्याप्त नहीं होगा, चूंकि जिंबाब्वे से हार के बाद उसका नेट रन रेट भी कम हो गया है। अगर एक से ज्यादा टीमें छह अंक जुटाती हैं, तो सुपर-8 में एंट्री नेट रन रेट के आधार पर होगी। इसलिए ऑस्ट्रेलिया को केवल जीत नहीं, बल्कि बड़ी जीत चाहिए होगी।

कनाडा से टक्कर में भारी पड़ा यूएई

Abhishek.Upadhyay1
@Timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** आर्यांश शर्मा (74) और शोएब खान (51) की 84 रन की निर्णायक साझेदारी तथा 'प्लेयर ऑफ द मैच' जुनैद सिद्दीकी की धारदार गेंदबाजी से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने कनाडा को पांच विकेट से हराकर टी20 विश्व कप में पहली जीत दर्ज की। कनाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हर्ष ठक्कर (50) और नवनीत धालीवाल (34) की पारियों से 150/7 स्कोर बनाया।

सिद्दीकी का परफेक्ट स्टार्ट: सिद्दीकी ने पावरप्ले में विपक्षी कप्तान दिलप्रीत बाजवा (11), युवराज सामरा (5) और निकोलस किरटन (4) को आउट कर कनाडा को बैकफुट पर धकेला। हर्ष और नवनीत ने 58 रन जोड़कर पारी संभाली, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। लक्ष्य का पीछा करते हुए यूएई ने 66 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद आर्यांश ने 53 गेंद में 6 चौके और 3 छक्के जड़े, जबकि शोएब ने 29 गेंद में 4 चौके और 4 छक्के ठोक मुकाबला पलट दिया। दो मैच में दो अंक के साथ यह ग्रुप-डी में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

आर्यांश शर्मा (बाएं) और शोएब खान

जीत का इंडिया कनेक्शन

यूएई के लिए मैच के हीरो रहे आर्यांश और शोएब दोनों का भारतीय कनेक्शन है। आर्यांश का जन्म भारत स्थित गाजियाबाद में हुआ था। जब वह दो साल के थे, तब उनका परिवार में यूएई चला गया था। आर्यांश ने यूएई में ही अपनी पढ़ाई-लिखाई की। शोएब का भारतीय कनेक्शन ज्यादा स्ट्रॉन्ग है। उनका जन्म बिहार स्थित गयाजी में हुआ था। क्रिकेट में उनकी बहुत रुचि थी, लेकिन वह बिहार रणजी टीम में जगह नहीं बना पाए। जिसके बाद उन्होंने प्रफेशनल क्रिकेटर करियर को नया आयाम देने के लिए यूएई की ओर रुख किया। लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद उनको यूएई की नैशनल टीम में सिलेक्ट किया गया।

पाक के खिलाफ खेलने को तैयार हैं अभिषेक: वरुण

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि पेट के इंफेक्शन से उबर रहे ओपनर अभिषेक शर्मा संडे को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के मुकाबले में खेलने के लिए पूरी तरह फिट दिख रहे हैं। अभिषेक अस्वस्थ होने के कारण गुरुवार को नामीबिया के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। वरुण ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह अगला मैच खेलेंगे। मुझे उनकी स्थिति के बारे में पूरी तरह नहीं पता। लेकिन, मैंने उनसे बात की है, वह अच्छी स्थिति में लग रहे हैं। उन्होंने कुछ अभ्यास भी किया। उन्होंने बताया कि वह वापसी की प्रक्रिया में हैं।' भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस के समय कहा था कि अभिषेक पूरी तरह फिट होने से पहले एक या दो मैच से बाहर रह सकते हैं। अभिषेक की अनुपस्थिति में संजू सैमसन ने ईशान किशन के साथ पारी की शुरुआत की थी।

अभिषेक शर्मा

साईतेजा की पारी से खुला अमेरिकी जीत का खाता

■ **एजेंसियां, चेन्नै:** साईतेजा मुक्कमल्ला (79 रन), हरमीत सिंह (4/21) और शैडली वान शाल्कविक (3/21) की बदौलत अमेरिका ने मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। उन्होंने शुक्रवार को नीदरलैंड्स को 93 रन की बड़ी हार सौंपी। पहले बैटिंग करते हुए अमेरिका साईतेजा के अर्धशतक और अंत में शुभम रंजने की नाबाद 48 रन की पारी की मदद से छह विकेट पर 196 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मुक्कमल्ला की 51 गेंद की पारी में पांच चौके और चार छक्के जड़े थे। उन्होंने कप्तान मोनांक पटेल (36) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 रन और मुंबई के पूर्व ऑलराउंडर रंजने (24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ चौथे विकेट के लिए 54 रन जोड़े।

मुक्कमल्ला की बल्लेबाजी की खासियत उनके 'ऑफ-साइड' पर लगाए गए शॉट रहे जिसमें कवर्स के ऊपर लगे छक्के शामिल थे। जवाब में नीदरलैंड्स की पारी पूरी तरह फेल हो गई। नीदरलैंड्स के बैटर्स के पास अमेरिका के हरमीत और शैडली की गेंदों का कोई जवाब नहीं था। नीदरलैंड्स के लिए बास डी लीडे ने संघर्ष करते हुए सर्वाधिक 23 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने कुछ देर तक एक छोर संभाला और 20 रन बनाए। टीम 15.5 ओवर्स में 103 रन पर आउट हो गई।

720 रन बनाए लिए हैं टी20I करियर में साईतेजा ने

ब्रीफ स्कोर

अमेरिका: 20 ओवर्स में 6 विकेट पर 196 रन (साईतेजा मुक्कमल्ला 79, शुभम रंजने 48*, बास डि लीडे 3/37)

निरंतरता की मिसाल बन रहे साईतेजा

साईतेजा ने अमेरिका के लिए केवल 20 टी20I खेले हैं, लेकिन वह अभी ही इस टीम की मुख्य धुरी बन गए हैं। उन्होंने अपने टी20I करियर में 720 रन बनाए लिए हैं, जो अमेरिका के लिए पांचवें सर्वाधिक है। टॉप-5 में उनके अलावा सिर्फ एंड्रीज गौस (770 रन) ने ही 30 से कम मुकाबले खेले हैं। टी20I में कुल 536 बैटर्स ने 500+ रन बनाए हैं, उसमें से केवल पांच बैटर्स ने 40+ औसत और 150+ स्ट्राइक रेट से ये आंकड़ा हासिल किया है। साईतेजा भी इस सूची का हिस्सा हैं।

चोटिल टेलर बाहर हुए, कुरन को मिली जगह

■ **एजेंसियां, कोलंबो:** जिंबाब्वे के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन टेलर चोट के कारण टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम में बेन कुरन को शामिल किया गया है। चालीस वर्षीय टेलर 9 फरवरी को ओमान के खिलाफ खेले गए मैच में चोटिल होने के कारण मैदान से लंगड़ाते हुए बाहर चले गए थे। मेंस टी20 वर्ल्ड कप-2026 की टूर्नामेंट की तकनीकी समिति ने टॉप ऑर्डर बल्लेबाज बेन कुरन को टेलर की जगह लेने की मंजूरी दी।

आयरिश कप्तान स्टर्लिंग भी बाहर: आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग घुटने की चोट के कारण टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए। स्टर्लिंग की जगह सैम टॉपिंग को टीम में शामिल किया गया है।

वर्ल्ड कप अपडेट

जिंबाब्वे के ब्रेंडन टेलर

दबदबे के लिए टकराएंगे प्रोटियाज-कीवी

■ **एजेंसियां, अहमदाबाद:** न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका का सुपर-8 में पहुंचना तय है और ऐसे में शनिवार को जब दोनों टीम आमने-सामने होंगी तो उनका लक्ष्य टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-डी में टॉप पोजिशन हासिल करने की अपनी कोशिशों को अमली जामा पहनाना होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीते हैं। न्यूजीलैंड ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान और यूएई पर एकतरफा जीत दर्ज की है। दूसरी ओर, साउथ अफ्रीका ने दबाव में संयम बनाए रखते हुए अपनी आक्रामक क्षमता का बेहतरीन नमूना पेश किया है। उन्होंने कनाडा के खिलाफ अटैकिंग जीत दर्ज की। हालांकि उसे अफगानिस्तान के खिलाफ डबल सुपर ओवर तक खिंचे मैच में जीत हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंकनी पड़ी।

अफ्रीका के कप्तान मार्करम

इंग्लैंड को चाहिए बड़ी जीत

कोलकाता: अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रही इंग्लैंड की टीम को अगर सुपर-8 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवित रखना है तो उसे स्कॉटलैंड के खिलाफ शनिवार को ग्रुप-सी के मैच में बड़ी जीत हासिल करनी होगी। वेस्टइंडीज ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, इटली और इंग्लैंड तीनों ने एक-एक जीत हासिल की है। स्कॉटलैंड दूसरे स्थान पर है। इसलिए शनिवार को होना वाला मैच दूसरे स्थान की दौड़ में किसी भी टीम को निर्णायक बढ़त दिला सकता है।

आयरलैंड का दावा मजबूत

कोलंबो: आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ होने वाले ग्रुप-बी मैच में जीत हासिल करके सुपर-8 की धूमिल होती उम्मीदों को जीवित रखना चाहेगी। लगातार दो हार और कप्तान पॉल स्टर्लिंग के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद उसकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। इस झटके के बावजूद आयरलैंड की टीम ओमान के खिलाफ जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। ओमान की टीम में अधिकतर भारतीय और पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ी शामिल हैं।

टेलिकास्ट: आयरलैंड-ओमान मैच सुबह 11 बजे से, इंग्लैंड-स्कॉटलैंड की भिड़ंत दोपहर 3 बजे से, न्यूजीलैंड-साउथ अफ्रीका की टक्कर शाम 7 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

भारत के शूटर्स ने किया एक और क्लीन स्वीप

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** एशियन शूटिंग चैंपियनशिप के अंतिम दिन भारत ने स्वर्णिम अंत किया। स्टार शूटर अमनप्रीत सिंह ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल इवेंट में 589 पॉइंट्स के साथ व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीता। इस इवेंट में सिल्वर भी भारत के गुरप्रीत सिंह (584) और ब्रॉन्ज अंकुर गोयल (570) ने जीता। अमन, गुरप्रीत, अंकुर की तिकड़ी ने टीम इवेंट में भी गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विमिंस 50 मीटर राइफल प्रोन में सिफ्त कौर और सामरा ने सिल्वर और तेजस्विनी सावंत ने ब्रॉन्ज जीता। सामरा, सावंत और मानिनी कौशिक ने टीम इवेंट में गोल्ड मेडल पक्का किया। भारत ने इस चैंपियनशिप का समापन कुल 33 मेडल (13 गोल्ड, 11 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज) के साथ किया।

एशियन शूटिंग चैंपियनशिप

गोल्ड मेडल के साथ अमनप्रीत

अब चौबीसों घंटे मैं सिर्फ मज़ाक नहीं करता: ईशान

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने स्वीकार किया कि अपने व्यक्तित्व में बदलाव ने उन्हें एक बेहतर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नामीबिया के खिलाफ जीत में 24 गेंदों में 61 रन बनाने वाले किशन ने कहा, 'सच कहूं तो मुझे लगता है कि मैं अब काफी बदल गया हूं। मैं अब पहले की तरह बहुत अधिक मजाक नहीं करता। मुझे चुटकुले और इस तरह की चीज पसंद हैं, लेकिन अब मैं हर समय ऐसा नहीं करता हूं और दो-तीन घंटे के लिए ही ऐसा करता हूं।' किशन ने कहा, 'मैं अभी सिर्फ बल्लेबाजी और विकेटकीपिंग पर ध्यान दे रहा हूं, जिससे टीम और मुझे दोनों को फायदा होगा। बाकी सब चीजें गौण हैं, इसलिए मैं हमेशा मजाक नहीं करता।' किशन ने अब अधिक निरंतरता हासिल कर ली है।

वर्ल्ड कप रिऐक्शंस

ईशान किशन

रन गति पर अंकुश लगाना चाहते थे गेरहार्ड

नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने भारत के खिलाफ शिकस्त के बाद कहा कि तूफानी शुरुआत के बाद वे खेल को धीमा करना चाहते थे। भारत ने 7 ओवर में 104 बनाकर तूफानी शुरुआत की थी लेकिन ऑफ स्पिनर इरास्मस (4/20) की अगुआई में गेंदबाजों ने नामीबिया को वापसी दिलाई। इरास्मस ने कहा, 'बीच के ओवर्स में खेल को धीमा करना हमेशा हमारी योजना का हिस्सा था। इसलिए हमारा हथियार मुकाबले को धीमा करना था।

बैडमिंटन में बदलेगा स्कोरिंग सिस्टम!

■ **एजेंसियां, कुआलालंपुर:** बैडमिंटन वर्ल्ड महासंघ (BWF) परिषद ने '3x15 स्कोरिंग प्रणाली' को खेल का आधिकारिक फॉर्मेट बनाने का प्रस्ताव रखा है। इस पर 25 अप्रैल को डेनमार्क के होर्सेन्स में होने वाली वार्षिक आम बैठक (AGM) में मतदान होगा। परिषद ने 8 नवंबर की बैठक में निष्कर्ष निकाला था कि 3x15 फॉर्मेट मैच के रोमांच, प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता, खिलाड़ियों के कल्याण और टूर्नामेंट प्रस्तुति के बीच बेहतर संतुलन स्थापित करता है। इस प्रणाली का परीक्षण चयनित राष्ट्रीय और ग्रेड-तीन प्रतियोगिताओं व गुवाहाटी जूनियर्स 2025 में किया जा चुका है। BWF अध्यक्ष खुनयिंग पताया लीसवाद्त्रकूल ने कहा, 'हमारी जिम्मेदारी है कि बैडमिंटन हर स्तर पर आगे बढ़े और प्रेरित करता रहे।

अप्रैल में होगी बैठक

भारतीय टीम को कोलंबो के हालात के हिसाब से जल्द ढलना होगा: अंजुम

Sanjeev.Kumar11
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा इन दिनों क्रिकेट कॉमेंट्री में अपनी दमदार पहचान बना चुकी हैं। संडे को होने वाले भारत-पाकिस्तान महामुकाबले पर उनकी भी नजर है। NBT से विशेष बातचीत में अंजुम ने कहा कि इसमें दो राय नहीं कि भारतीय टीम बहुत अच्छी है। वह भारतीय जीत को लेकर 'कॉन्फिडेंट' हैं, लेकिन 'ओवर कॉन्फिडेंट' नहीं क्योंकि इस फॉर्मेट में कुछ भी हो सकता है। अंजुम की बस एक ही चिंता है कि भारत को वहां पहुंचकर परिस्थितियों से ढलने के लिए कम समय मिलेगा।

एक्सपर्ट की राय

भारतीय विमिंस क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान और कॉमेंटेटर अंजुम चोपड़ा

अंजुम ने कहा, 'पाकिस्तान की टीम कोलंबो में पिछले कुछ दिनों से है और दो मैच भी खेल चुकी है। हालांकि, अगर भारतीय टीम में भी देखें तो अधिकतर खिलाड़ियों ने यहां मैच खेला हुआ है। हमें पहले से पता था कि पाकिस्तान को वहां रहने का एडवांटेज मिलेगा। अब इसे तो नहीं बदला जा सकता। मगर, इतना जरूर है कि जो भी 48 घंटे का समय भारतीय टीम के पास है, उसमें उसे जल्द से जल्द वहां के हालात के हिसाब से खुद को ढालना होगा।'

संजू भी कोई साधारण प्लेयर नहीं: अंजुम इस बात को लेकर बिल्कुल चिंतित नहीं हैं कि अगर ओपनर अभिषेक शर्मा नहीं खेलते, तो भारतीय टीम के लिए कोई समस्या होगी, खासतौर पर तब जबकि संजू सैमसन अच्छी लय में नहीं हैं। अंजुम ने कहा, 'मैं बिल्कुल चिंतित नहीं हूं। इलेवन में पहली पसंद तो अभिषेक ही होंगे, मगर वह उपलब्ध नहीं हैं तो संजू ही खेलने चाहिए। संजू कोई साधारण या खराब प्लेयर नहीं हैं।



CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG12 User: cci Time: 02-14-2026 00:28 Color:

NBT AI टाइम मशीन

आज दुनिया मना रही है वैलंटाइंस डे

आज वैलंटाइंस डे (Valentine's Day) है। यह दिन रोमन पादरी सेंट वैलंटाइन (Saint Valentine) की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने राजा के विवाह प्रतिबंध के खिलाफ जाकर सैनिकों की शादियां करवाई थीं। इसी वजह से उन्हें फांसी दी गई। 496 AD में पोप जेलेसियस (Pope Gelasius) ने अधिकारिक तौर पर वैलंटाइंस डे मनाना शुरू किया। 1840 के दशक में कार्ड्स से ये बड़ा कमर्शल इवेंट बन गया।

NBT

Front Page-2

कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रकाशित)। शनिवार, 14 फरवरी 2026 › पेज 12

चांद पर वर्चुअल डेट्स हो जाएंगे आम

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में वैलंटाइंस डे तकनीक और भावनाओं का अनोखा संगम होगा। होलोग्राम और वर्चुअल रियलिटी के जरिए लोग दूर रहकर भी साथ समय बिताएंगे। AI यादों के 3D अनुभव तैयार करेगा। चांद पर वर्चुअल डेट्स आम होंगे। हालांकि तकनीक अभिव्यक्ति बदल देगी, लेकिन सच्चा लगाव, भरोसा और अपनापन सबसे अहम रहेंगे। तेज और आर्टिफिशल दुनिया में बिना स्क्रीन के साथ बैठना ही सबसे कीमती तोहफा माना जाएगा।

AI Images

मोदी बोले, शासन का केंद्र अब नागरिक हैं

प्रधानमंत्री दफ्तर का पता बदला, अब सेवा तीर्थ कहलाएगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार सुबह राजधानी दिल्ली में नए प्रधानमंत्री कार्यालय यानी नए सेवा तीर्थ परिसर और कर्तव्य भवन 1 और 2 का लोकार्पण किया। सेवा तीर्थ परिसर में अब प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय एक साथ काम करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय का पता औपनिवेशिक दौर की साउथ ब्लॉक इमारत से बदलकर सेवा तीर्थ परिसर हो गया है। मोदी ने कहा, सेवा परमो धर्म की भावना ही नए सेवा तीर्थ परिसर की आत्मा है। यह केवल भवन नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण के संकल्प का प्रतीक है। आज का संकल्प और परिश्रम ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा।

मोदी ने कहा, पुरानी इमारत औपनिवेशिक दौर की थी

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार सुबह केंद्रीय मंत्रियों मनोहर लाल और डॉ. जितेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में परिसर का लोकार्पण किया। इसके बाद शाम को उन्होंने कर्तव्य भवन 1 और कर्तव्य भवन 2 का लोकार्पण किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि शासन का केंद्र अब नागरिक है। इस भवन में लिया गया हर निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से होना चाहिए। यहां अधिकार का प्रदर्शन नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने की भावना प्रमुख होनी चाहिए। 2047 का विकसित भारत केवल एक लक्ष्य नहीं, बल्कि राष्ट्र का संकल्प है।

मोदी ने उदाहरण देते हुए कहा, पहले जिसे राजपथ कहा जाता था, वहां आम लोगों के लिए सीमित सुविधाएं थीं। अब उसे कर्तव्य पथ के रूप में विकसित किया गया है, जहां बेहतर जन-सुविधाएं हैं। इसी तरह राष्ट्रपति भवन स्थित मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान रखा गया और पुरानी संसद को संविधान सदन के रूप में नई पहचान दी गई।

सेवा परमो धर्म की भावना ही नए सेवा तीर्थ परिसर की आत्मा है। यह केवल भवन नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण के संकल्प का प्रतीक है। आज का संकल्प और परिश्रम ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा- नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

सेवा तीर्थ का उद्घाटन कर मोदी बोले, 2047 का विकसित भारत केवल एक लक्ष्य नहीं, संकल्प है।

एक साथ ऑफिस होने से तालमेल बेहतर होगा

1. सरकार के कई बड़े दफ्तर और मंत्रालय एक ही जगह पर होंगे। पहले ये दफ्तर अलग-अलग जगहों पर, पुराने भवनों में चलते थे। इससे काम में देरी होती थी, अफसरों को एक-दूसरे से मिलने में परेशानी होती थी। आम लोगों को भी अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे।
2. सेवा तीर्थ भवन में अब पीएमओ, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद और कैबिनेट सचिवालय एक ही परिसर में काम करेंगे। देश के बड़े फैसलों से जुड़े दफ्तर अब एक ही जगह होंगे, जिससे फैसले जल्दी होंगे और कामकाज में तालमेल बेहतर रहेगा।
3. कर्तव्य भवन-1 और 2 में कई अहम मंत्रालयों को जगह दी गई है। इनमें वित्त, रक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, कानून, सूचना एवं प्रसारण, संस्कृति, रसायन एवं उर्वरक, जनजातीय कार्य और कॉरपोरेट कार्य जैसे मंत्रालय शामिल हैं। लोगों को अलग-अलग जगह भटकना नहीं पड़ेगा।
4. नई इमारतें आधुनिक तकनीक से लैस हैं। डिजिटल सिस्टम, जनता के लिए अलग काउंटर, सुरक्षित एंट्री, मजबूत सुरक्षा व्यवस्था होगी। कर्मचारियों के लिए बेहतर कामकाजी माहौल बनाया गया है।
5. ये भवन पर्यावरण को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। इनमें सोलर एनर्जी का इस्तेमाल, पानी बचाने की व्यवस्था और वेस्ट मैनेजमेंट जैसी सुविधाएं हैं। सरकार का कहना है कि इससे खर्च कम होगा, काम तेजी से होगा।



PTI

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को सेवा तीर्थ भवन का उद्घाटन किया।

सेवा तीर्थ से PM मोदी ने लिए कई फैसले

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

साउथ ब्लॉक की जगह पर सेवा तीर्थ को अपना नया ऑफिस बनाने के साथ पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महिलाओं, किसानों और युवाओं से जुड़े अहम फैसले किए। उन्होंने PM राहत स्कीम के अलावा लखपति दीदियों की संख्या 6 करोड़ करने और एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड को दोगुना कर 2 लाख करोड़ करने की फाइलों पर दस्तखत करने के साथ ही 10000 करोड़ रुपये के स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड्स 2.0 को भी मंजूरी दी।

प्रधानमंत्री ने PM राहत स्कीम को मंजूरी दी। इस योजना के तहत दुर्घटना के पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मिल सकेगा। इसकी अहमियत यह है कि कई बार तुरंत मेडिकल सहायता नहीं मिलने से दुर्घटना के घायलों की जान चली जाती है। यह स्कीम जान बचाने में मददगार साबित होगी।

वहीं, पीएम ने लखपति दीदियों की संख्या मार्च 2029 तक 6 करोड़ करने से जुड़ी फाइल पर भी साइन किए।

इन फाइलों पर साइन

- 6 करोड़ तक लखपति दीदी की संख्या बढ़ाने का लक्ष्य 2029 तक
- ₹1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज दुर्घटना पीड़ितों का PM राहत स्कीम में
- ₹10,000 करोड़ के स्टार्टअप फंड ऑफ फंड्स 2.0 को मंजूरी
- ₹2 लाख करोड़ किया एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड को, ये दोगुना

फटाफट खबरें

बारबाडोस की PM बनी मिया अमोर

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: मिया अमोर मोटले ने बारबाडोस की प्रधानमंत्री के तौर पर लगातार तीसरी बार चुनाव में जीत दर्ज की है। मोटले की लेबर पार्टी ने देश की असेंबली की सभी 30 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम मिया मोटले को बधाई दी।

झारखंड: हाथियों के हमले में छह की मौत

■ भाषा, रांची: झारखंड के हजारीबाग जिले के गोंडवार गांव में में शुक्रवार को जंगली हाथियों के झुंड के हमले में एक परिवार के चार सदस्यों सहित छह लोगों की मौत हो गई। एक बच्चा भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। हाथियों के इस झुंड ने इससे पहले बोकारो में लोगों पर हमला किया था।

सांसद पप्पू यादव को मिली जमानत

■ आईएएनएस, पटना: पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को पटना एमपी-एमएलए कोर्ट से तीन मामलों में जमानत मिल गई। उन्हें अब अपने खिलाफ सभी मामलों में जमानत मिल गई है। 31 साल पुराने मामले में उन्हें 6 फरवरी को पटना के उनके आवास से गिरफ्तार किया गया था।

भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में सुधार

■ NBT रिपोर्ट: हेनली पासपोर्ट इंडेक्स की ताजा रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट 10 स्थान ऊपर चढ़कर 75वें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले साल यह 85वें स्थान पर था। भारतीय पासपोर्ट धारक अब 56 देशों में बिना वीजा लिए यात्रा कर सकते हैं। भारत अभी सर्वश्रेष्ठ 71वें स्थान (साल 2006) से पीछे है।

थाईलैंड में भारत के राजदूत बने पुनीत

■ आईएएनएस, नई दिल्ली: पुनीत अग्रवाल को थाईलैंड में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। भारत के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। 1997 बैच के आईएफएस अधिकारी वर्तमान समय में मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। उम्मीद है कि वे जल्द ही यह काम संभाल लेंगे।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. भारत के चीफ जस्टिस कार्यालय को पिछले 10 साल में जजों के खिलाफ कितनी शिकायतें मिलीं?
   A. 8,630 B. 500 C. 10,872
2. बांग्लादेश में किस पार्टी के गठबंधन ने आम चुनावों में जीत हासिल की है?
   A. आवामी लीग B. BNP C. जमात-ए-इस्लामी
3. भारतीय पासपोर्ट की रैंकिंग में 10 अंक का सुधार हुआ है, अब यह किस पायदान पर है?
   A. 75 B. 80 C. 71
4. बारबाडोस की पीएम ने लगातार तीसरी बार चुनाव जीता है, उनका क्या नाम है?
   A. रिहाना B. एरील C. अमोर मोटली
5. भारत ने थाईलैंड में किसे राजदूत नियुक्त किया है?
   A. कीर्ति B. पुनीत अग्रवाल C. गौरव

कल के जवाब

A1 B. 114 A2 A. निशिकांत दुबे A3 C. सेवा तीर्थ A4 A. रहमिकुर रहमान A5 B. जैश-ए-मोहम्मद

लकी विनर्स

1. संयुक्ता डिकेवाल, दिल्ली
2. जेपीएस निर्माण, नई दिल्ली
3. मोहम्मद दानिश, लखनऊ

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

बजट सत्र का पहला चरण पूरा, 9 मार्च तक के लिए स्थगित

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का पहला चरण पूरा हुआ। शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदन 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिए गए। लोकसभा में शुक्रवार को भी विपक्ष का विरोध जारी रहा और कोई काम नहीं हो पाया। जबकि राज्यसभा चली। बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च को शुरू होगा और इसकी चर्चाएं भी तेज हैं कि इस बीच कैबिनेट में फेरबदल हो सकता है।

इस बीच कैबिनेट में फेरबदल की चर्चाएं तेज

लोकसभा में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के इस्तीफे की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी की और प्रश्नकाल नहीं चल सका। लोकसभा में 2 मार्च से राष्ट्रपति अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। धन्यवाद प्रस्ताव और इसका समर्थन करने के लिए बीजेपी के दो सदस्यों के भाषण के बाद जब नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपनी बात रखनी शुरू की तो उनकी पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे की अप्रकाशित किताब का हवाला देते हुए की गई टिप्पणी को लेकर सदन में हंगामा शुरू हो गया। जिसकी वजह से चर्चा नहीं हुई और न ही प्रधानमंत्री का धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब हो सका।

PTI

शुक्रवार को भी लोकसभा में प्रदर्शन के कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका।

आठ विपक्षी सांसद सदन से सस्पेंड हुए

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन में बोलने की अनुमति नहीं देने और आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित करने के मामले में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के प्रस्ताव के लिए लोकसभा महासचिव को एक नोटिस भी दिया है। सूत्रों ने कहा कि नोटिस बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत होने पर विचार के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है।

राज्यसभा में मोदी ने दिया था जवाब

लोकसभा में पीएम नहीं बोल सके थे लेकिन उच्च सदन यानी राज्यसभा में दो मार्च से राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई। इस चर्चा का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पांच फरवरी को जवाब दिया था। राज्यसभा में नौ मार्च से आम बजट पर चर्चा शुरू हुई थी जिसका जवाब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 12 फरवरी को दिया।

बांग्लादेश में आगे अब रहमान युग

नई दिल्ली से साफ संदेश, पड़ोसी के साथ चाहते हैं सहयोगात्मक रिश्ते

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बांग्लादेश की राजनीति में अब बदलाव आ गया है। नतीजों ने बता दिया है कि बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) अब ढाका में सत्ता के केंद्र में रहेगी। शेख हसीना के बाद देश में आए राजनीतिक गैप के कारण पूरे दक्षिण एशिया समेत नई दिल्ली की भी निगाहें इन चुनावों पर लगी हुई थीं। शुक्रवार सुबह नतीजों की तस्वीर साफ होने के बाद ही दिल्ली की ओर से संदेश भी आ गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से BNP चीफ तारिक रहमान को सोशल मीडिया पर लिखे बधाई संदेश और फोन कॉल को कूटनीति की निगाह में प्रोटोकॉल से इतर देखा जा रहा है।

खालिदा के बेटे तारिक रहमान का पीएम बनना लगभग तय

बांग्लादेश को हसीना के मुद्दे से आगे जाना होगा: जानकारों का कहना है कि भले ही तारिक रहमान और BNP अपने चुनावी मेनिफेस्टो में बांग्लादेश फर्स्ट और भारत के साथ जल बंटवारे का मुद्दा उठाते रहे हैं, लेकिन ये ऐसे लोकल मुद्दे हैं, जो चुनावों के दौरान किसी भी देश के राजनीतिक दल उठाते ही हैं। रहमान की प्राथमिकता अपने देश को अस्थिरता से बाहर निकालने की होगी। भारत जैसे पड़ोसी के साथ सामान्य रिश्ते भी इसी कड़ी का एक हिस्सा साबित हो सकते हैं।

बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान समर्थकों से मिले।

नतीजे दिल्ली के लिए राहत भरे!

अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार अनिल त्रिगुणायत का कहना है कि भारत के पास दो विकल्प थे, BNP और जमात में से किसी का एक चुनाव। भारत के लिए राहत की बात ये रही कि BNP ने अपना चुनाव जमात की तरह कट्टरपंथी पैटर्न पर नहीं लड़ा। मौजूदा BNP, खालिदा जिया के वक्त की BNP से अलग है।

क्या बोले चीन और पाकिस्तान?

चीन ने कहा कि वह ढाका के साथ रणनीतिक और सहयोगात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने भी तारिक रहमान को बधाई भी दी। कहा, व्यापार, रक्षा, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और क्षेत्रीय मंचों में सहयोग को मजबूत करने के लिए साथ काम करने के लिए उत्सुक है।

संवैधानिक बदलाव भी चुनौती

बांग्लादेश में चुनाव से ज्यादा अहम अब जनमत संग्रह के बाद देश के राजनीतिक ढांचे में होने वाले बदलाव हैं। इनमें से एक अहम बदलाव राष्ट्रपति और पीएम के बीच शक्तियों के बंटवारे को लेकर है, ऐसे में आने वाले दिनों में शक्तियों का पलड़ा किसके पक्ष में लुढ़कता है, वो भी विदेश नीति और द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से अहम होगा।

शेख हसीना का अब क्या होगा?

शेख हसीना के प्रत्यर्पण लेकर यूनुस प्रशासन का भारत के साथ रिश्ता तल्ख रहा है। बैंकॉक में मोदी और यूनुस की मुलाकात से भी बर्फ नहीं पिघली। भारत ये जानता था कि हसीना के लिए अभी बांग्लादेश के राजनीतिक परिदृश्य में लौटना दूर की कौड़ी है और इस सच को समझ कर असहज पड़ोसी के साथ सहजता पर काम करना ही पड़ेगा।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

कांग्रेस पर BJP का हमला, कहा- संसद निजी मंच नहीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बीजेपी ने कांग्रेस पर संसद की कार्यवाही बाधित करने का आरोप लगाया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि संसद को रोकने के लिए हर रोज नया बहाना बनाना अब कांग्रेस की पहचान बन चुका है।

उन्होंने आरोप लगाया कि हर सत्र में हंगामा, शोर और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का उल्लंघन करना कांग्रेस की तय रणनीति है। प्रधान ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जिम्मेदारी निभाने के बजाय अराजकता का रास्ता चुना है। उन्होंने कहा कि बार-बार झूठ बोलना उनकी राजनीतिक शैली बन गई है।

किसानों संग राहुल की बैठक, ट्रेड डील पर करेंगे आंदोलन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संसद परिसर में देशभर के किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। बैठक में अमेरिका के साथ ट्रेड डील को लेकर गहरी चिंता जताई गई और इसके खिलाफ बड़े राष्ट्रीय आंदोलन की जरूरत पर चर्चा हुई।

राहुल गांधी ने कहा कि इस समझौते से विदेश से कृषि उत्पादों का आयात बढ़ेगा, जिससे भारतीय किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर सीधा खतरा है। किसान नेताओं ने कहा कि यह समझौता किसानों और खेतिहर मजदूरों के हितों के खिलाफ है।

सड़कों के गड्ढों के कारण हुई दुर्घटनाओं में मौतों की संख्या 5 साल में 53% बढ़ी

■ भाषा, नई दिल्ली: सरकार ने लोकसभा को बताया कि सड़कों पर बने गड्ढों के कारण सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या पिछले पांच वर्षों में 53% बढ़ी और 2020 से 2024 के बीच देश भर में 9,438 लोगों की मौत हुई। इनमें से 54% से अधिक मौतें अकेले उत्तर प्रदेश में हुईं।

देश में हुई मौतों की 54% अकेले यूपी में हुई

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा गुरुवार को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में साझा किए गए आंकड़ों से पता चलता है कि सड़क पर बने गड्ढों के कारण होने वाली मौतों की संख्या में 2021 में मामूली गिरावट आई थी, लेकिन उसके बाद से इसमें लगातार वृद्धि हुई है। इन दुर्घटनाओं में 2020 में 1,555 लोगों की मौतें हुईं, जो घटकर 2021 में 1,481 हो गईं। हालांकि, 2022 में बढ़कर यह 1,856, 2023 में 2,161 और 2024 में 2,385 तक पहुंच गईं। इन वर्षों में उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक मौतें हुईं, जहां 2020 से 2024 के बीच 5,127 लोगों ने जान गंवाई। अकेले 2024 में यूपी में गड्ढों से संबंधित 1,369 मौतें हुईं।



10 साल में CJI दफ्तर को जजों के खिलाफ मिली 8630 शिकायतें



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: भारत के चीफ जस्टिस के ऑफिस को पिछले 10 साल में वर्तमान जजों के खिलाफ कुल 8630 शिकायतें मिली हैं। लोकसभा में कानून मंत्री ने यह जानकारी देते हुए लेटेस्ट डेटा पेश किया। मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट से प्राप्त जानकारी को सदन में प्रस्तुत किया, जिसके अनुसार 2024 में सर्वाधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। यह अवधि पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के कार्यकाल के दौरान की थी।

84% भारतीयों ने कहा...

प्यार ने बेहतर इंसान बनाया

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

84% भारतीयों का मानना है कि प्यार ने उन्हें बेहतर इंसान बनाया है। भारत की होमग्रोन डेटिंग ऐप Aisle के सर्वे में यह पता चला है। वैलंटाइंस डे को लेकर भी रुझान बदलते दिखे। सर्वे में पता चला कि रोमांस की भाषा भी बदल रही है। फ्लर्टिंग में इमोजी का असर घट रहा है। 50% महिलाएं इमोजी से फ्लर्ट नहीं करती हैं। 5,868 लोग इस सर्वे में शामिल हुए। इनमें से 43% Gen-Z थे।

कितना खास है वैलंटाइंस

ट्रंप ने ईरान को दी चेतावनी, डील नहीं हुई तो गंभीर नतीजे

■ आईएएनएस, वॉशिंगटन: अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह जल्द से जल्द परमाणु समझौता करे, वरना उसे गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। ट्रंप ने कहा कि यदि समझौता नहीं हुआ तो हालात बहुत दर्दनाक हो सकते हैं। वहीं, गुरुवार को दावा किया गया कि अमेरिका के सबसे बड़े विमानवाहक पोत को कैरेबियन सागर से पश्चिम एशिया की ओर रवाना करने का आदेश दिया गया है। ट्रंप ने अप्रैल में चीन की यात्रा करने की पुष्टि की है।

डॉनल्ड ट्रंप

पन्नू की हत्या की साजिश में जुर्म कबूला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के मामले में आरोपी भारतीय निखिल गुप्ता ने अमेरिकी अदालत में गुनाह कबूल कर लिया है। 54 साल के निखिल गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने पन्नू की हत्या के लिए एक लाख डॉलर में एक शूटर हायर किया था।

विधानसभा में सीएम ने विपक्ष को घेरा, कहा- आपके नेता दुर्योधन की प्रतिमा लगवाते हैं, बाबर की कब्र पर सजदा करते हैं

'वंदेमातरम् के विरोधियों को कान पकड़ बाहर करें'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था जैसे विषय के आरोपों पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की पराकाष्ठा यह है कि ये सपा, कांग्रेस राष्ट्र द्रोहियों की महिमा मंडित करते हैं और राष्ट्र नायकों का अपमान करते हैं। इनके नेता दुर्योधन की प्रतिमा लगवाते हैं, बाबर की कब्र में सजदा करते हैं और वंदेमातरम् का अपमान करते हैं। कांग्रेस, सपा ने दम है तो भाजपा की तरह डंके की चोट पर कहे कि वंदेमातरम् का विरोध करने वाले को कान पकड़, धक्के मारकर बाहर कर देना चाहिए।

योगी शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का खाएंगे, वंदेमातरम् नहीं गाएंगे, यह नहीं चलेगा। विरोध करने वाले कहीं चले जाएं, जहां इनके विरोध का सुर उन्हें दिख रहा हो। सीएम ने कहा कि समाजवाद अब संपत्ति व संपत्ति का प्रतीक बन चुका है। इसे वंशवाद, सुविधावाद व निजी साम्राज्यवाद खड़ा करने की सीढ़ी बना दिया गया है।

महिलाएं अब नाइट शिफ्ट भी करती हैं

नेता प्रतिपक्ष के सवाल पर सीएम ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान को लेकर सपाइयों के व्यवहार का अंदाजा राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान उनके व्यवहार से लगाया जा सकता है। इसीलिए सपा के समय नारा लगता था, 'देख सपाई, बिटिया घबराई।' सपा के समय बेटियों दिन में नहीं निकल सकती थीं, आज वह नाइट शिफ्ट में नौकरी कर रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा भाजपा व NDA सरकार में ही संभव है। यूपी में महिला वर्कफोर्स 13% से 37% हो चुका है।

युवाओं का शोषण किया तो उल्टा टांग देंगे

सीएम ने गैंगस्टर ऐक्ट के दुरुपयोग, आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण जैसे आरोपों पर भी मुखरता से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष गैंगस्टर से इतना भयभीत क्यों है? नए कानून आने के बाद वैसे भी इसका प्रभाव कम हो गया है। हमने तो कई आपराधिक कानून खत्म किए हैं। इंटरनी व इनवेस्टर फर्स्ट का ही नतीजा है कि 9 सालों में फैक्ट्रियों की संख्या 14 हजार से बढ़कर 31 हजार हो गई है। रही, आउटसोर्स कर्मियों की बात तो उनका शोषण करने वाली एजेंसियों के रास्ते से ही जुड़े हैं। हमने आउटसोर्स निगम बनाया है जिससे 16-20 हजार रुपये न्यूनतम वेतन मिल सके। ऐसा न करने वाला ब्लैक लिस्ट होगा, जेल जाएगा। युवाओं का शोषण करने वाला उल्टा टांग दिया जाएगा।

निजी अस्पतालों की मनमानी रोकनी होगी

सीएम ने स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों पर चर्चा करते हुए अपने विवेकाधीन कोष से दी जाने वाली मदद का भी उल्लेख किया। इस पर कुछ सदस्यों ने आवेदन लंबित होने की शिकायत की। योगी ने कहा कि बिना भेदभाव सबको मदद दी जा रही है। बीच में सदस्य भी कहा कि कहीं भी क्योंकि कुछ प्राइवेट अस्पतालों की शिकायत आई थी, उनकी दरें अनावश्यक रूप से अधिक थीं। प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी रोकनी होगी। विवेकाधीन कोष का पैसा न मेरा है, न किसी मंत्री का है, जनता का है, इसलिए, सही उपयोग होना चाहिए। जनसत्ता दल के नेता रघुराज प्रताप सिंह के सुझाव पर उन्होंने विधायक निधि से स्वास्थ्य मदद की प्रक्रिया में संशोधन का भी आश्वासन दिया।

मंत्री-अफसर एक-दूजे को पहचान नहीं पाए

सपा ने शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए तो योगी ने किस्सा सुना डाले ऐसा। सीएम ने कहा कि बतौर सांसद एक बार वह स्टेशन के लाउंज में बैठे थे। वहां, तत्कालीन कृषि उत्पादन आयुक्त भी बैठे थे। सपा सरकार के माध्यमिक शिक्षा मंत्री भी वहां पहुंच गए। उनको देखकर जब अफसर नहीं उठे तो मुझे आश्चर्य हुआ। पूछा तो पता चला कि दोनों एक-दूसरे को पहचानते ही नहीं थे। मंत्री ने कहा कि छह महीने से दफ्तर नहीं गया, इसलिए, पहचान नहीं रहे हो पाई। यह सपा सरकार की कार्यप्रणाली थी।

बिस्मिल और बिस्मिल्ला में फर्क नहीं पता

योगी के एक और किस्से पर सदन में खूब ठहाका गूंजा। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में बेसिक शिक्षा के मंत्री रहे एक नेता को पंडित रामप्रसाद 'बिस्मिल' के शहादत दिवस पर बुलाया गया। उन्होंने जयंती पर श्रोता दिया, आयोजकों ने समझाया कि बिस्मिल्ला की शहादत हुई थी, उनको फांसी हुई थी। मंत्री ने कहा कि बिस्मिल्ला को तो अभी कुछ दिन पहले पुरस्कार मिला था फांसी कब हो गई। नेताजी को बिस्मिल व बिस्मिल्ला में अंतर ही नहीं पता था, ऐसे ही लोग शिक्षा के कर्णधार थे।

हमारे खेल मंत्री भी यादव

खेल सुविधाओं पर बात करते हुए सीएम ने कहा कि हमारे खेल मंत्री भी यादव हैं और खेलों के विस्तार में लगे हैं। इस पर सपा विधायकों ने कहा कि एक ही यादव है आपके पास। सीएम ने कहा कि हमारा एक यादव सवा लाख पर भारी है। आप लोग दुर्योधन को पूजते हैं, ये श्री कृष्ण के पुजारी हैं।

दरोगा नाराज हो तो गैंगस्टर लगा देता है : माता प्रसाद

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा है कि प्रदेश में एनकाउंटर, गैंगस्टर ऐक्ट जैसे कानूनों का दुरुपयोग हो रहा है। किसी से दरोगा नाराज है तो 2-3 केस ठोक गैंगस्टर ऐक्ट लगा देता है। इस कानून का दुरुपयोग रोकना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष शुक्रवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के विरोध में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर सवाल खड़े किए। कहा कि प्रदेश में स्थायी डीजीपी न होने के चलते पुलिस का मनोबल गिरा है। कार्यवाहक होने के चलते दबाव में होने से निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर पाते। आज रात में महिला हजरतगंज से अमीनाबाद तक जेवर पहनकर नहीं जा सकती।

माता प्रसाद

सनातन का मतलब नफरत नहीं: नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सनातन विश्व बंधुत्व की बात करता है, नफरत की नहीं। अगर सरकार सनातन को मानती है तो उसके मूल्यों पर चलना चाहिए, भेदभाव नहीं करना चाहिए। प्रयागराज में माघ मेले के दौरान शंकराचार्य और उनके शिष्यों के साथ क्या हुआ? ऐसी घटनाएं ठीक नहीं है। कांग्रेस की नेता आराधना मिश्रा मोना, सुभासपा से ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी से संजय निषाद, असंबद्ध विधायकों की ओर से मनोज पांडेय, जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की ओर से रघुराज प्रताप सिंह ने भी अपनी बात रखी। सीएम के जवाब देने के बाद अभिभाषण पर राज्यपाल को धन्यवाद प्रस्ताव बहुमत से पारित हो गया। सदन की कार्यवाही अब सोमवार को सुबह 11 बजे शुरू होगी।

विधानसभा में उठा सड़क दुर्घटनाओं का मुद्दा, सरकार ने कहा- सामूहिक जिम्मेदारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बजट सत्र के पांचवें दिन शुक्रवार को विधानसभा में यूपी में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौतों का मुद्दा उठा। कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्र मोना ने कार्य स्थगन के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यूपी में हर साल करीब 45 हजार सड़क हादसे होते हैं, जिसमें 24 हजार से ज्यादा लोगों की जान जाती है। यानी, औसतन यहां रोज 65 लोगों और हर घंटे पर तीन लोगों की मौतें हो रही हैं। सड़क दुर्घटनाओं में 56% मौत की वजह तेज रफ्तार, 12% मौतें गलत दिशा में वाहन चलाने से और 8% मौतें नशे में वाहन चलाने से हो रही हैं। सड़क हादसों में जान गंवाने वाले 50% से ज्यादा युवा होते हैं।

जवाब में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने माना कि सड़क दुर्घटनाएं बड़ी हैं। लेकिन, घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सरकार जागरूक है। सरकार ने इस पर अंकुश के लिए जिला स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में कमिटी गठित की है, जिसमें पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य और सड़क विभाग के अधिकारियों को रखा गया है। हर महीने इस कमिटी की बैठक होती है। इसके साथ ही प्रदेश के उन 20 जिलों में जीरो फैटिलिटी डिस्ट्रिक्ट योजना शुरू की गई है, जहां सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाओं में मौतें होती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क हादसों को रोकने के लिए पूरे प्रयास कर रही है। लेकिन, इसके लिए जनता को भी जागरूक होना होगा। यह सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

65

लोगों की मौत, यूपी में सड़क दुर्घटनाओं से औसतन रोज हो रही है

'हथकरघा विभाग करने जा रहा है बकाए का भुगतान': सदन में कार्य स्थगन के दौरान सपा विधायक रफीक अंसारी, अखिलेश और रामभूति वर्मा ने बुनकरों की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए मांग की कि बुनकरों को भी किसानों की तरह मुफ्त बिजली दी जाए। जवाब में हथकरघा मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार बुनकरों के हित में काम कर रही है। सरकार बुनकरों को अटल बिहारी वाजपेयी विद्युत फ्लैट रेट योजना के तहत बिजली दे रही है। साथ ही 31 मार्च 2023 तक की बिजली की बकाएदारी थी, उसका भुगतान हथकरघा विभाग करने जा रहा है।

लक्ष्य से ज्यादा हो चुकी है धान की खरीद : सपा विधायक वीरेंद्र यादव, संदीप सिंह और धर्मेंद्र सिंह यादव ने आरोप लगाया कि किसानों को लेकर किए गए वादों पर यह सरकार खरी नहीं उतरी। जवाब में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि अब किसानों को खाद के लिए लाइन नहीं लगानी पड़ती। सरकार ने 60 लाख टन धान खरीद का लक्ष्य था, गुरुवार 60.56 लाख टन धान खरीदा जा चुका था।

लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं को लेकर विधानसभा में हंगामा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : यूपी विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ। अध्यक्ष के हस्तक्षेप के बाद भी जब हंगामा बंद नहीं हुआ, तो उन्होंने नाराजगी जताते हुए सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित कर दी।

सपा विधायक डॉ. रागिनी ने सवाल पूछा था कि लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं के परिणामों और नियुक्तियों में हो रही देरी के लिए सरकार ने क्या योजना बनाई है। मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए लिखित जवाब से असंतुष्ट डॉ. रागिनी ने अनुपूरक किया। पूछा कि आयोग द्वारा की जाने वाली विभागों की भर्तियों में कितने पद रिक्त हैं? समय से नियुक्ति न होने की वजह से होने वाली देरी के लिए क्या सरकार उसमें शामिल युवाओं को उम्र में छूट देगी? यह भी पूछा कि सरकार रिक्त बैकलॉग कब तक भर देगी? जवाब में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपीएससी और एसएससी साल शुरू होने पर परीक्षाओं को लेकर अपना कैलेंडर जारी करता है। इस साल का कैलेंडर 30 जनवरी को जारी किया गया है। बताया कि 2017 से अब तक लोक सेवा आयोग ने 47,407 पदों पर भर्तियां की हैं। विभागों में रिक्त पदों के लिए अधियाचन भेजे जा चुके हैं।

विधानसभा प्रश्नोत्तर...

अध्यक्ष हुए नाराज, सदन की कार्यवाही दस मिनट को स्थगित

16 साल की उम्र में डीएल देने का अनुरोध: परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने सदन में जानकारी दी कि हर तरह की श्रेणी को चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस की फीस अलग-अलग है। सपा सदस्य अनिल प्रधान के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि पहले 16 साल की उम्र तक के लोगों को 50 सीसी का वाहन चलाने के लिए डीएल देने की व्यवस्था थी। लेकिन, अब 18 साल से कम उम्र के लोगों को डीएल देने पर मनाही है। यह केंद्र सरकार तय करती है। यूपी सरकार ने केंद्र से अनुरोध किया है कि 16 साल के लोगों को डीएल देने की अनुमति प्रदान कर दे।

नियमित नहीं कर सकते : श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सदन में कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मियों को नियमित नहीं किया जा सकता। सपा विधायक डॉ. संग्राम सिंह के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री राजभर ने कहा कि इसका शासनादेश आपकी (सपा की) सरकार में 2016 में जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आउटसोर्सिंग कर्मियों के लिए यूपी आउट सोर्स सेवा निगम बनाने जा रही है, जिसकी अधिसूचना 19 सितंबर 2025 को जारी हो चुकी है। कहा, निगम बनने के बाद आउटसोर्सिंग नियुक्तियों में भी आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

शिक्षा के स्तर पर तीखी बहस, सपा का वॉकआउट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : विधान परिषद में शुक्रवार को शिक्षा के स्तर को लेकर भाजपा और सपा सदस्यों में तीखी बहस हुई। सपा सदस्यों ने शिक्षा के स्तर में गिरावट का आरोप लगाया। वहीं, सरकार ने उपलब्धियां गिनाईं। बहस के दौरान सपा सदस्यों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट कर गए।

विधान परिषद

सपा ने लगाया शिक्षा के स्तर में गिरावट का आरोप, सरकार ने गिनाईं उपलब्धियां

विधान परिषद में शून्य काल के दौरान सपा सदस्यों ने शिक्षा के गिरते स्तर का मुद्दा उठाया। आशुतोष सिन्हा ने कहा कि शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों और मदरसा शिक्षकों का सरकार उत्पीड़न कर रही है। मान सिंह यादव ने कहा कि यूपी में 36 हजार प्राइमरी स्कूल बंद कर दिए गए। आबादी बढ़ रही है तो नए स्कूल खुलने चाहिए। सरकार स्कूल बंद कर रही है। नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव ने कहा कि अक्टूबर अंत तक एडमिशन होंगे और नवंबर में परीक्षा होगी तो पढ़ाई का स्तर कैसा होगा, समझा जा सकता है। इस पर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि एक भी स्कूल बंद नहीं किया गया। शिक्षा के स्तर में लगातार सुधार हो रहा है। इसका प्रमाण राष्ट्रीय सर्वेक्षण में यूपी की देश में सबसे बेहतर रैंकिंग है। पहले की सरकारों की तरह हमारी सरकार ने झूठी घोषणाएं नहीं कीं। सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने नारेबाजी की और वॉकआउट कर गए।

शिक्षा मित्रों के मानदेय पर विचार कर रही सरकार

शिक्षा मित्रों का मानदेय बढ़ाने पर सरकार विचार कर रही है। यह आश्वासन विधान परिषद में बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने दिया। उन्होंने कहा कि जैसे ही निर्णय होगा तो अवगत कराया जाएगा। विधान परिषद में सपा सदस्य मान सिंह ने शिक्षा मित्रों के मानदेय और शिक्षा मित्र संघों पर सवाल किया। इस पर जवाब दिया गया कि कोई भी शिक्षा मित्र संघ अधिकृत तौर पर पंजीकृत नहीं है। जो भी शिक्षा मित्र आते हैं, वह राय मशविरा करते हैं, उनकी मांगें सुनते हैं। वहीं, मानदेय की बात है तो इस पर विचार किया जा रहा है।

बदायूं के बीएसए पर कार्रवाई के आदेश

बदायूं के बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक दिवस पर स्कूल का निरीक्षण किया और प्रधानाध्यापक को सस्पेंड कर दिया। प्रधानाध्यापक तो बहाल हो गए हैं, लेकिन अब विधान परिषद के सभापति ने बीएसए के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए हैं। उन्होंने बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि विशेष दिवस पर अपने पद का दुरुपयोग किया। ऐसे में अधिकारी पर कड़ी कार्रवाई कर नजीर पेश करें। विधान परिषद में शुक्रवार को यह मुद्दा ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षक दिवस पर जानबूझकर स्कूल का निरीक्षण कर प्रधानाध्यापक का अपमान किया गया। उनको बिना स्पष्टीकरण के सस्पेंड कर दिया गया। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि इस घटना की जांच की गई। सभी शिक्षकों के बयान के आधार पर प्रधानाचार्य को बहाल कर दिया गया। इस तरह के मामले दोहराए न जाएं, इसके लिए सरकार सचेत है। इस पर सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि दोषी अधिकारी को बचाया न जाए। उन्होंने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

दूषित पेयजल का मुद्दा उठाया

विधान परिषद में भाजपा सदस्य विजय बहादुर पाठक ने शुक्रवार को दूषित पेयजल आपूर्ति का मुद्दा उठाया। उन्होंने शून्य काल में इंदौर की घटना का जिक्र करते हुए यूपी के कई शहरों में दूषित पेयजल की जानकारी दी। कहा कि गाजियाबाद, वाराणसी से लगातार दूषित पेयजल की शिकायतें आ रही हैं। आजमगढ़ में तो यह बात सामने आई कि नाली के बीच से आने वाली पाइपलाइनों से दूषित पेयजल नलों में आ रहा है। लखनऊ की स्थिति बेहद गंभीर है। यहां 90 में से 63 पार्षदों ने खुद गंदे पानी का मुद्दा उठाया। लखनऊ के इंदिरा नगर, उदयगंज, खदरा, जानकीपुरम विस्तार, आलमबाग, आजाद नगर में लोग लगातार दूषित पेयजल की शिकायत कर रहे हैं। पाठक ने इन शिकायतों का त्वरित समाधान करने की मांग की।

महबूब कह सकते हैं महबूबा के लिए...

विधानसभा स्थगन के बाद विधानसभा अध्यक्ष जब सदन में आए, तो सदस्यों ने उन्हें आने-आने अंदाज में खुश करने की कोशिश की। कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा ने कहा कि आपके ऊपर गुस्सा अच्छा नहीं लगता। साथ ही उन्होंने माहौल को अच्छा बनाने के लिए संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना से कोई शेर सुनाने को कहा। वह खड़े होते, इससे पहले सपा विधायक महबूब अली खड़े हुए और एक गाने का मुखड़ा सुना दिया। कहा, तुम हंसते रहते हो तो बिजली सी चमक जाती है। इस पर सुरेश खन्ना ने कहा कि महबूबा को सुनाए जाने वाले गाने सदन में नहीं सुनाए जाते। इस पर अध्यक्ष ने कहा, महबूब सदन में भी महबूबा के लिए बोल सकते हैं। इस पर सदन में ठहाका गूंज गया। इसके साथ ही सुरेश खन्ना ने कहा 'आज दुनिया को ये तरकीब बता दी जाए, दुश्मनी प्यार की लहरों में बहा दी जाए।'

विधानसभा झलकियां...

शराब के बढ़े दाम अखर रहे हैं...

प्रश्नकाल में महंगाई के मुद्दे पर जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहा कि योगी सरकार ने पिछले नौ सालों में कोई टैक्स नहीं लगाया है। महंगाई को नियंत्रित करने के लिए यूपी में पेट्रोल और डीजल पर वैट कम किया गया है। साथ ही उन्होंने अनाज के दामों की दूसरे राज्यों से तुलना की। सपा के सदस्यों ने इस पर टिप्पणी शुरू कर दी। मंत्री लक्ष्मी नारायण ने इस पर चुटकी लेते हुए कहा कि केवल शराब के दाम बढ़े हैं, वही इन्हें (सपाइयों) को अखर रहा है।

बर्थडे गिफ्ट के तौर पर हैंडपंप

यूपी विधानसभा के गुरुवार को दो सदस्यों स्वतंत्र देव सिंह और मनीष कुमार जायसवाल को जन्मदिन था। परंपरा के तहत शून्यकाल में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दोनों सदस्यों को जन्मदिन की बधाई दी। इस पर सदन के सदस्यों ने उनसे जन्मदिन के गिफ्ट के रूप में हैंडपंप मांगने शुरू कर दिया। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा ने अध्यक्ष से अनुरोध किया कि भाजपा विधायक रोमी के जन्मदिन पर आपने उनकी ओर से हम सब को गिफ्ट दिलवाए थे। अब जलशक्ति मंत्री से हम सब को हैंडपंप दिलवा दीजिए।

'पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का हो सिक्यॉरिटी ऑडिट'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सपा के एमएलसी शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए एक हाई पावर कमिटी बनाने की मांग उठाई है। शुक्रवार को विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते हुए सपा एमएलसी ने कहा कि एक्सप्रेस-वे निर्माण में सुरक्षा मानकों को ध्यान नहीं रखा गया, जिसकी वजह से एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटना होती रहती हैं। उन्होंने मांग उठाई कि एक्सप्रेस-वे का सिक्यॉरिटी ऑडिट करवाया जाए।

गंगा एक्सप्रेस-वे का होगा विस्तार : राज्यमंत्री औद्योगिक विकास जसवंत सैनी ने कहा कि सरकार मेरठ से प्रयागराज तक बन रहे गंगा एक्सप्रेस-वे का विस्तार करेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया जाएगा। वहीं, एक्सप्रेस-वे का विस्तार करते हुए इसे मेरठ से हरिद्वार और प्रयागराज से वाराणसी तक जोड़ा जाएगा।

फटाफट खबरें

कुशीनगर में बनेगी केला टिश्यू कल्चर लैब

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कुशीनगर के कसया राजकीय आलू फार्म पर 'केला टिश्यू कल्चर लैब' बनेगी। यह जानकारी कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दी। उन्होंने बताया कि टिश्यू कल्चर लैब के लिए बजट में 4.017 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसमें 2.24 करोड़ निर्माण कार्य और 1.78 करोड़ रुपये मशीनरी और उपकरणों के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले रोगमुक्त केले की पौध उपलब्ध हो सकेगी।

15 को रिटायर हो जाएंगे एडीजी सत्य नारायण

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सरकार से ऐच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) मांगने वाले वर्ष 1998 बैच के आईपीएस एडीजी के सत्य नारायण 15 फरवरी को रिटायर हो जाएंगे। सरकार ने उनके वीआरएस को मंजूरी दे दी है। 15 फरवरी उनका आखिरी वर्किंग डे होगा। उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए वीआरएस मांगा था। के सत्य नारायण का वैसे अक्टूबर 2027 में रिटायरमेंट है। के सत्य नारायण मूलरूप से आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम के रहने वाले हैं। 25 सितंबर 1998 में उनका आईपीएस के लिए चयन हुआ था।

दो आईपीएस के तबादले

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : एडीजी स्तर के दो आईपीएस अफसरों का शुक्रवार को तबादला कर दिया गया। सीबीसीआईडी में तैनात एडीजी नीलाब्जा चौधरी को यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में एडीजी के पद पर तैनाती दी गई है। जबकि यहां तैनात आशुतोष कुमार को एडीजी सीबीसीआईडी के पद पर भेजा गया है।

ट्रेड डील के विरोध में आप का प्रदर्शन आज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और सांसद संजय सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बीच हुई ट्रेड डील को देश की संप्रभुता, किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के हितों पर सीधा हमला बताया। बयान जारी कर संजय सिंह ने कहा कि इस समझौते के खिलाफ आम आदमी पार्टी 14 फरवरी को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर समझौते की प्रतियां जलाकर विरोध प्रदर्शन करेगी। साथ ही स्थानीय प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेगी। संजय सिंह ने आरोप लगाया है कि यह समझौता भारतीय कृषि बाजार को अमेरिकी हितों के लिए खोलने, रूस से सस्ता तेल खरीद बंद करवाने, व्यापारिक असमानता थोपने और देश के स्वाभिमान को गिरवी रखने की साजिश है।

विंध्यवासिनी को श्रद्धांजलि अर्पित करने जुटे लोग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री और पूर्व एमएलसी विंध्यवासिनी कुमार का पार्थिव शरीर शुक्रवार को प्रदेश मुख्यालय में रखा गया। यहां पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकपूर्ण माहौल में लोगों ने उनके सार्वजनिक जीवन और संगठन के प्रति समर्पण को याद किया। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने विंध्यवासिनी कुमार के पार्थिव शरीर पर भाजपा का ध्वज ओढ़ाकर नमन किया। उन्होंने कहा कि विंध्यवासिनी का सादा जीवन और उच्च विचार संगठन के हर कार्यकर्ता को प्रेरणा देते रहेंगे। मध्य प्रदेश भाजपा के प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक बहादुर, मुख्यालय प्रभारी भरत दीक्षित, सह प्रभारी अतुल अवस्थी, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित अन्य लोगों ने विंध्यवासिनी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

नसीमुद्दीन जॉइन करेंगे सपा!

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : कांग्रेस छोड़ने के बाद पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी सपा में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक नसीमुद्दीन सिद्दीकी 15 फरवरी को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी जॉइन कर सकते हैं। हालांकि, खुद की उपेक्षा की बात कहते हुए कांग्रेस से किनारा करने वाले नसीमुद्दीन के बसपा में जाने के कयास लगाए जा रहे थे।

■ 15 फरवरी को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव दिला सकते हैं पार्टी सदस्यता
■ कई अन्य दलों के नेता और पूर्व विधायकों की होगी जॉइनिंग

नसीमुद्दीन

यूपी के कद्दावर नेता में की गिनती : नसीमुद्दीन सिद्दीकी कद्दावर नेता माने जाते हैं और इससे पहले बसपा की सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। उनका राजनीतिक अनुभव और प्रदेश के हिस्सों में अच्छी पकड़ मानी जाती है। कांग्रेस छोड़ने के बाद प्रदेश या केंद्रीय नेतृत्व ने उनके जाने पर किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं की थी।

पार्टी का मुस्लिम फेस बन सकते हैं नसीमुद्दीन : नसीमुद्दीन के समाजवादी पार्टी जॉइन करने के बाद पार्टी उन्हें मुस्लिम फेस के रूप में प्रोजेक्ट कर सकती है। नसीमुद्दीन को साथ लेकर पार्टी यह भी संदेश देना चाहती है कि मुस्लिम समुदाय के बड़े नेता उसके साथ हैं। आजम खान के जेल जाने के बाद उनके बराबर सियासी कद वाला कोई बड़ा नेता सपा के पास नहीं है। नसीमुद्दीन को पार्टी में लाकर सपा इसकी भरपाई की कोशिश करेगी।

कई दलों के नेता हैं पार्टी के संपर्क में : नसीमुद्दीन के साथ कई और दलों के नेता सपा जॉइन कर सकते हैं। इसमें कई पूर्व विधायक भी शामिल हैं। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक कई दलों के नेता भी पार्टी के संपर्क में हैं, जल्द ही सभी को सपा जॉइन करवाई जाएगी।

मनरेगा बचाओ पदयात्रा पूरे प्रदेश में सम्पन्न

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से शुक्रवार को प्रदेशव्यापी मनरेगा बचाओ पदयात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मनरेगा श्रमिक शामिल हुए।

लखनऊ में आयोजित पदयात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय शामिल हुए। पदयात्रा की शुरुआत काकोरी शहीद स्मारक पर अमर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात यात्रा हरदोई रोड, दुर्गागंज चौराहा, काकोरी कस्बा, टाउन एरिया, ग्राम दसदोई, ग्राम जमलापुर चौराहा, ग्राम कठिंगरा मोड़ होते हुए भलिया चौराहे पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों और मजदूरों की जीवनरेखा है, लेकिन वर्तमान सरकार द्वारा इसे कमजोर किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी भी मौजूद रहे।

अब यूपी में ही होगी प्राइवेट सिक्यॉरिटी गार्डों की ट्रेनिंग

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में प्राइवेट सुरक्षा क्षेत्र को अधिक संगठित, पारदर्शी और आधुनिक बनाने के लिए डीजीपी मुख्यालय ने एक बड़ा कदम उठाया है। यूपी में प्राइवेट सुरक्षा गार्डों और सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण के लिए राज्य में प्रशिक्षण संस्थानों को लाइसेंस देने की नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है। इससे न केवल प्रदेश में प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ेगी, बल्कि प्राइवेट सुरक्षा अभिकरणों की लागत भी कम होगी।

राज्य में प्रशिक्षण संस्थानों को लाइसेंस देने की प्रक्रिया लागू

वर्तमान में उत्तर प्रदेश में पसारा ऐक्ट-2005 के तहत 3097 लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। लेकिन इन लाइसेंस धारकों को अपने गार्डों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए अब तक दूसरे राज्यों के अधिकृत प्रशिक्षण संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ता था। इसके कारण समय, धन और मानव संसाधनों की भारी खपत होती थी, लेकिन नई एसओपी लागू होने के बाद यह निर्भरता पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। एसओपी के अनुसार अब प्रदेश में ही प्राइवेट सुरक्षा क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थानों को लाइसेंस जारी किए जाएंगे। ये लाइसेंस एडीजी लॉ ऐंड ऑर्डर द्वारा दिए जाएंगे।

संपूर्ण प्रक्रिया भारत सरकार द्वारा प्राइवेट सुरक्षा क्षेत्र के लिए तय मानकों के अनुरूप तैयार की गई है, जिससे प्रशिक्षण के स्तर, पारदर्शिता और वैधानिकता में मजबूती आएगी। इससे आर्थिक व्यय तो घटेगा ही साथ ही इन संस्थानों के खुलने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

प्रशासनिक नियंत्रण में होने के कारण इन संस्थानों की गुणवत्ता का निरंतर मूल्यांकन किया जा सकेगा, जिससे प्रशिक्षण स्तर में सुधार होगा। नई एसओपी और अनुज्ञप्ति प्रक्रिया का विस्तृत विवरण उत्तर प्रदेश पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट uppolice.gov.in पर उपलब्ध करा दिया गया है।

2025-26 में राजस्व वसूली घटी, GST वसूली का लक्ष्य 79% बढ़ा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : योगी सरकार ने बुधवार को 9.12 लाख करोड़ रुपये का सबसे बड़ा बजट बुधवार को पेश किया। बजट में प्रस्तावित रकम को खर्च करने के लिए सरकार ने अपनी राजस्व प्राप्तियों के लक्ष्य को भी बढ़ाया है, लेकिन बढ़े हुए इस लक्ष्य को पाना राज्य सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। मौजूदा वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार ने सबसे अधिक राजस्व देने वाले विभाग राज्य कर का परफॉर्मेंस अच्छा नहीं रहा है।

बजट में राज्य सरकार ने जो अनुमान लगाया है उसके मुताबिक मौजूदा वित्तीय वर्ष में राज्य वस्तु एवं सेवा कर की मद में होने वाली वसूली में करीब 36 प्रतिशत की कमी आ सकती है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में राज्य वस्तु एवं सेवा कर की मद में सरकार ने 1.30 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व रखा था, जिसे घटाकर 83,691 करोड़ रुपये कर दिया है। वहीं, भू-राजस्व से होने वाली वसूली को भी घटा दिया गया है। इसी तरह दूसरे विभागों से मिलने वाले राजस्व के लक्ष्य को भी घटा दिया गया है।

राज्य वस्तु एवं सेवा कर से मिलने वाले राजस्व को बढ़ाना चुनौती : राज्य सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती राज्य वस्तु एवं सेवा कर से मिलने वाले राजस्व को बढ़ाना होगी। मौजूदा वित्तीय वर्ष में इससे मिलने वाले राजस्व को घटाकर 83,691 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके मुकाबले अगले वित्तीय वर्ष के लिए सरकार ने राज्य वस्तु एवं सेवा कर से होने वाली राजस्व वसूली को 1.49 लाख करोड़ रुपये की वसूली का लक्ष्य रखा है। इस तरह से लक्ष्य में करीब 79 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। जानकारों का मानना है कि इस लक्ष्य को पाने के लिए विभाग को बड़े कदम उठाने होंगे और मौजूदा वित्तीय वर्ष में की गई कमियों को सुधारना होगा। वहीं, भू-राजस्व की मद में पुनरीक्षित अनुमान से 144 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। स्टांप एवं पंजीयन विभाग के लक्ष्य में पुनरीक्षित अनुमान से 35 प्रतिशत, राज्य उत्पाद शुल्क के लक्ष्य में 17 प्रतिशत, बिक्री व्यापार कर से मिलने वाले राजस्व के लक्ष्य में 42 प्रतिशत, वाहन कर से लक्ष्य में 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

किस मद में कितनी करनी होगी बढ़ोतरी (राशि करोड़ में)

मद	2025-26 (पुनरीक्षित)	2026-27	प्रतिशत
राज्य वस्तु एवं सेवाकर	83,691.60	1,49,956	79.18
भू-राजस्व	334.06	817	144.57
स्टांप एवं पंजीयन फीस	32331.93	43802	35.48
राज्य उत्पाद शुल्क	60728.23	71278	17.37
बिक्री व्यापार कर	33683.61	48115	42.84
वाहन कर	12360.12	15,808	27.90
विद्युत कर	3051.43	4715	54.52

मौजूदा वित्तीय वर्ष राजस्व वसूली में पीछे रहे प्रमुख विभाग

मद	2025-26 (अनुमान)	2025-26 (पुनरीक्षित)
राज्य वस्तु एवं सेवाकर	130425	83,691.60
भू-राजस्व	625	334.06
स्टांप एवं पंजीयन फीस	38150	32331.93
राज्य उत्पाद शुल्क	63000	60728.23
बिक्री व्यापार कर	45300	33683.61
वाहन कर	14000	12360.12
विद्युत कर	3500	3051.43

तेजी से आगे बढ़ाएं अपने मार्केट के रिटर्न को

एलआईसी इंडेक्स प्लस

मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ

एक नॉन - पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना
- मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरुआत कीजिए
- दो फंड्स में से चुनिए - निफ्टी 50 (फ्लेक्सी स्मार्ट ग्रोथ फंड) या निफ्टी 100 (फ्लेक्सी ग्रोथ फंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
- गारंटीड एडीशन्स के साथ*

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/ नजदीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

8976862090

LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

शहर में आज

- हार्टविंग 18 की ओर से यूपीएससीआई कार्डियोथॉन वॉकथॉन, अटल बिहारी बाजपेयी कन्वेंशन सेंटर, चौक, सुबह 6 बजे।
- न्यू बाल भारती स्कूल की ओर से पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि, शहीद स्मारक स्थल, सुबह 9:30 बजे।
- रायफल्स अकैडमी में वार्षिक कला प्रदर्शनी, विद्यालय परिसर, आदिल नगर, कंचना बिहारी मार्ग, सुबह 10 बजे।
- भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की ओर से भारत में सतत विकास लक्ष्य एवं आर्थिक विकासः उपलब्धियां और चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी, लखनऊ विश्वविद्यालय, सुबह 10:15 बजे।
- आदर्श भारतीय विद्यालय में साइंस ऐंड क्राफ्ट प्रदर्शनी, आजादनगर, आलमबाग, सुबह 11 बजे।
- वार्षिक शैक्षणिक प्रदर्शनी, डीपीएस, इंदिरानगर, दोपहर 12 बजे।
- सर्टिफिकेट एजुकेशन प्रोग्राम-2026, एनएसबी कमिटी रूम, केजीएमयू, दोपहर 1 बजे।
- जन विचार मंच की ओर से असमानता के दौर में मीडिया विषयक संगोष्ठी, कैफी आजमी अकादमी सभागार, पेपरमिल कॉलोनी, निशातगंज, 3:30 बजे।
- शिव-पार्वती विवाह पर मेहंदी एवं हल्दी रस्म, महाकाल मंदिर, द्वितीय मार्ग, राजेंद्र नगर, शाम 7 बजे।

भारी वाहन चलाने के लिए अब 'भारी' मशक्कत

● HMV लाइसेंस के लिए ड्राइविंग स्कूलों का सर्टिफिकेट अनिवार्य ● ट्रेनिंग स्कूलों की कमी से अटक रहे लाइसेंस

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ:

राजधानी में भारी वाहन (HMV) चलाने का लाइसेंस बनवाना अब आसान नहीं होगा। परिवहन विभाग ने इसके लिए 'फॉर्म 5ए' (प्रशिक्षण प्रमाणपत्र) अनिवार्य कर दिया है। यह सर्टिफिकेट केवल मान्यता प्राप्त ड्राइविंग स्कूलों से ही जारी हो सकता है, लेकिन शहर में इनकी संख्या महज पांच है। ऐसे में लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले लोग इन स्कूलों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

सिर्फ ड्राइविंग नहीं, फ्यूल बचाना भी सीखना होगा

नए नियमों के मुताबिक, चालकों को अब न केवल वाहन चलाने की दक्षता साबित करनी होगी, बल्कि 'फ्यूल एफिशिएंसी' (ईंधन बचत) का एक दिन का विशेष प्रशिक्षण भी लेना होगा।

डिजिटल सबूत

अब सिर्फ कागजी सर्टिफिकेट से काम नहीं चलेगा। ट्रेनिंग के दौरान के फोटो और वीडियो भी साक्ष्य के तौर पर सुरक्षित रखने होंगे, जिनकी मांग RTO या निरीक्षण अधिकारी कभी भी कर सकते हैं।

रजिस्टर और बुकलेट

हर ड्राइविंग स्कूल को अभ्यर्थियों का फोटो सहित पूरा ब्योरा एक रजिस्टर में दर्ज करना होगा और इसकी बुकलेट RTO कार्यालय में जमा करनी होगी।

AI Image

मुश्किल: आवेदक ज्यादा, स्कूल कम

लखनऊ RTO में हर दिन औसतन 15 से 20 लोग सामान्य लाइसेंस को HMV में कन्वर्ट कराने के लिए आवेदन करते हैं। स्कूलों की कमी के कारण वेटिंग लिस्ट लंबी हो रही है। हालांकि, विभाग का दावा है कि नए ड्राइविंग स्कूलों के लिए आवेदन आने शुरू हो गए हैं, जिससे भविष्य में राहत मिल सकती है।

किन वाहनों के लिए चाहिए HMV लाइसेंस?

7500 किलो से अधिक वजन वाले वाहनों के लिए यह लाइसेंस अनिवार्य है।

- **कमर्शल** ट्रक, ट्रेलर, बड़े टैंकर, बसें।
- **कंस्ट्रक्शन** क्रेन, बुलडोजर, लोडर और कंक्रीट मिक्सर।

स्कूलों पर भी सख्ती

- **चेकिंग:** ARTO प्रशासन और मोटर वाहन निरीक्षक समय-समय पर स्कूलों का औचक निरीक्षण करेंगे।
- **रिपोर्ट:** नियमों के उल्लंघन पर स्कूलों की मान्यता रद्द करने की भी चेतावनी दी गई है।

कैंट में मांझे से बाइक सवार की गर्दन कटी

■ NBT न्यूज, लखनऊ : कैंट इलाके में शुक्रवार शाम पतंग का मांझा फंसने से बाइक सवार युवक की गर्दन कट गई। बाइक पर पीछे बैठे दोस्त ने उसे सिविल हॉस्पिटल में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने छह टांके लगाए। इंदिरानगर निवासी ध्रुव नारायण पांडेय शुक्रवार को दोस्त सुमित चौरसिया के साथ बंगला बाजार की ओर गए थे। शाम को लौटते समय कैंट इलाके में अचानक उनकी गर्दन में मांझा फंस गया, जिससे उनकी गर्दन कट गई और खून बहने लगा। गनीमत रही कि उन्होंने तुरंत बाइक रोक दी और दोस्त के साथ सिविल हॉस्पिटल पहुंचे।

नगर निगम में वॉट्सऐप वॉर

नगर निगम के ऑफिशल वॉट्सऐप ग्रुप पर हुई कहासुनी, बकाया टैक्स वसूली पर भिड़े CTAO और जोनल अधिकारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी (CTAO) विनय राय और जोन-3 के जोनल अधिकारी (ZO) आकाश कुमार के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। नगर निगम के ऑफिशियल वॉट्सऐप ग्रुप पर दोनों अधिकारियों के बीच कहासुनी हो गई। विनय राय ने अमर्यादा का आरोप लगाकर नगर आयुक्त से आकाश कुमार की शिकायत की है, जबकि पालिका सर्विस के अफसरों ने इसे अनुशासनहीनता बताते हुए मामले में कड़ा ऐक्शन लेने की मांग की है। जिस ग्रुप पर दोनों अफसरों के बीच विवाद हुआ उसमें नगर आयुक्त भी जुड़े हैं।

मामले के अनुसार दोनों अफसरों में विवाद बकाया हाउस टैक्स वसूली की एक कार्रवाई को लेकर हुआ। नगर निगम जोन-7 की तरफ से यूपीसीडा से 17 लाख रुपये के बकाया टैक्स का कलेक्शन किया गया। इसके बाद जोन-7 के कर अधीक्षक अजीत राय ने नगर निगम के ऑफिशियल वॉट्सऐप ग्रुप में लिखा कि चार महीने पहले अधिकारी और कर्मचारी लिखा करते थे कि बकाया नहीं आएगा। इस पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने लिखा कि कुछ लोग काम न करने के केवल बहाने खोजते हैं। कुछ मुश्किल से अगर तरीका खोजते भी हैं तो ब्याज माफ करवा देते हैं। इस एटिट्यूड से अगर कोई काम करेगा तो यूपीसीडा का क्या किसी का एरियर नहीं आएगा। जोनल अधिकारी ने कहा- कोई आपसे कम नहीं है।

आकाश कुमार ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि कृपया विस्तार से बताएं कि किसके बारे में कह रहे हैं। हमें भी बताएं कि किसने बिना नगर आयुक्त महोदय की अनुमति के ब्याज माफ करवा दिया। इसके बाद उन्होंने लिखा कि सभी लोग अपना काम कर रहे हैं। फालतू की बात न करें। यहां पर कोई आपसे कम काबिल नहीं है।

AI Image

किसने क्या लिखा

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी (CTAO) विनय राय

जोन-3 के जोनल अधिकारी

जोनल अफसर और मुख्य कर अधिकारी के बीच विवाद क्यों हुआ, इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। इस तरह किसी भी उच्च अफसर के खिलाफ ऑफिशल ग्रुप पर टिप्पणी ठीक नहीं है।

- ललित कुमार, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम

अतिक्रमण हटाने के लिए मांगी फोर्स

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : ठाकुरगंज इलाके में अतिक्रमण को लेकर नगर निगम एक बार फिर से ऐक्शन में है। नगर निगम जोन छह के जोनल अफसर ने ठाकुरगंज पुलिस को पत्र लिखकर भारी संख्या में पुलिस बल देने की मांग की है। जोनल अफसर अमरजीत यादव का कहना है कि लोगों के विरोध को देखते हुए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए बड़ी संख्या में पुलिस की जरूरत पड़ती है। नगर निगम की ईटीएफ टीम कार्रवाई के दौरान पर्याप्त नहीं होती है। फिलहाल पुलिस की ओर से अभी फोर्स दिए जाने की सहमति नहीं दी गई है। ऐसे में 18 फरवरी को अतिक्रमण के खिलाफ प्रस्तावित कार्रवाई अधर में लटक सकती है। ठाकुरगंज में सिरके वाली गली से लेकर निवाजगंज तक नाले के ऊपर अतिक्रमण को लेकर नगर निगम कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

48 हजार स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी, नगर निगम के पास सीढ़ी ही नहीं

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

राजधानी को स्मार्ट सिटी बनाने के दावों के बीच जमीनी हकीकत यह है कि शहर की करीब 48 हजार स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। इन्हें ठीक करने की जिम्मेदारी जिस नगर निगम पर है, उसके पास न तो पर्याप्त हाइड्रोलिक लैडर (सीढ़ियां) हैं और न ही वाहनों के लिए डीजल। हालात इतने खराब हैं कि कर्मचारी मौके पर पहुंच तो रहे हैं, लेकिन ऊंचाई तक पहुंचने का साधन न होने के कारण खाली हाथ लौट रहे हैं।

पार्षद ने खोला मोर्चा

चिनहट सेकंड वॉर्ड के बीजेपी पार्षद शैलेंद्र वर्मा ने नगर आयुक्त से इस बदहाली की लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि अकेले उनके वॉर्ड में 200 से ज्यादा लाइटें खराब हैं। पार्कों में अंधेरा होने के कारण बुजुर्गों और महिलाओं का शाम को टहलना दूभर हो गया है।

बजट है, लेकिन...

पार्षद का आरोप है कि लाइटिंग विभाग के पास भारी-भरकम बजट होने के बावजूद बुनियादी उपकरणों का अभाव है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही संसाधनों की कमी दूर कर मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे नगर निगम मुख्यालय पर धरना देंगे।

गरीबों के लिए बनेंगे मैरिज लॉन

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

सरकारी जमीन का सदुपयोग करने के लिए नगर निगम ने नया फैसला लिया है। अब खाली पड़ी सरकारी जमीन की पैमाइश कर उस पर कम आय वर्ग के लोगों के लिए मैरिज लॉन और सामुदायिक केंद्र का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम ने सभी जोन में जमीन चिह्नित करना शुरू कर दिया है। नगर निगम जोन-8 के तहत हरिहरपुर और अहमद खेवली गांव का मेयर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त गौरव कुमार ने निरीक्षण भी किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद कुमार राव सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

> नगर निगम ने जमीन चिह्नित करना शुरू किया

तालाबों, सरकारी जमीन का होगा सर्वे : अवैध कब्जों पर अंकुश लगाने के लिए अब नगर निगम क्षेत्र में तालाबों और सरकारी जमीनों का सर्वे करवाया जाएगा। संपत्ति विभाग की समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने यह निर्देश जारी करते हुए एक महीने में रिपोर्ट मांगी है। नगर निगम सदन की बैठक में मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम की जमीनों पर हो रहे अवैध कब्जों की शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। साथ ही, निगम की जमीनों को सुरक्षित करने के लिए तारबंदी के लिए भी कहा था। अपर नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा चिह्नित करके खाली करवाई गई 70 गाटों की जमीन पर मुख्य अभियंता कार्यालय द्वारा तारबंदी करवाई जाएगी। 45 गाटों पर नगर निगम का उद्यान विभाग गड्ढे खोदने के साथ तारबाड़ करके जमीन सुरक्षित कराएगा।

जेई साहब आए, पैसे भी ले गए...पर मीटर लगवाना भूल गए!

ठाकुरगंज और रईस नगर ढाल पर रहने वाले 50 से अधिक परिवार परेशान सता रहा बिजली चोरी में फंसने का डर

■ NBT न्यूज, लखनऊ

राजधानी के ठाकुरगंज और रईस नगर ढाल इलाके के 50 से अधिक परिवार लेसा की कार्यप्रणाली के कारण दोहरी मुसीबत में फंस गए हैं। इन लोगों का आरोप है कि करीब नौ महीने पहले मीटर और नए कनेक्शन के नाम पर उनसे 4 से 6 हजार रुपये वसूले गए, लेकिन आज तक न तो मीटर लगा और न ही कनेक्शन के कागजात दिए गए। अब इन परिवारों को डर सता रहा है कि बिना कागजों के बिजली इस्तेमाल करने पर कहीं उन पर बिजली चोरी का केस न दर्ज हो जाए।

पीड़ितों के मुताबिक, नौ महीने पहले गऊघाट उपकेंद्र के जेई अशोक कुमार के साथ एक टीम इलाके में आई थी। टीम ने बिजली कनेक्शन वैध कराने की अपील करते हुए प्रति परिवार रकम जमा करवाई और मौके पर ही तार जोड़ दिए। पीड़ितों का कहना है कि तब टीम ने वादा किया था कि एक-दो दिन में मीटर और रसीद मिल जाएगी, लेकिन तब से अधिकारी केवल चक्कर लगवा रहे हैं।

दफ्तरों के चक्कर काट रहे पीड़ित

आसमा बानो, नाजरीन और आरिफ समेत कई पीड़ितों ने बताया कि वे गऊघाट उपकेंद्र से लेकर रेजिडेंसी स्थित लेसा मुख्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। गऊघाट वाले उन्हें कक्ष संख्या-55 भेज देते हैं और वहां से फिर वापस गऊघाट। कागजात न होने के कारण तकनीकी रूप से उनका कनेक्शन 'अवैध' है, जिससे पूरी बस्ती दहशत में है।

> इस मामले में अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। पीड़ित मेरे कार्यालय आकर शिकायत दें। यदि किसी कर्मचारी या अधिकारी ने अवैध वसूली की है, तो जांच कराकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
>
> *- रवि अग्रवाल, चीफ इंजीनियर, सेंट्रल जोन*

> मुझ पर लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं। मेरी मौजूदगी में किसी से कोई रकम नहीं ली गई है।
>
> *- अशोक कुमार, जेई, गऊघाट उपकेंद्र*

QR कोड स्कैन कर मिलेगी ट्रेनों की सटीक जानकारी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : रेलवे स्टेशन पर अगले चार घंटे में कौन सी ट्रेन आएगी-जाएगी, इसकी जानकारी के लिए यात्रियों को अब पूछताछ काउंटर के भरोसे नहीं रहना होगा। इन-हाउस वेब एप्लिकेशन की मदद से यह जानकारी तुरंत मोबाइल पर मिल जाएगी। इसके लिए रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शित QR कोड को स्कैन करना होगा। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने गोरखपुर में इसकी शुरुआत की है। जल्द यह सुविधा लखनऊ समेत सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर शुरू होगी।

पीआरओ महेश गुप्ता ने बताया कि डीआरएम गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में व्हाइटबोर्ड की जगह रियल-टाइम डिजिटल इंटरफेस स्थापित किया गया है। यह वेब पेज अगले चार घंटों में गोरखपुर से प्रस्थान करने वाली सभी ट्रेनों की लाइव स्थिति प्रदर्शित करता है। डायवर्ट और निरस्त ट्रेनों की जानकारी भी प्रमुखता से मिलेगी।

आज रात 12 बजे से बदला रहेगा 11 रास्तों पर यातायात

■ NBT न्यूज, लखनऊ : महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में दर्शन के लिए उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर शनिवार रात 12 बजे से रविवार रात तक 11 मार्गों का ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। इमरजेंसी होने पर प्रतिबंधित मार्ग से स्कूली वाहन, दमकल वाहन, ऐंबुलेंस, शव वाहन गुजर सकेंगे। इसके लिए ट्रैफिक कंट्रोल रूम नंबर 9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।

ऐसे होगी वाहनों की आवाजाही

- डालीगंज इक्का तांगा स्टैंड चौराहे से मनकामेश्वर मंदिर बंधा से हनुमान सेतु मंदिर तिराहे की जगह आईटी चौराहा या डालीगंज पुल होकर
- मनकामेश्वर मंदिर ढाल तिराहे से मनकामेश्वर मंदिर की तरफ नो एंट्री
- पक्का बंधा तिराहे से मनकामेश्वर मंदिर की जगह आईटी चौराहा व सुभाष चौराहा होकर
- बुद्धेश्वर चौराहे से बुद्धेश्वर मंदिर की जगह बुद्धेश्वर ओवरब्रिज होकर
- पारा तिराहे से बुद्धेश्वर चौराहे के बीच ट्रैफिक संचालन नहीं
- आगरा एक्सप्रेस-वे से सीतापुर रोड के लिए मोहान मोड़ से तिकोनिया तिराहा, बुद्धेश्वर ओवरब्रिज होकर
- दुबग्गा तिराहे से तिकोनिया तिराहा, बाराबिरवा चौराहा के लिए बुद्धेश्वर ओवरब्रिज होकर
- बाराबिरवा चौराहा, मानकनगर से सीतापुर रोड/दुबग्गा के लिए बुद्धेश्वर ओवरब्रिज होकर
- नहर पुल चौराहा (काकोरी मोड़) से बुद्धेश्वर चौराहा से दुबग्गा चौराहा या तिकोनिया तिराहा की जगह नहर पुल चौराहा से पारा थाना, तिकोनिया तिराहा, बुद्धेश्वर ओवरब्रिज होकर
- बालागंज चौराहे से कोनेश्वर मंदिर, कोनेश्वर चौराहा, चंदापर तिराहा, चौक, चरक चौराहे की जगह बालागंज चौराहे से बाएं हरिनगर, बंधा ग्रीन कॉरिडोर मार्ग, कुड़ियाघाट होकर
- चरक चौराहे से चौक चौराहा, कोनेश्वर मंदिर, कोनेश्वर चौराहा, बालागंज चौराहे की जगह चरक चौराहा, रूमी गेट चौराहा, कुड़ियाघाट, बंधा ग्रीन कॉरिडोर मार्ग, हरिनगर होकर

AI Image



लिफ्ट गिरने पर फर्म पर FIR, जुर्माना भी लगेगा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीजी सिटी में सीआईआई टावर के में निरीक्षण के दौरान 7वीं मंजिल से लिफ्ट गिरने के मामले में लिफ्ट लगाने वाली फर्म अल्टम आग प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ शुक्रवार को सुशांत गोल्फ सिटी थाने में FIR दर्ज करवाई गई है। यह FIR एलडीए के जेई आशीष श्रीवास्तव ने दर्ज करवाई है। जब लिफ्ट गिरी तब एलडीए वीसी प्रथमेश कुमार सहित कई अधिकारी उसमें थे। वीसी ने कहा कि फर्म पर जुर्माना लगाकर काली सूची में डाला जाएगा। फर्म को नई लिफ्ट लगाने को भी कहा गया है।

AI Image

निजी मेडिकल संस्थानों में सिर्फ लावारिस शव का PM



■ NBT न्यूज, लखनऊ: राज्य सरकार ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों में पोस्टमॉर्टम की व्यवस्था को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह फैसला फॉरेंसिक मेडिसिन की पढ़ाई को मजबूत करने और पीजी पाठ्यक्रमों के बेहतर संचालन के मकसद से लिया गया है। अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष की ओर से जारी निर्देश के अनुसार, अब लखनऊ समेत यूपी के सरकारी, स्वायत्तशासी और निजी मेडिकल कॉलेजों में सिर्फ लावारिस शव ही पोस्टमॉर्टम के लिए भेजे जाएंगे।

AI Image

पार्कों में सुविधाएं और सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : शहर में पार्कों की देखरेख और उससे होने वाली आय को लेकर शुक्रवार को मंडलायुक्त ने आयुक्त कार्यालय में बैठक की। बैठक में एलडीए और स्मारक समिति द्वारा संचालित विभिन्न पार्कों के रखरखाव और संचालन के संबंध में चर्चा हुई। बैठक में स्मारक समिति के अफसरों ने पार्कों की व्यवस्थाओं के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया। मंडलायुक्त ने एलडीए सचिव को पार्कों में सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने, सीसीटीवी कैमरों को ठीक करने के निर्देश दिए।

AI Image

हेल्थ रैंकिंग में लखनऊ पूरे प्रदेश में अव्वल



■ NBT न्यूज, लखनऊ: स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में राजधानी लखनऊ ने पूरे प्रदेश में बादशाहत साबित की है। मुख्यमंत्री हेल्थ डैशबोर्ड की ताजा रैंकिंग में लखनऊ जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। शुक्रवार को हुई मंडलीय समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सीएमओ डॉ. एनबी सिंह को सम्मानित किया और पूरी टीम की पीठ थपथपाई। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि लखनऊ ने खासतौर पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

राहत | जनता दर्शन में मां के साथ पहुंची 12वीं की छात्रा की फरियाद सुनकर डीएम ने तुरंत मुहैया करवाई मदद

परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र दिलवाया, मकान के लिए रकम भी मिलेगी

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

'सर, पिता जी नहीं रहे। मां किसी तरह हम तीन बहनों को पाल रही हैं। फीस न भरने की वजह से स्कूल एडमिट कार्ड नहीं दे रहा है। प्लीज मदद कीजिए, वरना साल बर्बाद हो जाएगा।' गुडंबा की एक छात्रा की यह सिसकियां शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के जनता दर्शन में हर किसी को भावुक कर गईं। डीएम विशाख जी ने छात्रा की फरियाद को न केवल गंभीरता से सुना, बल्कि मौके पर ही उसका भविष्य सुरक्षित करने के निर्देश दिए।

तुरंत मिला एडमिट कार्ड

गुडंबा गन्ने का पुरवा निवासी श्वेता तीन बेटियों के साथ कलक्ट्रेट पहुंची थी। बड़ी बेटी इंटरमीडिएट की छात्रा है। उसने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वह स्कूल की फीस जमा नहीं कर पाई है। इस पर डीएम ने तत्काल जिला विद्यालय निरीक्षक (DIOS) को फोन कर निर्देश दिया कि छात्रा को फौरन प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, उसकी बकाया फीस जमा कराने की व्यवस्था करने को भी कहा।

बहन की पढ़ाई और मां को पेंशन

डीएम ने निजी स्कूल में पढ़ रही मंझली बहन का दाखिला सरकारी स्कूल में करवाकर उसकी फीस माफ कराने का आश्वासन दिया। साथ ही, मां श्वेता को 'विधवा पेंशन' योजना से जोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू करा दी।

किराए के घर से मिलेगी मुक्ति

छात्रा ने जब बताया कि वे किराए के मकान में रहते हैं, तो अधिकारियों ने फाइल चेक की। पता चला कि परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जमीन पहले ही आवंटित है। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मकान निर्माण के लिए ढाई लाख रुपये की राशि तुरंत स्वीकृत की जाए।

सीमांकन और पैमाइश की फाइलों में दस्तखत नहीं कर रहे कानूनगो

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सदर तहसील के कानूनगो सीमांकन और पैमाइश की फाइलें दबाए बैठे हैं। डीएम ने औचक निरीक्षण में पाया कि कई फाइलों में कानूनगो ने दस्तखत नहीं किए, जिसकी वजह से फाइलें लंबित हैं। उन्होंने ऐसे अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही हर सप्ताह केसों के निस्तारण व पेंडेंसी की रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

खुर्रमपुर स्थित सदर तहसील के सभी पटलों का डीएम विशाख जी ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। उन्होंने सबसे पहले एसडीएम सदर न्यायालय का निरीक्षण किया। जहां कुछ पुराने वाद में आदेश के लिए फाइलें लंबित मिलीं। डीएम ने सभी पुराने वाद के निस्तारण की तिथि निर्धारित करने के निर्देश दिए। आरसीएमएस पोर्टल पर धारा 24 (सीमांकन और चिह्नांकन) के वाद इसलिए लंबित मिले, क्योंकि उनमें कानूनगो की रिपोर्ट नहीं थी। डीएम ने ऐसे प्रकरणों को चिह्नित कर संबंधित कानूनगो को नोटिस जारी करने और विभागीय कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सदर तहसील का निरीक्षण कर पकड़ी मनमानी, नोटिस जारी किए गए



फाइलों में घालमेल की आशंका में पेशकार की जांच : डीएम ने नायब तहसीलदार सिटी के न्यायालय में निस्तारित पत्रावलियां रखी पाई गईं। फाइलें क्यों रखी हैं? इसका पेशकार संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। पेशकार के विरुद्ध भी विभागीय कार्यवाही शुरू करने के निर्देश डीएम ने दिए।

मेड़बंदी की फाइलों की मांगी रिपोर्ट : डीएम ने राजस्व लिपिक से मेड़बंदी के आदेशों की रिपोर्ट मांगी तो राजस्व लिपिक ने बताया कि रजिस्टर में केस दर्ज करके आदेश के लिए उसे कानूनगो को भेज दिया जाता है। डीएम ने अब तक हुए आदेश और उनमें कानूनगो स्तर पर पेंडेंसी की रिपोर्ट मांगी है।

'लगातार कर्मचारी हितों की अनदेखी कर रही सरकार'

AI Image

■ NBT न्यूज, लखनऊ: अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर यूपी फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विस असोसिएशन ने आंदोलनरत कर्मचारियों को समर्थन दिया। सरकार और शासन से कर्मचारियों की लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। अध्यक्ष संदीप पांडे और महामंत्री मंसूर अली ने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में कर्मचारी एसआईआर में ड्यूटी कर रहे हैं। वह घर और क्षेत्र से बाहर हैं, ऐसे में चल-अचल संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर देने पर कर्मचारी का वेतन रोका जाना पूरी तरह अव्यवहारिक कदम है। सरकार और शासन की ओर से लगातार कर्मचारी हितों की अनदेखी की जा रही है। जिसकी वजह से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में शुक्रवार को मुख्य सचिव को पत्र भी भेजा गया है। प्रदर्शनकारियों के उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार और क्षेत्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह महामंत्री रंजीत कुमार ने भी संबोधित किया। इस दौरान यूपी फेडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विस असोसिएशन के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, महामंत्री सुधीर भारतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार चौधरी, उपाध्यक्ष राजकुमार आदि मौजूद रहे।

AI और रोबॉट करेंगे दिल का इलाज

डिप्टी सीएम बोले, केजीएमयू आ रहे पड़ोसी मुल्क के मरीज, हर जिले में मेडिकल कॉलेज से मजबूत हुई सेहत

कार्डिकॉन-2026

■ NBT न्यूज, लखनऊ

केजीएमयू (KGMU) अब न केवल प्रदेश, बल्कि देश और पड़ोसी मुल्कों के लिए भी हृदय चिकित्सा का बड़ा केंद्र बन गया है। अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में 'कार्डिकॉन 2026' की शुरुआत पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लारी कार्डियोलॉजी विभाग में रोबोटिक सर्जरी और एआई तकनीक से इलाज को नई रफ्तार दी जा रही है। सरकार केजीएमयू के इस आधुनिक सफर में पूरी मदद देगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि यूपी में स्वास्थ्य सेवाएं तेजी से बदली हैं। अब हर पांच हजार की आबादी पर अस्पताल की सुविधा है और हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। इससे न केवल इलाज सुलभ हो रहा है, बल्कि नए डॉक्टरों की फौज भी तैयार हो रही है। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने संस्थान में उपलब्ध आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का ब्योरा साझा किया।

ब्रजेश पाठक ने कहा, लारी बनेगा हृदय चिकित्सा का हब

मौजूद रहे ये विशेषज्ञ: इस दौरान कार्डियोलॉजी सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. श्रीमान कहाली, डॉ. अक्षय प्रधान, डॉ. शरद चंद्रा और डॉ. प्रवेश विश्वकर्मा समेत कई नामचीन डॉक्टर मौजूद रहे।

सावधान! ये तीन दुश्मन हैं खतरनाक

कॉन्फ्रेंस में लारी के विभागाध्यक्ष डॉ. ऋषि सेठी ने चेताया कि यदि किसी को डायबिटीज के साथ बीपी और मोटापा है, तो उसे हार्ट अटैक का खतरा कई गुना ज्यादा है। उन्होंने बताया कि पेट की चर्बी खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ाती है, जिससे धमनियों में ब्लॉकेज होने लगता है।

डॉक्टर्स की सलाह: दिल का ध्यान कैसे रखें

रेगुलर चेकअप: 30 साल की उम्र के बाद शुगर, बीपी और कोलेस्ट्रॉल की जांच जरूर कराएं।
30 मिनट का नियम: रोजाना कम से कम आधा घंटा टहलना अनिवार्य है।
डाइट कंट्रोल: मीठा, नमक और डिब्बाबंद खाने से पूरी तरह परहेज करें।
साइलेंट किलर: हाई ब्लड प्रेशर को हल्के में न लें, यह दिल की मांसपेशियों को कमजोर कर देता है।

'एआई हर मर्ज की दवा नहीं'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: मरीज की सुरक्षा किसी एक डॉक्टर या कर्मचारी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरी टीम की होती है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) इलाज में मददगार हो सकता है, लेकिन यह हर मर्ज की दवा नहीं है। डॉक्टरों और स्टाफ को लगातार एआई तकनीक सीखते रहना चाहिए। ये बातें यूपी आयुर्विज्ञान यूनिवर्सिटी सैफई के कुलपति प्रो. अजय सिंह ने कहीं। वह शुक्रवार को एरा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पेशेंट सेफ्टी कॉन्क्लेव 2026 में अपनी बात रख रहे थे। उन्होंने कहा कि इलाज के दौरान होने वाली 50 फीसदी से ज्यादा गलतियों को रोका जा सकता है। इस दौरान डॉ. विकास, डॉ. बबानी पोद्दार के अलावा अन्य ने भी अपनी बात रखी।

बच्चों को सिखाई टूथ-ब्रश करने की सही टेक्निक

■ NBT न्यूज, लखनऊ

बच्चों को बेसिक ओरल हाइजीन प्रैक्टिस और टूथ-ब्रश करने की सही टेक्निक सिखाने के लिए राम मनोहर लोहिया संस्थान में कार्यक्रम रखा गया। इंटरनेशनल ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी डे पर डेंटिस्ट्री डिपार्टमेंट ने डेंटल स्क्रीनिंग कैंप भी लगाया। संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह, डीन प्रो. प्रद्युम्न सिंह और प्रो. विक्रम सिंह की अगुवाई में इसका आयोजन हुआ।

डेंटिस्ट्री विभाग की अध्यक्ष डॉ. शैली महाजन ने बच्चों को सही तरीके से ब्रश करने का तरीका समझाया। रोजाना दांत साफ रखने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि छोटी उम्र में अच्छी आदतें अपनाने से आगे चलकर बड़ी दिक्कतों से बचा जा सकता है। डॉ. पद्मनिधि अग्रवाल ने चेहरे और दांतों की चोटों के बारे में जानकारी दी। डॉ. श्वेता मेहता ने बच्चों को डेंटल उपकरणों से रूबरू कराया, ताकि उनका डर कम हो सके। डॉ. प्रियंवदा ने कैविटी से बचाव के उपाय बताए। कार्यक्रम में पजल और क्विज भी करवाई गई। आखिरी में छात्रों और शिक्षकों को ओरल हाइजीन किट बांटी गई।

कैंसर के बेहतर इलाज के लिए आज से होगी चर्चा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: फेफड़ों के कैंसर के बेहतर इलाज के लिए केजीएमयू में शनिवार को देश-विदेश के विशेषज्ञ एक मंच पर अनुभव साझा करेंगे। डॉक्टरों को नई तकनीकों और दवाओं की जानकारी दी जाएगी। लोगों को फेफड़ों के कैंसर की समय रहते पहचान करने के तरीके भी सुझाए जाएंगे। यह जानकारी केजीएमयू पल्मोनरी ऐंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने दी। वह शुक्रवार को केजीएमयू के शताब्दी भवन में पत्रकारवार्ता में इसे साझा कर रहे थे। बताया कि केजीएमयू के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग, इंडियन चेस्ट सोसायटी और पल्मोक्रिट फाउंडेशन की तरफ से 14 व 15 फरवरी को शताब्दी भवन फेज-2 के सभागार में एआईपीकॉन 2026 का आयोजन होगा।

LU: फाइल गुम हुई तो बाबुओं पर होगी FIR

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में अब जिन कर्मचारियों के सेक्शन से सरकारी दस्तावेज गायब मिलेंगे उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। वर्तमान कर्मचारियों के साथ ही अगर रिटायर्ड कर्मचारियों की लापरवाही हुई तो उन पर भी दस्तावेज गायब मिलने पर यही कार्रवाई होगी। विवि में पुराने कई मामलों के दस्तावेज न मिलने पर विवि की ओर से अब बाबुओं पर सख्ती की तैयारी की जा रही है।

लखनऊ विश्वविद्यालय में हाल में एक मामले में कई दिनों से पूरी फाइल ही गायब रही। रजिस्ट्रार कार्यालय में फाइल ढूंढी जा रही थी। जब सभी बाबुओं ने हाथ खड़े कर दिए तो विवि ने प्रशासन इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने को कहा। एफआईआर की नोटशीट भी बननी शुरू हो गई इसके बाद मामले की फाइल मिल गई। विवि में बाबू अक्सर अलग अलग मामलों की फाइल न मिलने के कारण मामले दबाने की बात सामने आती है। ऐसे में अब विवि ने निर्णय लिया है कि ऐसे जो भी मामले सामने आएंगे उसमें अब कानूनी कार्रवाई की जाएगी ताकि जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा सके। विवि की रजिस्ट्रार भावना मिश्रा ने बताया कि मूल दस्तावेज व फाइल विवि के अधिकारिक दस्तावेज है कि जिनका गायब होना एक अपराध है। कोई भी व्यक्ति अगर इस तरह के कृत्य में सामने आता है तो विवि प्रशासन अब कानूनी कार्रवाई करेगा। जिसमें संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

फरवरी में जारी होंगे रिजल्ट

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में इस बार सारे रिजल्ट फरवरी में जारी कर दिए जाएंगे। विवि की ओर से इसके लिए मूल्यांकन कार्य तेजी से किया जा रहा है। रिजल्ट जारी होना शुरू हो गए हैं। विवि में पिछले कई साल से सत्र लेट चल रहा है। ऐसे में कोशिश की जा रही है कि इस बार परिणाम जल्दी जारी कर अगले सेमेस्टर की परीक्षाएं भी जल्दी कराई जा सकें। जिससे अगले सत्र के दाखिले समय से शुरू होकर सत्र को पटरी पर लाया जा सके। जनवरी में यह सभी परीक्षाएं खत्म हो गई। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. दीपक नागरिया ने बताया कि विवि की ओर से डिजिटल मूल्यांकन के माध्यम से कॉपियों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

होता है भ्रष्टाचार!

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

विश्वविद्यालय में फाइल दबाकर ही बाबुओं की ओर से भ्रष्टाचार किया जाता है। फिर चाहे पेंशन का मामला हो या वेतन से जुड़ा मामला। पुरानी फाइलें विवि के बाबू ही दबा देते हैं और फाइल न मिलने का बहाना बताकर लोगों को दौड़ाते हैं। पेंशन के मामले में तो लेन देन के बिना काम नहीं होता। इसी को रोकने के लिए विवि की ओर से अब यह कार्रवाई की जा रही है।

TIMES interact — Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

प्रॉपर्टी
बिक्री के लिए
लखनऊ
10BHK LDA COMMERCIAL NEW 3.5 Storey FURNISHED BUILDING PLOT4500sft LIFT SAHIDPATH FACING 9044269001(7.5Cr)

किराये के लिए
लखनऊ
LDA sec L Khajana mkt 2 storied house 3 BHK 3 WC Park facing for rent for bank govt officers Mob 9910487512

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन
मैं देवेन्द्र कुमार नागर पुत्र श्री गिरधारी लाल नि. 538 /32 क आलोक नगर (अहिबलपुर) सीतापुररोड, लखनऊ- 226020 मेरी पत्नी का नाम आशा नागर जन्मतिथि 10-3-1974 है जो की आधार कार्ड एवं अन्य प्रपत्रों में दर्ज है। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम आशा दर्ज है यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं भविष्य में इसे आशा नागर के नाम से ही जाना जाए और सर्विस रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए।

मैं अर्पिता मदान पुत्री तरुण मदान निवासी एमआईजी-1/265 सेक्टर डी-1, एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड, लखनऊ, दोनों तुम्पुल व अर्पिता मदान एक ही व्यक्ति है। भविष्य में मुझे अर्पिता मदान के नाम से जाना व पहचाना जाए।

ARCADE
education

ADMISSION OPEN
Heeralal Yadav Law College
Associated with LU and Approved by Bar Council of India
LL.B.
3&5 YEAR COURSE
6393520059/9793000300

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
ROL sample ad 5 lines
CD Sample ad 5 cm x 3 cm

Scheme	Cost ROL	Cost CD
1	₹1,400	₹6,150
4+1	₹5,600	₹24,600
7+2	₹9,800	₹43,050
10+3	₹14,000	₹61,500
19+6	₹26,600	₹1,16,850
25+8	₹35,000	₹1,53,750

Above packages are excluded of GST
ROL COST is for 5 lines, extra line 20%
CD Cost on minimum size - 3 x 5 cm

CATEGORY SERVICE
Publication: TOIL+KNP+ TOILC+ALLVAR+ ETL+NBTL
Contact - LUCKNOW: Kuldeep Tiwari 9044122662, Anurag Nautiyal 8840945902
KANPUR: Anoop Dixit 7860802468
ALLAHABAD: Amit Kumar Srivastava 9044075051
VARANASI: Nitesh Arora 9559983838
GORAKHPUR: Chandrasekhar Sinha 9415019274

PROPERTY FOCUS — TIMES interact

Industrial Building for Sale
Land 11 Acres. 1,35,000 Sq.Feet,
Pre-Engineered Building with tremix flooring.
Power 2000KW Transformer & Cable distribution,
HT 603KW Sanctioned Load.
Fire Safety, Utilites blocks, Centeralised Air Compressors
Amathur-626005, Sivakasi, Virudhunager (Dist), Tamilnadu
Contact us : 98100 16181, 94425 56016
Email: vasant@gopsons.com

TO GROW YOUR BUSINESS — PLEASE CALL US

'आर्थिक महाशक्ति बनाने वाला बजट पेश हुआ'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: भाजपा महानगर द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार के बजट से संबंधित जनसंवाद के उद्देश्य से शुक्रवार को पुरनिया स्थित उत्तर विधानसभा के विधायक कार्यालय पर बजट चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में वक्ताओं ने केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार के बजट के प्रमुख प्रावधानों, नई योजनाओं और जनकल्याणकारी घोषणाओं की जानकारी दी। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि प्रस्तुत बजट जनकल्याण की मजबूत आधारशिला है, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि बजट का विशाल आकार देश की मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत है। यह भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में ठोस एवं प्रभावी कदम साबित होगा। चौपाल में विवेक सिंह तोमर, घनश्याम अग्रवाल, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, चंद्रशेखर गुप्ता, रमन निगम, अनुराग मिश्रा मौजूद रहे।

MADHYA PRADESH RAJYA BEEJ EVAM FARM VIKAS NIGAM
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(ISO 9001:2015 Certified) GST-23AABCM0088D1Z8
Beej Bhawan, 36, Mother Teresa Marg, Arera Hills, Bhopal-462011
Phone : 0755-2775048, E-mail : mdbeejnigam@gmail.com,
Website : mpssfdc.mp.gov.in
क्रमांक-एमओ /मार्के/सेल्स पार्टनर/2026/4596 दिनांक : 13.02.2026
"सीड सेल्स पार्टनर रुचि की अभिव्यक्ति (EOI)"
म.प्र. राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम द्वारा प्रदेश के कृषकों को उन्नत, उच्च गुणवत्ता युक्त, नवीन किस्मों के आधार एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनुभवी कंपनी/डीलर/विक्रेताओं/संस्थान को सेल्स पार्टनर्स के रूप में इंपैनल्ड किये जाने के लिए दिनांक 06.03.2026 तक रुचि की अभिव्यक्ति www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित कि जा रही है।
निगम द्वारा मुख्यतः गेहूं, चना, मटर, मसूर, अलसी, सरसों, जौ (बारले), कपास, धान, सोयाबीन, मक्का, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी, मूंगफली एवं अन्य फसलों के बीज उत्पादित किये जाते हैं। सेल्स पार्टनर हेतु चयनित कंपनी/डीलर/वितरकों/संस्थान को बीज निगम द्वारा आवश्यक कमीशन, मार्केटिंग सपोर्ट, तकनीकि सपोर्ट एवं दीर्घकालिक व्यावसायिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। बीज निगम का उद्देश्य अपने वितरण नेटवर्क का विस्तार करते हुए प्रदेश के किसानों तक शासकीय दर पर उच्चगुणवत्तायुक्त बीज पहुंचाना है।
इच्छुक व्यक्ति/कंपनी/डीलर/वितरक/संस्थान अधिक जानकारी, नियम शर्तों हेतु www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर विजिट करें।
म.प्र. माध्यम/124478/2026 प्रबंध संचालक

U.P. CO-OPERATIVE SUGAR FACTORIES FEDERATION LTD.
9-A, Rana Pratap Marg, Lucknow. Telephone: (0522) 2200183, 2628218 Fax: (0522) 2627994
Online e-Tender Notice
The e-Bids EMD is Rs. 20 per quintals. Online e-Bids are invited for the sale of levy C-heavy molasses 180000.00 quintals & Below Grade molasses 2623.60 quintals from Co-operative Sugar Mills of U.P. to bonafide Consumers to whom license have been issued by the Excise Commissioner & Molasses Controller, Allahabad, U.P. E- Tender can be uploaded up to 06:55 P.M.on dt.19.02.2026. Technical & Financial Bid will be opened on 20.02.2026 at 10.00 AM, 2:00 PM respectively. The e-Tender fee is Rs 2360/- (incl. GST). The amount of fee and Earnest money in favour of U.P. Cooperative Sugar factories Federation Ltd., Lucknow through RTGS/NEFT. The bank details are available in the Tender form. The details for submission of e-Bids will be available on the e- Bids portal http://eTender.up.nic.in and also on Federation website www.upsugarfed.org from 12.02.2026 at 06:55P.M. The Federation reserves the right to cancel any or all the e- Tender without assigning any reason. The decision of the Managing Director shall be the final and binding. इस निविदा के सम्बन्ध में सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट, समय वृद्धि आदि को केवल http://eTender.up.nic.in एवं www.upsugarfed.org पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन वेबसाइट्स को देखते रहें।
Date - 14.02.2026 MANAGING DIRECTOR

फटाफट खबरें

'मायण-महोत्सव' कल

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इटौंजा क्षेत्र के मदीला गांव में हर वर्ष आयोजित होने वाला 'मायण- महोत्सव' कमला कुटीर में 15 फरवरी को होगा। 'मां' के सम्मान और बुजुर्गों के अनुभवों को समाज के सामने लाने के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम इस वर्ष वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित रहेगा। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के उन वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान होगा जिन्होंने कृषि, समाज सेवा, नारी सशक्तिकरण और बाल कल्याण के क्षेत्र में योगदान दिया है। समिति द्वारा सात लोगों का चयन किया गया है, जिनमें तीन महिलाएं शामिल हैं। इस अवसर पर इतिहासविद् डॉ. रवि भट्ट मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

KYC के प्रति किया जागरूक

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: जिला सहकारी बैंक विकास नगर शाखा में केवाईसी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रबंधक विश्व भूषण तिवारी की अध्यक्षता में मौजूद ग्राहकों को इसके महत्व के बारे में बताने के साथ ही बैंक फ्रॉड से बचने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में लोहिया नगर वॉर्ड पार्षद राकेश कुमार मिश्र, सहायक शाखा प्रबंधक शरद मिश्र, केपी साह, ब्रजेश तिवारी, हनुमत सिंह, आशुतोष कुमार मिश्र, प्रकाश सिंह, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. सुशील त्रिवेदी, एसपी द्विवेदी, सरदार सिंह, हरिशंकर मिश्र, पतंजलि अवस्थी, अमोद तिवारी, अनूप शुक्ला, सर्वेश बाजपेई, रीना गुप्त समेत कई लोग मौजूद रहे।

डॉ. विजय को यूरोप की फेलोशिप

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: बाराबंकी के रामनगर निवासी किसान शिव प्रताप सिंह के बेटे डॉ. विजय प्रताप सिंह को यूरोप की प्रतिष्ठित 'मैरी स्क्लोडोव्स्का-क्यूरी पोस्ट-डॉक्टरल फेलोशिप (MSCA)' के लिए चुना गया है। लखनऊ के BSNV पीजी कॉलेज(KKV) के पूर्व छात्र डॉ. विजय वर्तमान में हिरोशिमा यूनिवर्सिटी, जापान में शोध कर रहे हैं। उनका अध्ययन 'अंतरिक्ष की धूल' और पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत के रहस्यों को सुलझाने पर केंद्रित है। डॉ. विजय ने अपनी इस सफलता से पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है।

10वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स को दी विदाई

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बुद्धेश्वर स्थित मेरिटो कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को कक्षा 12 और कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्रबंधक वेदव्रत वाजपेयी और उप-प्रबंधक मनुव्रत वाजपेयी ने की। इस मौके पर पूर्वी गुप्ता, सृष्टि गुप्ता, आशिकी रावत, मानसी वर्मा, अक्षय गुप्ता, आयुषी मिश्रा द्वारा भाषण, इल्मा मेराज ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मन मोहा। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य जयव्रत वाजपेयी, इंचार्ज संतोष सिंह, रेखा मिश्रा, सुशीला परिहार और पारूल मिश्रा उपस्थित रहे।

लोहिया विवि में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में शुक्रवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों ने हिंदी में वाद-विवाद कर अपने तर्क रखे। पहले राउंड में जहां परिवार विषय पर छात्रों ने अपने तर्क रखे इसमें सामाजिक मूल्य व पारिवारिक संरचनाओं की चर्चा की गई। जबकि दूसरे राउंड में राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर चर्चा हुई। इस मौके पर कुलपति प्रो. डॉ. अमर पाल सिंह व फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. अमनदीप सिंह की ओर से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। पहले दिन विजेता प्रतिभागी अब फाइनल राउंड के लिए चयनित किए गए हैं।

पेश किया ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित नाटक

■ NBT न्यूज, गोसाईंगंज: स्थानीय ब्लॉक के परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में जमकर धमाल मचाया। यह कार्यक्रम गोसाईंगंज विकासखंड के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिम्पल थे। खंड विकास अधिकारी राजेश बहादुर सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत कमल किशोर शुक्ला, पंचायत सचिव प्रशांत सक्सेना सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहे। बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरित नाटक प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।

बच्चों ने दिखाई वैज्ञानिक प्रतिभा

■ NBT न्यूज, लखनऊ: कान्हा बिहारी मार्ग स्थित सक्सेना एकेडमी में दो दिवसीय वार्षिक कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को शुरू हुई इस प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण और रोबोटिक्स जैसे विषयों पर शानदार मॉडल पेश किए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की निदेशिका फिरदौस सिद्दीकी, प्रधानाचार्या काजल अग्रवाल और विशेष सलाहकार नीरा शुक्ला ने दीप प्रज्वलन कर किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने डिजिटल इंडिया और स्वच्छ ऊर्जा जैसे मॉडलों के जरिए दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व को समझाया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य अरुण कुमार झा सहित शिक्षक और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

'पदोन्नति और सेवा संबंधी विसंगतियां दूर नहीं हुईं तो करेंगे आंदोलन'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय में शुक्रवार को कर्मचारियों की पदोन्नति एवं सेवा संबंधी विसंगतियों को लेकर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बैठक की गई। कर्मचारियों ने कहा कि अगर समय रहते समस्याओं का निवारण नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान मोर्चा के अध्यक्ष मृत्युंजय त्रिपाठी, महामंत्री हुसैन अब्बास, राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश कुमार पांडेय, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रामराज दुबे, अटेवा अध्यक्ष विजय कुमार 'बन्धु', जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी संघ के महामंत्री सुशील कुमार बच्चा, पीडब्ल्यूडी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार शुक्ला भी मौजूद रहे। कर्मचारी नेताओं ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव-कार्मिक, प्रमुख सचिव-श्रम, प्रमुख सचिव-व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग से अपील की है कि समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करें।

कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, सर्च ऑपरेशन के बाद अफवाह निकली

डिस्ट्रिक्ट जज की ऑफिशियल ईमेल आईडी पर किया गया मेल

■ NBT न्यूज, लखनऊ : यूपी के कई जिलों में शुक्रवार को कोर्ट परिसरों को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल मिले। लखनऊ में में सिविल कोर्ट को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। डिस्ट्रिक्ट जज की ऑफिशियल ईमेल आईडी पर धमकी भरा मेल भेजा गया था। जज की सूचना पर डीसीपी ने पुलिस फोर्स को और बीडीएस, डॉग स्क्वायड की टीमों के साथ करीब 4 घंटे कोर्ट परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिसके बाद बम की सूचना को अफवाह घोषित कर दिया गया। कोर्ट के नाजिर ने अंजान मेल आईडी के खिलाफ वजीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वाराणसी, अयोध्या और मेरठ में भी मिली धमकी

उड़ाने के धमकी भरे मेल मिले। अयोध्या में सीजेएम को मिले ईमेल के बाद कचहरी परिसर खाली कराकर डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता और एटीएस ने तलाशी व कलेक्ट्रेट परिसर की गहन जांच की। एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। साइबर टीम को ईमेल की जांच सौंपी गई है। वाराणसी में जिला जज को मिले धमकी भरे मेल में दोपहर एक बजे 15 ब्लास्ट की चेतावनी दी गई थी। जिला जज ने सुनवाई स्थगित कर परिसर खाली कराया। अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा समेत पुलिस अफसरों ने छानबीन की। साइबर सेल की जांच में मेल तमिलनाडु के एक व्यक्ति के नाम से भेजा गया पाया गया। मेरठ सहित अन्य जिलों में भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। सभी जगह जांच में धमकी अफवाह साबित हुई।

चार घंटे चले सर्च अभियान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला: लखनऊ के थाना प्रभारी वजीरगंज राजेश त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर जिला जज की ऑफिशियल मेलआईडी पर किसी अंजान आईडी से धमकी भरा मेल भेजा गया। मेल में लिखा कि कोर्ट परिसर में स्थित बहुमंजिला इमारत व अन्य जगहों पर चार बम रखे गए हैं। 1:10 मिनट पर चारों बम ब्लास्ट होंगे। धमकी भरा मेल देखकर जज ने मामले की जानकारी वजीरगंज पुलिस को दी। कुछ ही देर में डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव, एडीसीपी धनंजय कुमार कुशवाहा, एसीपी वजीरगंज सिंह समेत बीडीएस की तीन टीमें और डॉग स्क्वायड की कई टीमें मौके पर पहुंच गईं। पुलिस ने आनन-फानन में बहुमंजिला इमारत खाली करवा दी। इसके अलावा

एहतियातन कोर्ट परिसर से वकीलों व अन्य लोगों को निकाल दिया गया। इस तरफ अफरातफरी मच गई, जिसके बाद पूरी बिल्डिंग में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। बीडीएस टीम को इमारत में बम नहीं मिला। जिसके बाद टीमों ने फैमिली कोर्ट, टीजे कोर्ट, एडीजे कोर्ट, पार्किंग व अन्य ऑफिसों में सर्च ऑपरेशन चलाया। करीब 4 घंटे चले सर्च ऑपरेशन के बाद पुलिस ने बम की सूचना को अफवाह घोषित कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के नाजिर जितेंद्र राय ने अंजान मेल आईडी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

लौटाई गईं कैदियों की गाड़ियां

कोर्ट परिसर में दोपहर करीब 12 बजे रोज की तरह चहल-पहल थी। परिसर में कैदियों से भरी गाड़ियां खड़ी थीं। विभिन्न कोर्टों में वकील सुनवाई होने का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान पुलिस फोर्स पहुंच गई। पुलिस ने आनन-फानन में कैदियों की गाड़ियां कोर्ट परिसर से निकलवाईं। कैदियों को जेल भेज दिया गया। परिवारीजन कैदियों से मिले बगैर लौट गए।

धमा बार काउंसिल चुनाव प्रचार

बार काउंसिल लखनऊ का चुनाव किन्हीं कारणों से निरस्त कर दिया गया था। सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल ने बताया कि संभवतः 23 से 25 फरवरी के बीच दोबारा मतदान किया जाएगा। शुक्रवार को प्रत्याशी और उनके समर्थक चुनाव प्रचार कर रहे थे। सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने प्रचार कर रहे वकीलों को कोर्ट परिसर खाली करने को कहा। इस पर प्रत्याशी प्रचार सामग्री छोड़कर कोर्ट परिसर से बाहर निकल गए। असोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि अन्य जिलों के कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। उन्होंने मेल भेजने वाले को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

ब्राउन कैफे सील पर खौफ बरकरार!
युवती को दी थी जान से मारने की धमकी, अरेस्ट

■ NBT न्यूज, लखनऊ : गोमतीनगर के चर्चित 'ब्राउन कैफे' के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली युवती को मुसीबतें कम नहीं हो रही हैं। कैफे सील होने के बाद अब पीड़ित को अंजान नंबरों से कॉल कर जनमाल की धमकी दी जा रही है। इस मामले में पीड़िता ने शुक्रवार को गोमतीनगर थाने में एक और FIR दर्ज कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस धमकी देने वाले अन्य लोगों की कर रही है तलाश

लोकेशन पूछकर दे रहे धमकी: मूल रूप से बाराबंकी की रहने वाली पीड़िता ने पहले कैफे संचालक कमल हयात इदरीसी और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। शुक्रवार को दी गई नई तहरीर में पीड़िता ने बताया कि उसे कैफे सील हुआ है, तो लगातार धमकी भरे कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाले उसकी लोकेशन पूछ रहे हैं और अंजाम भुगतने की चेतावनी दे रहे हैं।

गिरफ्तारी और पुलिस का दावा: गोमतीनगर थाना प्रभारी ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मेवफुल नंबरों के आधार पर जांच करते हुए बाराबंकी निवासी कमल हयात इदरीसी को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि पकड़ा गया आरोपी कैफे का संचालक नहीं, बल्कि वहां बतौर ग्राहक जाता था। धमकी देने वाले अन्य नंबरों की सर्विलांस पर लगा दिया गया है।

बदमाशों से भिड़े जूलर-नौकर, नाकाम किया लूट का प्रयास

इसी बीच पीड़ित ने भी बदमाशों को पकड़ लिया।

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : गोमतीनगर विस्तार इलाके में स्थित एक जूलरी शॉप में असलहे से लैस बदमाशों ने लूटपाट का प्रयास किया। सर्राफ और उनके नौकर ने बदमाशों से मोर्चा ले लिया। हालांकि बदमाश दोनों को धक्का देकर असलहे लहराते हुए मौके से फरार हो गए। सीसीटीवी कैमरों में बदमाश कैद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

गोमती नगर विस्तार में वारदात, बदमाश असलहे लहराते हुए भागे

ललनपुर इलाके में अंतरिक्षित रहते हैं। गोमतीनगर विस्तार स्थित खुरामनगर अक्षयपुरी स्ट्रीट में 'उनकी हरिओम ज्वैलर्स' के नाम से जूलरी शॉप है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 5 फरवरी को शॉप पर दो बदमाश पहुंचे। बदमाशों ने चांदी के सिक्के दिखाने के लिए कहा। पीड़ित चांदी के सिक्के दिखाने लगे। इस बीच बदमाशों ने असलहे निकाल लिए। बदमाशों ने लूटपाट का प्रयास शुरू कर दिया। पीड़ित की शॉप पर काम करने वाले विकास ने बदमाशों से मोर्चा ले लिया। उसने बदमाशों को पकड़ लिया। इसी बीच पीड़ित ने भी बदमाशों को पकड़ लिया। इस पर बदमाशों ने पीड़ित और नौकरों को धक्का दिया और शॉप के बाहर भागे। पीड़ित और उनके नौकर विकास ने दोनों बदमाशों का पीछा किया। बदमाशों ने गोली मारने की धमकी दी। वहीं नहीं वे असलहे लहराते हुए मौके से भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बदमाश बाइक से आए थे। सीसीटीवी कैमरों में बदमाश बाइक से आते और फरार होते हुए दिखाई दिए हैं। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

फटाफट खबरें

कैफे में चोरी का आरोपित गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, पीजीआई : पीजीआई इलाके में कैफे में हुई चोरी का पुलिस ने 48 घंटे में खुलासा कर दिया। रात में गेट फांदकर अंदर घुसे युवक की करतूत सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी किया गया मोबाइल और 5 हजार रुपये बरामद किए हैं। जगतखेड़ा निवासी शैलेंद्र कुमार सेक्टर-9 वृंदावन योजना में 'द कुल्हड़ कैफे' चलाते हैं। बुधवार रात युवक गेट फांदकर अंदर घुसा और गल्ले से 5 हजार रुपये व मोबाइल चोरी कर ले गया। तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने सेक्टर-10 वृंदावन योजना से रोहित यादव निवासी तकरोहीगिरफ्तार कर लिया।

सरोजनीनगर में दो पक्षों ने मारपीट

■ NBT न्यूज, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के दो पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरी निवासी अभिषेक सिंह चौहान की पत्नी वर्षा सिंह के अनुसार 11 फरवरी रात करीब 9:30 बजे गौरव सिंह उर्फ आदित्य, दिग्विजय, रणविजय व यशविजय ने उनके पति को मंदिर पर बुलाकर मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने घर पहुंचकर उनके साथ और देवर अखंड प्रताप के साथ भी मारपीट की गई। वहीं, आदित्य सिंह चौहान का आरोप है कि उसी रात स्कूटर इंडिया चौराहे के पास अभिषेक उर्फ डिंपल ने नशे में धक्का-मुक्की की। बाद में अभिषेक ने पिता राजकुमार सिंह उर्फ रजोले और भाई अखंड प्रताप साथ मिलकर चैन व ईंट से हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अवैध रूप से काट रहे थे पेड़, दो अरेस्ट

■ NBT न्यूज, मोहनलालगंज : खरेहना गांव में अवैध रूप से हरे-भरे आम के पेड़ों की कटान करते दो आरोपितों को पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर गिरफ्तार किया। मौके से कटी लकड़ी बरामद कर पिकअप वाहन कब्जे में लिया गया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार सूचना पर पहुंची टीम ने अहमद खेड़ा निवासी बिशुन को पेड़ काटते और धनुवासाड निवासी अमरपाल को लकड़ी पिकअप में लादते पकड़ा। दोनों वैध परमिट नहीं दिखा सके। सिसेंडी बीट प्रभारी रामसुमित ने पुष्टि की है कि पेड़ बिना अनुमति काटा गया। आरोपितों पर वन संरक्षण अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर वाहन सीज किया गया।

विवाहिता ने लगाया गैंगरेप का आरोप, केस दर्ज

■ NNBT न्यूज मलिहाबाद : मलिहाबाद थाना क्षेत्र की एक महिला ने रहीमाबाद के जमुलिया के ग्राम प्रधान मुश्ताक और जमुलिया गांव निवासी सुनील पर गैंगरेप का आरोप लगाते हुए रहीमाबाद थाने पर मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत के बाद मुकदमा दर्ज करवाया है। महिला का आरोप है कि दोनों आरोपितों ने कई बार अलग-अलग जगह ले जाकर गैंगरेप किया। पीड़िता ने बताया कि मलिहाबाद में एक जगह मजदूरी करती थी। वहीं साथ में आरोपित सुनील भी काम करता था। सुनील ने धीरे-धीरे नजदीकियां बढ़ाईं। सुनील ने रहीमाबाद के जलामऊ के जंगल में ले जाकर उसके साथ रेप किया साथ ही कई अश्लील विडियो भी बना लिए। विडियो वायरल करने की धमकी देकर गलत काम किया पिछले साल 10 मई को सुनील बाइक से मुश्ताक के पास ले गया, जहां दोनों लोगों ने सामूहिक रेप किया जिससे वह गर्भवती हो गई। मामले में एसीपी मलिहाबाद सुजीत कुमार दुबे ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है आरोपितों की तलाश की जा रही है।

बंथरा के हिट ऐंड रन केस में आरोपित अरेस्ट, DL सस्पेंड

कानपुर रोड पर हनुमान मंदिर के पास हादसे में गई थी बच्चे की जान | पुलिस ने जब्त की कार, फेयरवेल पार्टी से लौट रहा था आरोपित

■ टीम NBT, लखनऊ

बंथरा में गुरुवार देर शाम हिट ऐंड रन में मासूम बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपित छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में जिस कार से बच्चे की मौत हुई उसकी भी पुलिस ने जब्त कर ली है। पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर आरटीओ ने आरोपित छात्र का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है। पुलिस ने कार कब्जे में लेकर जांच कर ली है। वहीं मासूम के शव के पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिवारीजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

बंथरा के सहिजनपुर निवासी प्रमोद कुमार गुरुवार देर शाम करीब 7 बजे बंथरा में कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे बाइक लेकर खड़े थे। तभी लखनऊ की तरफ से तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार सौ से ऊपर थी, जिस कारण वह नियंत्रित नहीं हो सकी। चालक ने कार से बंथरा निवासी पप्पे उर्फ पड्डा के बेटे अरमान (12) व वहीं पर खड़ी बंथरा में किराए पर रहने वाले उन्नाव के अटवा खुद निवासी संजय पटेल की पत्नी साधना पटेल (35), उनकी मां मीन देवी (60) और बेटे दीक्षांत (6) को भी टक्कर मारी। यही नहीं ई-रिक्शा लेकर खड़े उन्नाव के सोहरा मऊ पथरहा निवासी चालक अवध बिहारी को भी कार ने रौंद दिया। इसके अलावा खाली खड़ा ऑटो भी कार की चपेट में आ गया। ऑटो को भी ठोका।

युवती को मौके पर छोड़कर भाग गया चालक

कुछ दूर जाकर चालक ने कार रोकी। चालक और एक युवती कार से बाहर आए। लोगों को लहूलुहान और चीखता देख चालक कार में बैठा। उसने कार स्टार्ट की। उसने युवती को मौके पर ही छोड़ा और कार लेकर वहां से भाग निकला। वहां मौजूद लोगों ने युवती को पकड़ लिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की। लोगों ने युवती को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने सभी घायलों को पास को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दीक्षांत की हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर कर दिया। सरोजनीनगर सीएचसी पहुंचते ही डॉक्टरों ने दीक्षांत को मृत घोषित कर दिया।

आरोपित गौरव

हादसे के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जो बनी के पास से पुलिस ने बरामद की।

सीसीटीवी कैमरों की फुटेज वायरल

पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से कार नंबर देख कर देर रात बनी के पास से कार बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपित को भी वहीं से पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक कार उन्नाव के सोहरामऊ के बल्लूखेड़ा निवासी गौरव सिंह (21) चला रहा था। वह सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्टनगर स्थित एक कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। युवती से पूछताछ में पता चला कि वह और आरोपित गौरव एक ही स्कूल में पढ़ते हैं। आरोपित उसे लेकर कार से मोहान रोड स्थित एक फेयरवेल पार्टी में गया था, जहां से वह लौट रहे थे। तभी यह घटना हो गई। आरोपित रोज बल्लखेड़ा से ही स्कूल आता-जाता था। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज वायरल हुआ है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख कर लोग यही कह रहे हैं कि कार की रफ्तार सौ से ऊपर रही होगी। पुलिस ने हादसे में मृत दीक्षांत की मां साधना की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं इस मामले को लेकर लखनऊ के आरटीओ संजय तिवारी ने आरोपित कार चालक गौरव सिंह का ड्राइविंग लाइसेंस 6 महीने के लिए निलंबित कर दिया है।

PUC सर्टिफिकेट हो चुका था समाप्त

जिस कार से हादसा हुआ है। उसके प्रदूषण की वैधता 28 दिसंबर 2025 को समाप्त हो चुकी है। वहीं इस मामले में पुलिस ने पीड़ित मां की तहरीर पर बीएनएस 281,बीएनएस 125 (a), बीएनएस125(b)बीएनएस 106 (1) के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। आरटीओ संजय कुमार तिवारी के मुताबिक इस मामले में मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा-19(1) (d) और (f) और केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली 1989 के नियम-21 के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए आरोपित चालक गौरव सिंह का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया गया है। इसके अलावा नोटिस भी जारी किया गया।

वॉटर टैंकर का पहिया युवक पर चढ़ा, गई जान

■ NBT न्यूज, लखनऊ : महिगवां क्षेत्र में शुक्रवार सुबह दरियापुर चौराहे पर उल्टी दिशा में आ रहे ट्रैक्टर टैंकर ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े। तेज रफ्तार टैंकर का पहिया बाइक चला रहे प्रभात कुमार उर्फ सजू के सिर पर चढ़ गया, जिससे हेलमेट टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी सुरेश चंद्र भी घायल हुए। पुलिस अस्पताल ले गई, जहा डॉक्टरों ने प्रभात को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। प्रभात अपने पीछे पत्नी सुमन और दो बच्चों को छोड़ गए हैं।

पांच महीने बाद थी शादी, हादसे में मौत

■ NBT न्यूज, लखनऊ : एसएएल के पास गुरुवार रात चार पहिया वाहन ने एक युवक की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिर गया और रगड़ता चला गया। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह उनकी मौत हो गई। सूचना मिलते परिवारीजनों में कोहराम मच गया। पांच महीने बाद ही युवक की शादी होने वाली थी। इंदिरा नगर के तकरोही स्थित सूडा कॉलोनी में बाबूलाल परिवारीजनों के साथ रहते हैं। उनका बड़ा बेटा रविंद्र और छोटा बेटा गजेंद्र (30) एसी का काम करते हैं। रविंद्र ने बताया कि गजेंद्र एसी के काम के साथ ही ड्राइविंग भी करता था। गुरुवार रात वह लक्ष्मणपुरी में रहने वाली गाड़ी मालकिन को उनके घर छोड़कर बाइक से घर लौट रहा था। इस दौरान एसएएल के पास चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में गजेंद्र को गाजीपुर पुलिस ने लोहिया संस्थान में भर्ती करवाया, जानकारी मिलते ही परिवारीजन भी अस्पताल पहुंच गए। रविंद्र ने बताया कि शुक्रवार सुबह हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने गजेंद्र को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान सुबह करीब 11 बजे उसकी सांसे थम गईं।

बाइक से घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

खंगाली जा रही है फुटेज : गजेंद्र के परिवार में भाई रविंद्र के अलावा पिता बाबूलाल, मां चंद्रावती और दो छोटी बहनें हैं। रविंद्र ने बताया कि गजेंद्र की शादी तय थी। 26 जून को बारात बिहार जानी थी। बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां और दोनों बहनें बेसुध हो गईं। इंस्पेक्टर गाजीपुर का कहना है कि टक्कर मारने वाले वाहन के बारे में पता लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

एफडी तोड़ रुपये ट्रांसफर करवाए तो कहीं पेड टास्क के नाम पर फंसाया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : साइबर जालसाजों ने रिटायर्ड जॉइंट डायरेक्टर के खाते से 8 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। साइबर जालसाजों ने पेंशन के बारे में बात करते हुए पीड़ित से जानकारी ली। इसके बाद पीड़ित की एफडी तोड़कर रुपये निकाल लिए। इसके अलावा साइबर जालसाजों ने पार्ट टाइम जॉब के नाम पर युवती को फंसाकर 16 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ितों ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई एफआईआर

गोमतीनगर के एल्डिको ग्रीन अपार्टमेंट में जयंत डी. दया प्रकाश रहते हैं। वह उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य सेवाओं में जॉइंट डायरेक्टर फूड के पद से रिटायर्ड हैं। पीएनबी में उनके दो खाते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 9 फरवरी की दोपहर एक बजे उनके पास एक कॉल आई। साइबर जालसाजों ने ट्रेजरी कर्मी बनकर पेंशन से संबंधित पीड़ित से बात की। बातों में फंसाकर पीड़ित से गोपनीय जानकारी हासिल की। उसके बाद जालसाज ने उनकी एफडी तोड़कर कई बार में आठ लाख रुपये निकाल लिए। इसी का पता चलने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मुनाफे का लालच दे कर ठगे ₹16 लाख

इंदिरानगर के सेक्टर-24 स्थित कल्याण मार्डन व्यू अपार्टमेंट में शबाना खातून की बेटी के साथ भी साइबर फ्रॉड हुआ है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 11 जनवरी को उनकी बेटी हिबा को पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया। संपर्क करने पर साइबर जालसाज ने एक वाट्स ऐप ग्रुप पर जोड़ा। शुरुआत में छोटे टॉस्क करवाकर रुपये दिए गए। उसके बाद अधिक काम और कमिशन के नाम पर एक टेलिग्राम चैनल पर शामिल किया गया। साइबर जालसाज ने पेड टॉसक के नाम पर अधिक मुनाफा होने का झांसा देकर सात बार में 16 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

APK फाइल क्लिक करते ही निकले रुपये

■ NBT न्यूज, लखनऊ : बाजारखाला इलाके में एंड्रॉइड पैकेज किट (APK) फाइल भेज कर व्यापारी के मोबाइल का एक्सेस लिया गया थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि बाजारखाला में मोतीझील निवासी मोहम्मद अर्सलान व्यापारी है। 6 अक्टूबर 2025 को उनके मोबाइल पर एंड्रॉइड पैकेज किट (APK) फाइल आई थी। पीड़ित ने बगैर जांच किए फाइल पर क्लिक कर दिया। उनका मोबाइल फोन कुछ देर के लिए हैक हो गया। इस दौरान साइबर जालसाज ने मोबाइल का एक्सेस हासिल कर लिया। दोबारा स्टार्ट करने पर मोबाइल में बैंक की ओर से ट्रांजैक्शन के कई मैसेज आ गए। साइबर जालसाज ने पीड़ित के दो निजी बैंक अकाउंटों से कई बार में 60 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। शिकायत करने पर साइबर क्राइम सेल कर्मियों ने पीड़ित का पैसा होल्ड करवा दिया। पीड़ित ने बाजारखाला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

डेबिट कार्ड बदलकर खाते से निकाली रकम

■ NBT न्यूज, लखनऊ : मड़ियांव थाना क्षेत्र में एटीएम बूथ के अंदर मदद के बहाने टप्पेबाजों द्वारा कार्ड बदलकर रुपये निकालने का मामला सामने आया है। सेमरा गौढ़ी निवासी अर्जुन चौहान 29 जनवरी को इटौंजा जा रहे थे। रास्ते में वह मिठौली चौराहे के पास स्थित एक एटीएम बूथ में रुपये निकालने के लिए रुके। जैसे ही उन्होंने कार्ड स्वैप किया, दो युवक बूथ में घुस आए। आरोप है कि युवकों ने सर्वर में दिक्कत होने की बात कहकर उनका कार्ड मशीन से निकलवाया और बातों में उलझाकर कार्ड बदल दिया। कुछ देर बाद अर्जुन के मोबाइल पर खाते से रुपये निकलने का मैसेज आया। जब उन्होंने कार्ड चेक किया तो वह किसी अन्य व्यक्ति का निकला। तब तक उनके खाते से 42,500 रुपये निकाले जा चुके थे। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

UGC रेग्युलेशन के समर्थन में सड़क पर उतरे छात्र

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: यूजीसी रेग्युलेशन के समर्थन में लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी छात्र संगठन एकजुट हो गए हैं। शुक्रवार को सभी संगठनों की ओर से मार्च निकाला गया। गेट नंबर तीन से यह मार्च शुरू हुआ लेकिन गेट नंबर एक पर पुलिस की ओर से बैरिकेडिंग कर छात्रों को रोक दिया गया। ऐसे में छात्रों और पुलिस के बीच झड़प शुरू हो गई। इस बीच कई छात्रों ने बैरिकेडिंग फांदने का प्रयास किया जिस पर पुलिस की ओर से धक्का मुक्की भी हुई। इसके बाद छात्रों को हिरासत में ले लिया गया। कुछ छात्रों को भेजने के बाद बचे हुए छात्रों से ज्ञापन देने को कहा गया।

एलयू के सभी छात्र संगठनों ने एकजुट होकर निकाला मार्च

मार्च में समाजवादी छात्रसभा, आइसा, एनएसयूआई, बापसा, एसएफआई समेत अन्य कई संगठन शामिल रहे। छात्रसभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र यादव ने यह शांतिपूर्वक मार्च था ऐसे में इसे भी रोका जाना असल में छात्र संगठनों को दबाना है। जबकि इसके विरोध में हुए प्रदर्शनों में ऐसी कार्रवाई नहीं की गई। जाति आधारित भेदभाव दूर करने के लिए कानूनी मान्यता और बाहरी निगरानी जरूरी है। ऐसे में यह कानून संसद में पास होना चाहिए तभी सभी दलितों और पिछड़ों के अधिकार सुनिश्चित हो सकेंगे। आइसा उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव हर्षवर्धन ने कहा भेदभाव की शिकायतों में तेज वृद्धि हो रही है। इसे रोकने के बजाए छात्रों को रोका जा रहा है। एनएसयूआई उत्तर प्रदेश के महासचिव शुभम खरवार ने कहा संवैधानिक मांग उठाने वाले छात्रों को बल से रोकना उचित नहीं है।

बच्चे के विवाद में घर में घुसकर पीटने का आरोप

■ NBT न्यूज, पीजीआईः वृंदावन योजना सेक्टर-5B में बच्चे के खेलने को लेकर हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। दीपिका सिंह पत्नी दीपक सिंह, निवासी सेक्टर-5B, तेलीबाग ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 11 फरवरी शाम करीब 7:30 बजे पड़ोसी सुनील कुमार पांडेय और दो महिलाओं के साथ बच्चे के खेलने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सभी लोग घर में घुस आए और दीपिका व उनकी बड़ी बहन संयोगिता सिंह के साथ मारपीट की।

शारदा नहर में सब्जी विक्रेता का शव मिला

■ NBT न्यूज, राजाजीपुरम: विक्रम नगर पुल स्थित सब्जी मंडी के पास शुक्रवार शाम शारदा नहर में एक सब्जी विक्रेता का शव उतराता मिला। पारा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के अनुसार मरनेवाले की पहचान उन्नाव के हसनगंज, मोहान कस्बा निवासी 53 वर्षीय अशफाक अली के रूप में हुई है। वह विक्रम नगर पुल के पास झोपड़ी डालकर रह रहा था।

लापता युवक का सुराग नही

■ NBT न्यूज,लखनऊ : अलीगंज के चौधरी टोला इलाके से बुधवार को लापता मो. हलीम का दो दिन बाद शुक्रवार को भी सुराग नहीं लगा। इंदिरानगर के फरीदीनगर निवासी टेलर हलीम पत्नी शहनहां और बच्चों के साथ चौधरी टोला में रहता था। शहनहां ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे हलीम बिना बताए घर से निकले थे। देर शाम तक उनके न लौटने पर कॉल की गई लेकिन फोन ऑफ था। गुरुवार शाम वह पोस्टगंज चौकी पहुंची और तहरीर दी।

दिया आश्वासन | बैंक ऑफ बड़ौदा के उच्चाधिकारी मोहान रोड शाखा पहुंचे, खाताधारको से की बातचीत

30-45 दिन में ब्याज सहित लौटाया जाएगा पैसा

■ एनबीटी, न्यूज, राजाजीपुरम: मोहान रोड डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय परिसर में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में खातों से रुपये निकलने के मामले में शुक्रवार को बैंककर्मी जैसे ही शाखा खोलने पहुंचे लोगों ने उन्हें घेर लिया और गेट के बाहर ही बैठ गए। दोपहर 12:15 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक क्षेत्रीय प्रमुख लखनऊ मेट्रो कमलेश राठौर, वरिष्ठ प्रबंधक सरकारी संपर्क दीपक कुमार सिंह, उप क्षेत्रीय प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ अजय कुमार सिंह, आरबीटीएम महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक नंदनी शुक्ला सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और खाताधारकों की समस्याएं सुनीं 30 से 45 दिन में ब्याज सहित पैसा लौटाने का आश्वासन दिया। उसके बाद खाताधारकों ने बैंक खोलने दिया।

गुरुवार को खाताधारकों ने बैंक ऑफ बड़ौदा के दोनों गेट में ताला डालकर मैनेजर आरके सिन्हा सहित बैंककर्मियों को 6 घंटे तक बंधक बनाकर रखा था। शाम को पुलिस ने बैंक के उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलाने का आश्वासन देकर बैंक खुलवाया था। बैंक पहुंचे उप महाप्रबंधक क्षेत्रीय प्रमुख लखनऊ मेट्रो कमलेश राठौर खाताधारकों के साथ जमीन पर बैठ गए और सभी की समस्याएं सुनीं। खाता धारकों की ओर से प्रोफेसर आशुतोष पाठक ने खाताधारक कुसमा देवी, रामप्यारी, सुमन रावत, जयश्री, रुचि पाल, लीलावती, जानकी, सरोजनी, राम नरेश गुप्त, सालिगराम पाल, रामदेई, सपना प्रजापति, मोनी राजपूत, पूनम, रीतू के खाते से पैसा निकलने की समस्या से रूबरू करवाया इस पर उप महाप्रबंधक कमलेश राठौर ने सभी खाताधारकों को आश्वासन दिया कि पुलिस के साथ बैंक भी जांच एजेंसी के साथ मिलकर मामले की गहनता से जांच कर रही है। साथ ही कहा कि सभी खातों की प्रतिपूर्ति की जाएगी, जिसके साथ जितना भी फ्रॉड हुआ है। उसका पैसा दिलवाया जाएगा। इस संबंध में दो बार डीएम से भी बातचीत हो चुकी है। साथ ही शाखा प्रबंधक आरके सिन्हा को निर्देश दिया गया कि सभी खाताधारकों को लिखित पत्र दिए जाएंगे कि उनकी रकम 30 से 45 दिन में मुआवजा सहित लौटाई जाएगी।

एक और शिकायत दर्ज

शुक्रवार को छिपटी खेड़ा के रामजीवन शाखा पहुंचे। रामजीवन ने बताया कि जमीन बेचकर पिता पप्पू के खाते में 63 लाख रुपये, दादी रामपति के खाते में 25 लाख, चाची मुलिया के खाते में 20 लाख रुपये जमा थे। अब खाते में मौजूद नहीं है। तीनों लोगों की ओर से पारा थाना में सामूहिक तहरीर देने के साथ बैंक में भी शिकायत दर्ज करवाई गई है।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG6 User: cci Time: 02-14-2026 00:51 Color:

वो इश्क ही क्या जिसके अफ़साने याद न रह जाएं...

'लप्पड़' से शुरू, 'भैया' पर खत्म... NBT कैफे बतकही में गूंजे इश्क के चटखारे

■ NBT न्यूज, लखनऊ : वह दौर भी क्या दौर था, जब प्यार शब्दों में नहीं, खतों और खामोश निगाहों में बसा करता था। जब इजहार की हिम्मत जुटाने में महीनों गुजर जाते थे और एक मुस्कुराहट पूरे साल का सुकून बन जाती थी। NBT कैफे के मंच पर जब 'बतकही' का आगाज हुआ, तो लखनऊ की शाम उन पुरानी गलियों में लौट गई जहां मोहब्बत की खुशबू आज भी ताजा है। किसी की अधूरी हसरत पर मुस्कुराहट खिली, तो किसी के मासूम इंतजार ने आंखों को नम कर दिया... गुरुवार को वैलंटाइंस डे की पूर्व संध्या पर गोमतीनगर के विनयखंड के फेडेड कॉमबैट्स स्टूडियो में NBT कैफे के तहत किस्से इश्क वाले कार्यक्रम हुआ। जिसमें वैज्ञानिक, इतिहासकार, अर्थशास्त्र की प्रोफेसर, गायक, समाजसेवी और थिएटर समेत कई क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया। सूरज ढलने के साथ जब जाने-माने आरजे आफताब के संचालन में कार्यक्रम शुरू हुआ तो लोगों के किस्सों का चंद्र उदय होने लगा।

वैलंटाइंस डे की पूर्व संध्या पर गूंजे इश्क के किस्से

हर दिन वैलंटाइन

मशहूर गजल गायिका डॉ. प्रभा श्रीवास्तव का प्यार एलकेजी से शुरू हुआ, जो आज उनके पति और फौजी हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज के दिनों में एक दिन उन्होंने वैलंटाइंस डे के दिन सीसीडी मिलने बुलाया। इत्तेफाक से मेरी दोस्त ने कहा कि वो भी चलेगी। हम सिर्फ 60 रुपये लेकर गए। अब हम पहुंचे तो वो पहुंचे नहीं। मेरी सहेली ने कॉफी में एक्स्ट्रा क्रीम भी ले ली जिसकी कीमत ही 65 रुपये थी। उस वक्त वेटर ने कहा अगली बार दे दीजिएगा। मैं उनसे नाराज थी, लेकिन अगले दिन आए और रोमांटिक अंदाज में बात की। उन्होंने मुझसे कहा कि तुम एक फौजी की पत्नी बनने जा रही हो और उसके लिए जब वो अपने पति से मिले, वैलंटाइन डे हो जाना चाहिए।

मार दोस्त ने खाई

यूनिवर्सल बुकसेलर्स के प्रमुख गौरव प्रकाश ने स्कूल के दिनों को याद किया। जब वो 12वीं में आर्मी पब्लिक स्कूल में थे तो मोपेड से जाते थे एक रास्ते में एक लड़की साइकल से जाती थी। उसे देखकर उन्हें प्यार सा कुछ महसूस होता था। फिर एक दिन उसने देखकर मुस्कुराया तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उस दौर में अगर आप किसी को पसंद करो और नोटिस कर ले वो बहुत बड़ी उपलब्धि होती थी। फिर 12 वीं में जब फेयरवेल हुई तो मिस्टर परफेक्ट बनकर मुझे रैंप वॉक करना था और मेरे साथ मिस परफेक्ट बनकर एक लड़की को वॉक करना था। रैंप वॉक के अगले दिन मैं दूसरे रास्ते से गया इत्तेफाक से मेरे ही नाम का मेरा दोस्त उस रास्ते से गया। जब वो गया तो उनके चाहने वालों में से कई लड़कों ने उसे घेर लिया और पीट दिया।

अंग्रेजी ने डुबो दी नैया

लेखक और कवि चंद्रशेखर वर्मा ने बताया कि अगर आप किसी लड़की से प्यार करते हैं और वो आपसे इतर भाषा बोलती है तो आप एक नई भाषा सीखते हैं। कॉलेज के दिनों में मुझे प्यार हुआ वो अंग्रेजी बोलती थी और मैं अंग्रेजी में तंग था। उस दौर में इश्क का इजहार इतना आसान नहीं था क्योंकि खोने का डर था। मैंने अंग्रेजी सीखी और क्योंकि वो लम्बी थी इसलिए उनकी तारीफ में बोला कि यू आर सो लॉन्ग। यह सुनकर वो भड़क गई और कहा आई एम टॉल। ऐसे कुछ और वाकिए हुए। फिर कहानी को अधूरा छोड़ दिया।

भौहें रंगी और बुखार उतर गया

दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्मप्रकाश मिश्र ने बताया कि 7वीं में एक लड़की को पसंद करते थे। उस समय बड़ी बहनों को भौहें काली करने के लिए कुछ लगाते देखता था। सोचा इसे लगाकर सुंदर दिखूंगा और फिर रात में छुपकर भौहें रंग ली लेकिन बड़ी बहन ने देख लिया और इश्क का बुखार उतार दिया। 10वीं में फिर एक लड़की से प्यार हुआ। फिर जब ऑल इंडिया रेडियो में मैंने काम शुरू किया तो कुंभ कवर करने के दौरान एक साथी से बातचीत के दौरान उसका जिक्र छिड़ा। उससे मिलने पहुंचा और परिचय दिया उसने पूछा क्यों मिलना है। बता दिया दिल का हाल पर फिर इश्क मुकम्मल नहीं हुआ और फिर हम अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए।

मेरे ही पैंतरे मुझ पर भारी

एलयू के अर्थशास्त्र विभाग की प्रो डॉ रोली मिश्रा ने सुनाया कि एलयू में उन्होंने पढ़ाई की और वहीं प्रोफेसर बनीं। 1990 में नहीं पता था कि वैलंटाइंस डे क्या होता है? इत्तेफाक था कि वह उस दिन पिंक ड्रेस पहन कर पहुंचीं। तब माना जाता था कि जो लड़की वैलंटाइंस डे पर लाल पहने मतलब वो प्रेम में है और पिंक पहने तो नहीं है। मेरे एक साथी ने कहा कि तुमने आज पिंक पहना है मतलब तुम्हें आज गुलाब मिलेंगे और मिले भी। एक दौरा था जिसका ब्रेकअप हो गया। उसने मुझसे कहा कि एक लड़की पसंद है उसे इम्प्रेस करने के तरीके बताओ। मैंने बताने शुरू कर दिए। एक दिन मैंने देखा कि कहीं न कहीं मेरे पैंतरे मुझ पर ही आजमाए जा रहे हैं। मैं बात समझी और पूछा तो मुझे प्रपोज कर दिया मैंने भी तुरंत जवाब दिया लप्पड़ खाओगे और फिर वहीं से कहानी खत्म हो गई।

करियर से किया इश्क

भूगर्भ वैज्ञानिक स्वाति त्रिपाठी ने बताया कि उनका पहला और आखिरी प्यार उनका करियर ही रहा। कॉलेज के दिनों में एक नेवल आर्किटेक्चर लड़के के साथ उनकी दोस्ती हुई जो धीरे-धीरे आकर्षण में बदल गई। लड़के ने बिहार से लखनऊ आकर उन्हें मनाने की कोशिश की और शादी का प्रस्ताव भी रखा। लेकिन स्वाति ने उस समय जातिवाद और सामाजिक बेड़ियों को देखते हुए उसे समझाकर वापस भेज दिया। स्वाति ने अपनी अधूरी कहानी को पीछे छोड़ मेहनत की और अपने सपनों के साथ इश्क किया। आज वह एक सफल वैज्ञानिक बनकर अपने उस करियर वाले इश्क को मुकम्मल कर चुकी हैं।

मजार का इंतजार

थिएटर कलाकार प्रफुल्ल त्रिपाठी ने लड़कों को सलाह दी कि अगर कोई लड़की प्रपोज करे तो हां बोल देना नहीं तो कुंवारे रह जाओगे। फिर किस्सा सुनाया कि केकेसी में जब आए तो हीरो बनने का शौक था। डिबेट वगैरह में भाग लेते थे तो जीतने के कारण कई कॉलेज की लड़कियां पसंद भी करती थीं। इसी दौरान मुझे दोस्तों से पता चला कि एक लड़की मुझे पसंद करती है। उसने मेरा नंबर मांगा तो मैंने भैया का दे दिया। उसने फोन कर दिया और भैया ने उठाया। उसने कहा मुझे प्रफुल्ल से बात करनी है तो मुझे फोन दे दिया। उसने कहा कि कल मिलना। मैं डर के मारे देर से पहुंचा क्योंकि तब प्यार में नहीं पड़ना चाहता था और वो नहीं मिली। उसके बाद आज तक कोई नहीं मिली और मैं आज भी कुंवारा हूं।

ब्लैक ड्रेस और भैया वाला मोड़

समाजसेविका वर्षा वर्मा ने पुराने लखनऊ में इश्क के किस्से सुनाए। उन्होंने बताया कि आर्म रेसलिंग के दौरान उन्होंने ब्लैक आउट फिट में एक लड़का देखा। मैं तो प्रतियोगिता हार गई और वह जीत गया। नवरात्र के अगले दिन ही उस प्रतियोगिता का रिजल्ट जारी होना था और मैंने ठान लिया था ब्लैक ड्रेस में ही जाना है। मैंने कपड़े धोने डाल दिए थे और उस दिन दीवानगी ऐसी थी कि पहली बार भीगे कपड़े पहन कर ही पहुंच गई। उन दिनों दीदी को लोग कार्ड देते थे बिन नाम लिखे उसमें से 5 कार्ड ले लिए और उसे दे दिया। उसने बताया कि वो भी मुझपर ध्यान दे रहा था और फिर लगा कि प्रेम प्रसंग शुरू हो जाएगा। तब मैं साइकल से जाती थी और वो बाइक से। एक दिन उसने मुझसे पूछा कि मैं आपको छोड़ दूं क्या? मेरे मुंह से निकला कि नहीं भैया मेरे पास साइकल है और फिर वो कहानी अधूरी रह गई।

भाई ने बिगाड़ा 'खेल'

इतिहासकार डॉ रवि भट्ट ने किस्से की शुरुआत शेर से की - 'कुछ ना कह पाने पर बहुत कुछ छूट जाता है। फलसफा इश्क का बड़ी देर में समझ आता है।' फिर सुनाया कि उनके पिता पिथौरागढ़ में बैंक में मैनेजर थे। उन दिनों डीआईएम की लड़की मुझे बहुत पसंद थी। उसके घर आना जाना था पर कुछ कह नहीं पाता था। एक दिन उन्होंने अंतर्देशीय पत्र मेरी माताजी को दिया और कहा मुझे सुना दें और दबे शब्दों में उन्होंने कहा कि वो मुझे प्यार करती है लेकिन मैं समझ नहीं पाया। फिर जब मैं नैनीताल जाता तो उनके घर जाता था। एक दिन मैंने उनको बोल दिया कि मैं तुमसे बेपनाह इश्क करता हूं लेकिन तब तक शायद उनकी गाड़ी आगे बढ़ चुकी थी। अभी कुछ दिन पहले मैंने फेसबुक पर उसे तलाशा। बात शुरू हुई तो मैंने कहा आज तक तुम्हारे इंतजार में शादी नहीं की। उसने तब बताया कि मैंने अपने भाई से सन्देश भिजवाया था तुमने जवाब नहीं दिया इसलिए मैं आगे बढ़ गई। तब पता चला कि भाई ने तो कुछ बताया नहीं।



बिन मांगी मुराद...

भातखंडे विवि के शिक्षक विवेक सरोज ने बताया कि गायक होने का एक बड़ा फायदा यह है कि आप हमेशा उन लड़कियों से घिरे रहते हैं, जो आपके हुनर की कायल होती हैं। उन्होंने अपना किस्सा साझा करते हुए बताया कि स्कूल के दिनों में एक सहपाठी लड़की से उन्हें प्यार का ऐसा इजहार मिला जिसकी उन्हें उम्मीद तक नहीं थी। वह लड़की एक दिन बस स्टॉप पर न उतरकर सीधे विवेक के घर तक चली आई। उस दौर में किसी लड़की का यूं घर आना बहुत बड़ी बात थी। बाद में उसने अपने प्यार का इजहार भी किया, लेकिन विवेक ने तब उसे मना कर दिया था।

मोहब्बत में बने 'सब्जी वाले'

अभिनेता अर्पित मिश्र के सिर पर इश्क का ऐसा जुनून सवार था कि वे सब्जी वाले तक बन गए। जिस लड़की को वे पसंद करते थे, वह अक्सर मां के साथ सब्जी लेने बाजार आती थी। अर्पित उस लड़की को खुश करने और उसकी मां की नजरों में आने के लिए सब्जी वाले की भूमिका निभाते थे और उन्हें टमाटर व अन्य सब्जियों के दाम बताते थे। हालांकि, उनका यह 'सब्जी वाला इश्क' कभी अपनी मंजिल तक नहीं पहुंच पाया, लेकिन अर्पित हंसते हुए कहते हैं कि इस चक्कर में वे सब्जी बेचना बहुत अच्छी तरह सीख गए।

पकते-पकते चू गया फल

अभिनेता कपिल तिलहरी के साथ इश्क में एक अजीब विडंबना रही। उन्होंने बताया कि वह जब भी किसी लड़की से बातचीत आगे बढ़ाते, उनका कोई न कोई मित्र उसी लड़की के प्यार में पड़ जाता था। एक बार जब उन्हें एक लड़की पसंद आई, तो उनके दोस्त का व्यवहार बदल गया। बाद में दोस्त ने कबूल किया कि वह भी उसी लड़की को चाहता है। कपिल ने दोस्ती की खातिर अपना कदम पीछे खींच लिए और कहा, 'ठीक है भाई, तू ले जा।' आज वे दोनों पति-पत्नी हैं। कपिल मजाकिया लहजे में कहते हैं कि उनके प्यार का फल पकते-पकते ही चू गया।

दादी की 'सरजूपारी' वाली बात

अवधी लेखिका विनीता मिश्रा ने बताया कि 10वीं तक उन्होंने कभी किसी लड़के की तरफ देखा तक नहीं था। एक बार प्रैक्टिकल परीक्षा देने वह लड़कों के कॉलेज गई, जहां एक लड़का उन्हें दिल दे बैठा। वह लड़का दो साल तक विनीता की गली के चक्कर काटता रहा। हद तो तब हुई जब वह पूरी हिम्मत जुटाकर अपने परिवार के साथ विनीता के घर रिश्ता लेकर पहुंच गया। लेकिन विनीता की दादी ने यह कहकर रिश्ता ठुकरा दिया कि 'एक ही तो बिटिया है, उसे भी क्या सरजूपारी ब्राह्मण के घर भेज दें।' बस बात वहीं खत्म हो गई।

डरा गया 'भारी' इजहार

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सागर ने अपने एक 6 फुट लंबे और बॉडी बिल्डर दोस्त का मजेदार किस्सा सुनाया। उनके दोस्त को एक 4 फुट की मासूम सी लड़की से प्यार हो गया। एक दिन कोचिंग से निकलते वक्त उस दोस्त ने अपनी भारी और कड़क आवाज में लड़की को सीधा 'आई लव यू' बोल दिया। दोस्त का भारी व्यक्तित्व और उसकी गूंजती आवाज सुनकर लड़की इतनी बुरी तरह डर गई कि वहां से भाग खड़ी हुई। इस तरह एक 'भारी-भरकम' इजहार की वजह से उनकी प्रेम कहानी शुरू होने से पहले ही हमेशा के लिए अधूरी रह गई।

कला से ही किया प्रेम

युवा कथक कलाकार रिनी भारद्वाज ने बताया कि उनके जीवन में कई बार लड़कों ने प्यार का इजहार किया, लेकिन उन्होंने हमेशा अपनी कला (डांस) को ही प्राथमिकता दी। हालांकि, कक्षा 6 की एक धुंधली याद उनके पास है। तब एक लड़का था जो जन्मदिन पर उन्हें चॉकलेट दिया करता था और गाना भी बहुत अच्छा गाता था। उसकी गायकी और चॉकलेट की मिठास की वजह से रिनी उसे थोड़ा-थोड़ा पसंद करने लगी थीं। लेकिन न कभी उस लड़के ने हिम्मत दिखाई और न ही बात आगे बढ़ पाई। आखिरकार, रिनी ने अपना पूरा जीवन कथक को ही समर्पित कर दिया।

इश्क ने बनाया 'लड्डू वाला'

हास्य कवि पंकज प्रसून ने अपने एक मित्र का किस्सा सुनाया जो एक हनुमान भक्त लड़की के चक्कर में रोज मंदिर जाता था। इजहार की हिम्मत नहीं हुई, तो उसने लड़की को रोज लड्डू खिलाना शुरू कर दिया। एक दिन उसने देखा कि लड़की के एक हाथ में लड्डू का डिब्बा है और दूसरे हाथ में किसी और लड़के का हाथ। समझ आ गया कि मुराद पूरी हो गई है। आज वह मित्र उसी लड़की की याद में हनुमान सेतु पर लड्डू की दुकान चलाता है। हर मंगलवार वह लड़की वहां आती है और वह उसे मुफ्त में 11 रुपये के लड्डू देता है।

लिफ्ट और अधूरी दास्तां

सीरियल 'भाबीजी घर पर हैं' के अभिनेता संदीप यादव ने अपने शुरुआती दिनों का किस्सा सुनाया। शूटिंग के दौरान एक सहकर्मी महिला से उनकी मुलाकात हुई। एक बार बारिश के कारण उन्होंने संदीप को अपनी गाड़ी में लिफ्ट दी, जिसके बाद रोज साथ आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया। सेट पर उनके अफेयर के खूब चर्चे होने लगे और धीरे-धीरे संदीप के मन में भी उनके लिए जगह बनने लगी। बात बिगड़े न तो उन्होंने ही कहा कि अब हमें दूर होना चाहिए। वह जब चली गईं तो उनकी कमी खलने लगी। हमेशा याद आती थी।

अफवाहों का इश्क

उस्ताद कदम और शौकिया गायक तुषार सहाय ने कहा कि बेगम अख्तर कहती थी कि आवाज में दर्द चाहिए तो इश्क करो, क्योंकि टूटे दिल का दर्द ही आवाज बनता है।' उन्होंने अपना किस्सा सुनाया कि कॉलेज के दिनों में एक सहपाठी लड़की के साथ उनके अक्सर आने-जाने के कारण पूरे कैंपस में अफवाह फैल गई थी कि दोनों का चक्कर चल रहा है। तुषार ने कभी इस पर सफाई नहीं दी, लेकिन हकीकत तब सामने आई जब उस लड़की की शादी उन्हीं के एक बैचमेट के साथ तय हो गई। तब जाकर लोगों का वह भ्रम टूटा।

फटाफट खबरें

अंदाजियन्स एग्जिबिशन-सीजन 2 का आगाज

■ NBT न्यूज, चौक: अदाये लखनऊ की अंदाजियन्स एग्जिबिशन-सीजन 2 का शुभारंभ शुक्रवार को चौक क्षेत्र में स्थित जवाहर लाल नेहरू युवा केंद्र में हुआ। रविवार तक चलने वाले एग्जिबिशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी की प्रवक्ता एवं महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने किया। प्रदर्शनी का खास आकर्षण खाने की विशेष स्टॉल्स रहे, जिनमें महिलाओं द्वारा तैयार किए गए राजस्थानी व्यंजन, घर के ऑथेंटिक फ्लेवर, रसियावल जैसे पारंपरिक स्वाद वाली डिशेज शामिल हैं।

'भातखंडे में तबला साधना का उत्सव शुरू'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय में पंडित विष्णु नारायण की स्मृति में तालवाद्य विभाग द्वारा गुरुवार को दो दिवसीय तबला कार्यशाला का शुभारंभ सुजान सभागार में हुआ। कार्यशाला में विशेषज्ञ के रूप में प्रो. नीलू शर्मा प्रशिक्षण देंगी। प्रथम दिन प्रो. नीलू शर्मा ने फर्रुखाबाद घराने की बोल-निकास की तकनीकी विशेषताओं तथा पारंपरिक वादन शैली के अंतर्गत लयकारी, एकल एवं संगत की बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

पांच हजार महिला शक्तियों से गूंजा परिसर

■ NBT न्यूज, लखनऊ: लो भारत अपने हाथों में, निकलो बंद मकानों से, मंच से इस नारे के गूंजते ही पूरा सम्मेलन परिसर जोश और तालियों से भर उठा। गुरुवार को राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कॉल्विन कॉलेज के मैदान में महिला सशक्तीकरण और नेतृत्व का ऐसा संगम देखने को मिला जिसने पूरे माहौल को ऊर्जा से भर दिया। वीरांगना वाहिनी और रेड ब्रिगेड की ओर से आयोजित वीरांगना वाहिनी सम्मेलन में उत्तर प्रदेश के 44 जिलों से लगभग पांच हजार महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व रेड ब्रिगेड की संस्थापक उषा विश्वकर्मा ने किया।

खेल में आलोक और दिनाक्षी अव्वल

■ NBT न्यूज, लखनऊ: गोमती नगर स्थित परिसर में शुक्रवार को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच शैक्षिक और खेल प्रतियोगिताएं हुईं। साथ ही विद्यार्थियों ने नाटक का मंचन भी किया। उत्सव में हुई विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिओं में छात्रा शिखा तिवारी पांच पुरस्कार लेकर अव्वल रहीं। इसके अलावा शिवम तिवारी अत्याक्षरी प्रतियोगिता में, सुमेधा आर्या वाद-विवाद, एक दूसरी छात्रा सुमेधा आर्या ने निबंध, संस्कृत सम्भाषण में अंजलि व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आलोक कुमार पयासी प्रथम रहे। खेल स्पर्धाओं में बालक वर्ग में आलोक कुमार पयासी और बालिका वर्ग में दिनाक्षी नेगी ने बाजी मारी। यह जानकारी खेल स्पर्धा की संचालिका डॉ. ज्योति सिंह ने दी।

पानी बचाने की मुहिम को मिला एआई का साथ, 'रेडियो ब्लू ड्रॉप' की शुरुआत

■ NBT न्यूज, लखनऊ: विश्व रेडियो दिवस पर ब्लू ड्रॉप फाउंडेशन द्वारा जल संरक्षण को समर्पित एआई तकनीक आधारित वेब रेडियो 'रेडियो ब्लू ड्रॉप' का औपचारिक शुभारंभ प्रेस क्लब हजरतगंज में किया गया। यह वेब रेडियो अत्याधुनिक एआई आधारित ऑटोमेशन तकनीक से संचालित है, जो सीमित संसाधनों में भी प्रभावी संचार को संभव बनाता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डॉ. अनिल रस्तोगी मौजूद रहे। ब्लू ड्रॉप फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ. मीनू खरे ने कहा कि एआई आज असीम संभावनाओं का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि एआई का समझदारी से उपयोग किए जाने पर यह सीमित संसाधनों में भी बड़े प्रोजेक्ट के लिए सशक्त साधन बन सकता है। रेडियो ब्लू ड्रॉप इसका उदाहरण है, जो एआई ऑटोमेशन से संचालित हो रहा है। मुख्य अतिथि डॉ. अनिल रस्तोगी ने एआई आधारित रेडियो संचालन को नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस दौरान डॉ. सतीश ग्रोवर, प्रो. वेंकटेश दत्ता, निवेदिता, योगेश आदित्य, डॉ. अर्जुन सिंह मौजूद थे।

मेट्रो स्टेशन से गूंजी रेडियो की सुनहरी आवाज

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर शुक्रवार को लखनऊ मेट्रो की ओर से हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर गीतमाला का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। लखनऊ मेट्रो के 'शो योर टैलेंट' पहल के तहत आयोजित कार्यक्रम का यात्रियों ने लुत्फ उठाया।

कलाकार नवीन कोहली ने रेडियो प्रसारक स्व. अमीन सायानी की शैली में प्रस्तुति दी। उन्होंने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'गीतमाला' का उल्लेख करते हुए गीतों का परिचय कराया और उनसे जुड़ी संक्षिप्त और रोचक जानकारी साझा की। इसके बाद सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी गई। कलाकार डॉ. विश्वास वर्मा ने भी अपनी प्रस्तुति से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। वर्ष 2011 में यूनेस्को की ओर से विश्व रेडियो दिवस की घोषणा की गई थी, जिसे 2012 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मान्यता प्रदान की। 13 फरवरी 1946 को 'संयुक्त राष्ट्र रेडियो' का पहला प्रसारण हुआ था, उसी की याद में यह दिवस मनाया जाता है।

'टॉ' के 60 वर्ष पूरे, डॉ. अनिल रस्तोगी सम्मानित

■ NBT न्यूज, लखनऊ: पद्मश्री प्रो. राज बिसारिया द्वारा स्थापित नाट्य संस्था 'थिएटर आर्ट्स वर्कशॉप' (टॉ) ने गुरुवार को अपना 60वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर रंगकर्मी और पद्मश्री से सम्मानित डॉ. अनिल रस्तोगी को रंगमंच के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रो. राज बिसारिया की धर्मपत्नी किरन राज बिसारिया ने डॉ. रस्तोगी को सम्मानित किया। समारोह में वरिष्ठ रंगकर्मी राकेश वेदा, अरुण त्रिवेदी, प्रफुल्ल त्रिपाठी, अरुण पांडे और ऋषभ दीक्षित सहित लखनऊ के कई कलाकार उपस्थित रहे।

संगीत की दुनियां में नया ट्रेंड | भक्ति के साथ संगीत भी कर रहे हैं इंज्वॉय, 50-60 की आयु पार कर चुके लोग भी हो रहे शामिल

महाशिवरात्रि पर युवा सिंगर रॉक, पॉप स्टाइल में गा रहे शिव के भजन

■ NBT न्यूज, लखनऊ

महाशिवरात्रि पर नए गायकों में भगवान शिव के भजनों और स्तुतियों को बेस बनाकर गिटार, ड्रम के साथ रॉक, जैज और पॉप स्टाइल में गाने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। इनके ऑडियंस में अधिकांश युवा ही होते हैं, लेकिन 50-60 की आयु पार कर चुके लोग भी शामिल हो रहे हैं। जो भक्ति के साथ संगीत भी इन्ज्वाय कर रहे हैं। इसे भजन जैमिंग या क्लबिंग कहा जाता है। इसकी एक बानगी शनिवार को गोमती नगर स्थित फूड वैली में होने वाले एक भक्ति संगीत कार्यक्रम में मिल सकती है। जहां कई पॉप गायक शिव के भजन प्रस्तुत करेंगे।

एक युवा सिंगर ने दो साल पहले रॉक स्टाइल में शिव की स्तुति कर्पूर गौरं... पेश किया था। इसका विडियो आया था, तब से ये चलन तेजी से बढ़ा है। कई युवा संगीतकारों ने म्यूजीशियन का एक ग्रुप बना लिया है, जो अपनी बेस गिटार के साथ खड़े होकर अपनी प्रस्तुतियां देता है।

AI Image

शंकर तेरी जटा में बहती गंगधारा...

शनिवार को होने वाले कार्यक्रम की रिहर्सल कर रहे भातखंडे से गायन की शिक्षा लेने वाले गायक प्रतीक शांडिल्य ने बताया कि वह ओम नमः शिवाय, शंकर तेरी जटा में बहती गंगधारा... के अलावा हनुमान चालीसा भी गाते हैं। हमारी एक टीम है और बेस गिटार, आक्टोपैड सहित अन्य वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट के साथ भजन प्रस्तुत करते हैं।

युवाओं में लोकप्रिय हो रहा है भजन जैमिंग

भजन क्लबिंग या जैमिंग का मतलब है आधुनिक संगीत बीट्स, लेजर लाइट्स और पार्टी के माहौल में पारंपरिक भजनों को गाना और नाचना। यह मुख्य रूप से युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रहा है, जो आध्यात्मिकता और नाइटलाइफ को मिलाकर भक्ति को एक नया ट्रेंडी रूप दे रहा है। इसमें पारंपरिक भजनों को इलेक्ट्रॉनिक बीट्स, गिटार या ड्रम के साथ पेश किया जाता है, जो क्लब या लाउंज जैसा अनुभव देता है। यह ट्रेंड पारंपरिक भजनों को युवा पीढ़ी से जोड़ने का एक तरीका है, जो शांत माहौल के बजाय ऊर्जामय वातावरण पसंद करते हैं। यह भगवान का नाम लेते हुए आधुनिक जीवनशैली को छोड़े बिना आध्यात्मिकता से जुड़ने का एक नया ढंग है

'पहले के युवा और आज के बच्चे की सोच बराबर'

मदन बैंड के गायक और कंपोजर कार्तिक बताते हैं कि जैसे साल भर में सामानों की पैकेजिंग बदल जाती है, वैसे ही संगीत की दुनियां में भी है। आज के युवा में पहले की तरह की हारमोनियम, ढोलक और मंजीरा के साथ भजन सुनने का समय नहीं है। पहले के 20 साल के युवा और आज के दस साल के बच्चे की सोच बराबर है। वह कहते हैं कि हम तो इसे ठीक मानते हैं। कोई अच्छी बात समझ में आनी चाहिए, चाहे जैसे आए।

'पश्चिमी वाद्यों के साथ गाते हैं भजन'

भातखंडे में ही वोकल की छात्रा सुरभि पांडेय ने बताया कि पिछले 6-7 महीनों से इस तरह के गाने का चलन ज्यादा बढ़ा है। इसमें परंपरागत भारतीय वाद्य न होकर पश्चिमी वाद्यों के साथ गाते हैं। इसके कई कार्यक्रम भी हो चुके हैं। वह शिव की स्तुति पशुनाथ पतिम... के अलावा कई भजन स्तुतियां गाती हैं। बताया कि युवाओं में आध्यात्मिकता बढ़ी है। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक कमलेश दुबे ने बताया कि शब्द उतने महत्वपूर्ण नहीं होते हैं, महत्वपूर्ण यह है कि वे किस भावना से कहे जा रहे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG7 User: cci Time: 02-13-2026 23:49 Color:

वार्षिक एथलेटिक मीट-उड़ान में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

ओम और नेहा बने चैंपियंस ऑफ चैंपियन

सिटी स्पोर्ट्स

NBT न्यूज, लखनऊ: उत्तर रेलवे चारबाग रेलवे स्टेडियम पर बाबा श्रीनारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज की 55वीं वार्षिक एथलेटिक मीट- उड़ान में शुक्रवार को ओम सिंह और नेहा गुप्ता चैंपियंस ऑफ चैंपियन बन कर उभरे। अंत में विजेताओं को महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव शर्मा और प्राचार्य संजय मिश्रा ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। वहीं, सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को निःशुल्क टीशर्ट प्रदान की गई।

समापन समारोह की शुरुआत 5000 मीटर रेस से हुई, जिसमें 12 स्टूडेंट्स ने उत्साह से भाग लिया। साथ ही 100 मी., 400 मी., 800 मी., 1500 मी. और 5 किमी., रिले रेस, लंबी कूद, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट संग गुब्बारा की सेक रेस और कई प्रतियोगिताओं के फाइनल मुकाबले खेले गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ के बीच क्रिकेट मुकाबला रहा, जिसमें दर्शक संग स्टूडेंट्स का भी भरपूर उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत म्यूजिकल चेयर खेल के साथ हुआ।

एथलेटिक मीट के विजेता

उत्तराखंड और कर्नाटक ने परखी तैयारियां

NBT न्यूज, लखनऊ: रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में शुक्रवार को इकाना क्रिकेट स्टेडियम पर पावर हाउस टीम कर्नाटक और उत्तराखंड ने अपनी तैयारियां परखी। दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने अपनी तैयारियों को धार दी और जमकर अभ्यास किया।

रणजी ट्रॉफी में पहली बार अंतिम चार में जगह बनाने वाली उत्तराखंड और कर्नाटक के बीच 15 फरवरी को पांच दिवसीय सेमीफाइनल मुकाबले की शुरुआत होगी। मुकाबले में कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। कर्नाटक की टीम अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी करुण नायर, देवदत्त पडिक्कल संग केएल राहुल, मयंक अग्रवाल, प्रसिद्ध कृष्णा से सजी है। ऐसे में इकाना स्टेडियम रणजी के इस धमाकेदार सेमीफाइनल का गवाह बन सकता है। कर्नाटक की टीम ने इकाना के बी ग्राउंड पर जमकर अभ्यास किया। उधर, पूरे जोश से भरी उत्तराखंड टीम ने इकाना ग्राउंड पर अपनी तैयारियों को धार दी।

शहर बन सकता है फाइनल की मेजबानी:

रणजी का यह सेमीफाइनल हाईवोल्टेज मुकाबला होने वाला है। दरअसल, देहरादून के राजीव गांधी स्टेडियम पर पिच संबंधी दिक्कतों के कारण उसे अनफिट घोषित कर दिया गया है और बीसीसीआई ने लखनऊ को उत्तराखंड के घरेलू मैदान के रूप में आवंटित किया है। उधर, इस बार रणजी ट्रॉफी की मेजबानी उत्तराखंड कर रहा है। ऐसे में उत्तराखंड सेमीफाइनल में जीत हासिल करता है और दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम (पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर) को नियमों के अनुसार उत्तराखंड के घरेलू मैदान पर फाइनल खेलना था। चूंकि, अब उत्तराखंड का घरेलू मैदान लखनऊ इकाना हो गया है। ऐसे में परिस्थितियां पक्ष में रहती हैं तो रणजी इतिहास में दूसरी बार लखनऊ को फाइनल की मेजबानी करने का मौका मिल सकता है।

LDA कोचिंग और UP टिंबर जीते

BBD ए डिवीजन लीग

अनुभव श्रीवास्तव जीशान अंसारी

NBT न्यूज, लखनऊ: बीबीडी ए डिवीजन लीग में शुक्रवार को एलडीए कोचिंग सेंटर और यूपी टिंबर क्रिकेट क्लब ने धमाकेदार जीत दर्ज की। एलडीए की जीत में एक बार फिर शहर के आईपीएल स्टार खिलाड़ी जीशान अंसारी प्लेयर ऑफ द मैच बने। जीशान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्धशतक जड़ा और उम्दा गेंदबाजी कर चार विकेट झटके।

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में, ड्राइव क्रिकेट अकैडमी ने 39.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 155 रन बनाए। जीशान ने आठ ओवर में 29 रन देकर चार सफलता हासिल की। जवाब में एलडीए ने 40 ओवर के खेल में 22.2 ओवर में 159 बनाकर जीत हासिल की। एलडीए से हिमांशु श्रीवास्तव ने 79 और जीशान ने 56 रन की नाबाद पारी खेली। इससे पहले हुए मुकाबले में, यूपी टिंबर ने 39.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 202 रन का लक्ष्य रखा। जिसका पीछा करते हुए लड़के केयर 19 ओवर में 75 रन पर सिमट गया। यूपी टिंबर से अनुभव श्रीवास्तव ने तीन ओवर में 15 रन देकर चार विकेट झटके और प्लेयर ऑफ द मैच बने।

क्रिश्चियन कॉलेज फाइनल में, JNPG से होगी भिड़ंत

सुंदरी देवी क्रिकेट प्रतियोगिता

NBT न्यूज, लखनऊ: श्रीजय नारायण मिश्र महाविद्यालय लखनऊ में खेले जा रहे 53वें सुंदरी देवी अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज और जेएनपीजी कॉलेज ने जीत हासिल की और फाइनल में जगह बनाई।

प्लेयर ऑफ द मैच अनुप पांडेय के दमदार 107 रनों की बदौलत क्रिश्चियन कॉलेज 151 रनों से बड़ी जीत दर्ज की और फाइनल में पहुंचा। दूसरे सेमीफाइनल में जेएनपीजी कॉलेज ने पहले बैटिंग करते हुए नौ विकेट खोकर 143 रन बनाए। जवाब में लखनऊ विश्वविद्यालय 20 ओवर में 121 रन ही बना सका।

जूनियर बालिका हॉकी टीम के लिए ट्रायल 18 से

NBT न्यूज, लखनऊ: प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता गोरखपुर के हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान और बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज पर 23 फरवरी से खेली जाएगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए जिला व मंडल स्तर पर ट्रायल कराकर टीम का का गठन किया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा के मुताबिक 18 फरवरी को जिला स्तर और मंडल स्तर पर 19 फरवरी को दोपहर तीन बजे गोमती नगर विजयंत खंड स्टेडियम पर ट्रायल कराए जाएंगे। ट्रायल में प्रतिभाग के लिए खिलाड़ियों के पास पात्रता प्रमाणपत्र और जन्मतिथि प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है।

जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 16 से

NBT न्यूज, लखनऊ: पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में खेल निदेशालय व क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में 16 फरवरी से दो दिवसीय जूनियर बालक हॉकी प्रतियोगिता खेली जाएगी। प्रतियोगिता के मुकाबले गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी एस्ट्रोटर्फ पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में 15 से 20 वर्ष आयु तक के बालक हिस्सा ले सकते हैं। आरएसओ डॉ. अतुल सिन्हा के अनुसार इच्छुक खिलाड़ी उपक्रीड़ाधिकारी रंजीत राम से संपर्क कर प्रतिभाग कर सकते हैं।

मार्च में होगा अस्मिता फुटबॉल टूर्नामेंट

NBT न्यूज, लखनऊ: अस्मिता महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन मार्च के पहले सप्ताह में चौक स्टेडियम पर होगा। टूर्नामेंट लखनऊ फुटबॉल संघ की देखरेख में आयोजित किया जाएगा। इसमें ट्रॉफी के लिए सब जूनियर और जूनियर महिला वर्ग की कुल आठ टीमें जोर आजमाइश करेंगी। संघ सचिव कन्हैया लाल के अनुसार प्रतिभागिता के लिए महिला खिलाड़ियों के पास सीआरएस नंबर और बैंक अकाउंट होना अनिवार्य है। इच्छुक खिलाड़ी मुकेश कुमार से संपर्क कर प्रतिभाग कर सकते हैं।

बड़े इमामबाड़े में पाकिस्तान के खिलाफ हुआ प्रदर्शन

NBT न्यूज, चौक: पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की जामा मस्जिद में हुए आतंकवादी हमले के खिलाफ शुक्रवार को मजलिस-ए-उलमा-ए-हिंद की ओर से आसिफी मस्जिद में नमाजे जुमा के बाद एक विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व मौलाना कल्बे जवाद नकवी ने किया।

आसिफी मस्जिद में पाकिस्तान मुर्दाबाद के लगे नारे

प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान सरकार, फौज, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, जनरल मुनीर और अमेरिका व इस्राइल के खिलाफ 'मुर्दाबाद' के नारे लगाए। प्रदर्शन में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की तस्वीर जलाकर लोगों ने अपना गुस्सा जाहिर किया। प्रदर्शनकारियों ने संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों से मांग की है कि पाकिस्तान को आतंकवादी राज्य घोषित किया जाए। प्रदर्शन में मौलाना नकी असकरी, मौलाना अब्बास हुसैन, मौलाना फिरोज हुसैन, मौलाना हसन जाफर, मौलाना आदिल फराज नकवी मौजूद रहे।

ज़ैनब की शान में कलाम पेश करेंगे शायर

NBT न्यूज, चौक: ऑल इंडिया शिया हुसैनी फंड की ओर से शनिवार को रात 8 बजे शिया कॉलेज के विक्टोरिया स्ट्रीट कैंपस के मरहूम मिल्लत हाल में जश्न-ए-जैनब का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश भर से आए हुए शायर, जनाबे जैनब की शान में अपने कलाम पेश करेंगे। संस्था के मीडिया प्रभारी शाहिद काज़िम ने बताया कि विक्टोरिया स्ट्रीट पर स्वागत कैंप लगाया गया है। मौलाना यासूब अब्बास, मौलाना सकलैन आब्दी ने नज़्र देकर कैंप की शुरुआत की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अमीर आलम, मोहम्मद जकी, हसन मेंहदी मौजूद रहे।

डॉ. कल्बे सादिक की याद में हुआ पौधरोपण

NBT न्यूज, चौक: पद्म भूषण मौलाना डॉ. कल्बे सादिक की याद में तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट द्वारा यूनिटी कॉलेज के आर्गनिक क्लब के सहयोग से पौधरोपण किया गया। खसरा सं. 281 व 286 निकट चरक हॉस्पिटल, लालजी टंडन मार्ग पर शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में यूनिटी कॉलेज, यूनिटी कॉलेज सेकेंड शिफ्ट, न्यू सेंट जोन्स स्कूल, ताहा स्कूल, एमस स्कूल आदि के छात्र-छात्राओं ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर टाटा इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ वैज्ञानिक बाबो उपकाशीदी हिमांशु ढपोला ने ग्लोबल वार्मिंग एवं वायु प्रदूषण से निपटने के लिए पौधरोपण को जरूरी बताया।

ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार पर किया जागरूक

NBT न्यूज, निगोहां: उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से निगोहां कस्बे स्थित बाबू सुंदर सिंह कॉलेज परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी दी गई।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अवधेश गौतम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ग्रामीण युवाओं को रोजगार के लिए शहरों की ओर पलायन से रोकना और गांवों में ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

'पार्किंग न होने से बाज़ार आने में कतराते हैं ग्राहक'

NBT न्यूज ,लखनऊ : उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल द्वारा परंपरागत बाजारों की मजबूती, रिटेल व्यापार के संरक्षण और ई-कॉमर्स की चुनौतियों से निपटने के उद्देश्य से शुक्रवार को लखनऊ के गणेशगंज-नाका बाजार स्थित कबीरतगंज तिराहे पर 'ट्रेडर्स सेमिनार' का आयोजन किया गया।

सेमिनार का उद्देश्य व्यापारियों को आधुनिक व्यापारिक तकनीकों से परिचित कराना और ग्राहकों का रुख पुनः पारंपरिक बाजारों की ओर मोड़ना रहा। कार्यक्रम में स्मार्ट मार्केटिंग, स्मार्ट ट्रेडिंग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और वित्तीय प्रबंधन पर चर्चा की गई।

इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा कि पुराने बाजारों में पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से ग्राहक आने से कतराते हैं। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे दुकानों के सामने ग्राहकों के लिए पार्किंग सुनिश्चित करें और स्टाफ के वाहनों को अन्यत्र खड़ा करें। उन्होंने व्यापारियों को नेम पोर्टल के माध्यम से नए अवसर तलाशने, क्लस्टर पर्चेसिंग पर ध्यान देने तथा ग्राहकों का डाटाबेस तैयार कर उसे डिजिटल मार्केटिंग में उपयोग करने की सलाह दी।

शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन

विज्ञापन संख्या 01 / 2026

मुंबई विश्वविद्यालय-परमाणु ऊर्जा विभाग, मौलिक विज्ञान उत्कर्ष केंद्र (यूएम-डीएई सीईबीएस), मुंबई बेसिक साइंसेज में पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी एवं आवेदन के लिए, https://www.cbs.ac.in/Academics/ph.d.programme पर जाएं।

आवेदन करने की अंतिम तिथि: 28.02.2026

फटाफट खबरें

लिंक रोड पर चार माह में ही हुए गड्ढे

NBT न्यूज, मॉल: लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार द्वारा बनाई गई लिंक रोड पर चार माह में ही गड्ढे हो गए हैं। ठेकेदार ने एक ही कोट डामरीकरण किया था। दूसरा कोट दीपावली के बाद करने की बात कही थी लेकिन चार माह बीतने के बाद भी काम पूरा नहीं किया। मॉल विकास खंड के पीर नगर गांव के लिए मॉल इटौंजा मुख्य मार्ग से पीर नगर गांव के लिए लगभग साढ़े आठ सौ मीटर की सड़क में एक दर्जन से भी अधिक गड्ढे हो चुके हैं।

डॉ. दिवाकर को मिला प्रशस्ति पत्र

NBT न्यूज, मोहनलालगंज: सीएमओ एनबी सिंह लखनऊ ने मोहनलालगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ. दिवाकर भारद्वाज को उनके उत्कृष्ट कार्य और स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मोहनलालगंज सीएचसी की रैंकिंग में सुधार और अस्पताल की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने में डॉ. दिवाकर भारद्वाज की अहम भूमिका को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया है।

'नेतृत्व दक्षता के लिए मंच जरूरी'

NBT न्यूज, लखनऊ: इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स (इंडिया) की ओर से शुक्रवार को स्टूडेंट चैप्टर का आयोजन हुआ। राम स्वरूप मेमोरियल कॉलेज आफ इंजिनियरिंग ऐंड मैनेजमेंट के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ विजय प्रताप सिंह थे। उन्होंने कहा कि तकनीकी और नेतृत्व दक्षता के लिए यह मंच विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही यह छात्रों को पेशेवर तौर पर उन्हें मजबूत बनाएगी। इस दौरान कॉलेज के प्रो. भावेश कुमार, एके सिंह, लेखी सिंह, अशीष यादव, सीके मनलम मौजूद रहे।

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG8 User: cci Time: 02-13-2026 21:43 Color:

संवाद
नवभारत टाइम्स
नवभारत टाइम्स | कानपुर (कानपुर व लखनऊ में एक साथ प्रसारित) | शनिवार, 14 फरवरी 2026

सकारात्मक संकेत

बांग्लादेश चुनाव का भारत पर असर

बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) के प्रमुख तारिक रहमान 17 साल बाद जब अपने देश लौटे तो उनका पहला सार्वजनिक बयान था कि मेरे पास एक प्लान है। अब जब वह देश की कमान संभालने के लिए तैयार हैं, तो डेढ़ साल से अस्थिरता और गंभीर सुरक्षा संकट झेल रहे बांग्लादेश को एक कारगर प्लान की जरूरत भी पड़ेगी। बांग्लादेश की जनता को उनसे बहुत उम्मीदें हैं।

संतुलित रुख । तारिक ने अपने भाषण में दो बातों पर खास जोर दिया था। एक, धर्म व्यक्ति का विषय है और वह ऐसा सुरक्षित बांग्लादेश बनाना चाहते हैं, जो सभी का हो। दूसरे, उन्होंने बांग्लादेश के हितों को प्राथमिकता देने की बात कही थी। उनका रुख अंतरिम सरकार की तुलना में ज्यादा सुलझा और सकारात्मक है। मोहम्मद यूनुस के दौर में बांग्लादेश का झुकाव चीन-पाकिस्तान की तरफ ज्यादा दिखा।

BNP की जीत

भारत का संदेश । तारिक रहमान ने ज्यादा संतुलित रवैया अपनाया है। उन्होंने भारत विरोधी भावनाओं को भड़काया नहीं, बल्कि सभी को लेकर चलने की बात कही। भारत ने भी समय-समय पर बताया है कि वह बदले नेतृत्व के साथ रिश्ते बढ़ाने के लिए तैयार है। BNP की जीत पर तारिक को बधाई देने वाले सबसे पहले वैश्विक नेताओं में पीएम नरेंद्र मोदी रहे। उन्होंने दोनों देशों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्तों की बात कर संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की पहल कर दी है।

साझा हित । भारत और बांग्लादेश के हित कई क्षेत्रों में साथ जुड़े हुए हैं। भले ही दिल्ली ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को शरण दी हो, लेकिन उसने बांग्लादेश के आंतरिक मामलों से हमेशा दूरी बनाकर रखी। हालांकि जमात-ए-इस्लामी की तुलना में BNP ज्यादा उदार चेहरा है और उसकी बड़ी जीत बताती है कि बांग्लादेश के आम लोगों को भी जमात की कट्टरपंथी विचारधारा पर यकीन नहीं। ऐसे में भारत और बांग्लादेश हाल में आई दूरी को पाट सकते हैं।

जनादेश का सम्मान । दूसरे देशों की संप्रभुता और वहां के जनादेश का सम्मान भारत की नीति रही है। पीएम मोदी का संदेश बताता है कि भारत आगे बढ़ने को तैयार है। इससे पहले भी तमाम तनाव के बावजूद भारत ने पूर्व पीएम खालिदा जिया के इलाज की पेशकश की थी और फिर उनकी मौत पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ढाका पहुंचे थे। अब अगला कदम बांग्लादेश को उठाना होगा। सकारात्मक है कि BNP ने भी संबंधों को मजबूती देने की बात कही है।

खुले मन से

हम सामूहिक रूप से क्या है, यह एल्गोरिदम बताता है

सुधीर मिश्र

हफीज होशियारपुरी का शेर है-

दिल से आती है बात लब पे 'हफ़ीज़'
बात दिल में कहाँ से आती है

सच कहें तो पहले दिमाग से आती थी। आजकल एल्गोरिदम यानी सोशल मीडिया देखने वालों की सामूहिक सोच से। अब देखिए न, सारे उत्तर भारत की निगाह आजकल एक प्राइवेट बैंक की एक शाखा पर अटकी हुई है। एक ठाकुर और एक ब्राह्मण महिला की बहस क्या हुई, एल्गोरिदम ने उसे राष्ट्रीय आपातकाल बना दिया। बात का बतंगड़ कैसे बनता है, इसे देखकर समझ सकते हैं। और लोग हैं कि मीडिया पर सवाल उठाते हैं कि इन लोगों के पास दिखाने के लिए कुछ नहीं बचा। सच तो यह है कि आज भी अखबार वाले आपको बेरोजगारी, महंगाई, मिलावट, गंदगी, पर्यावरण, किसानों की आमदनी, शिक्षा की गुणवत्ता और मरीजों की बदहाली दिखाना चाहते हैं पर सवाल यह है कि क्या आप अपने मोबाइल की स्क्रीन या लैपटॉप पर इन मुद्दों को देखना चाहते हैं? देश के राजनीतिक दल और सरकारें भी जानती हैं कि आपके लिए अब भ्रष्टाचार नॉन इश्यू है और ठाकुर, ब्राह्मण, ओबीसी और एससी असली मुद्दा। इसीलिए वे आप को वही दे रही हैं जिनसे आप के पूर्वाग्रहों को संतुष्टि मिलती है। इसीलिए एक ऐसी बहस की रील बनती है और वॉट्सऐप-इंस्टाग्राम पर बंटती है। इतना जरूर है कि इस झगड़े से वह दावे जरूर गलत साबित होते हैं जिनमें कहा जाता है कि अब जात-पात कहां है ? देख लीजिए इतने बड़े बैंक के पढ़े-लिखे स्टाफ तक में है।

दरअसल कोई जाति, धर्म, पढ़ा-लिखा और अनपढ़ इससे अछूता नहीं है। हम बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, शिक्षा और स्वास्थ्य पर शांत रहते हैं, लेकिन जैसे ही जाति का जिक्र आता है, हमारे भीतर बैठी हुई वर्ण स्मृति अंगड़ाई लेने लगती है। लोग कहते हैं कि नई पीढ़ी बदल गई है। वह जाति-धर्म की कट्टरता से मुक्त है लेकिन सोशल मीडिया देखिए तो लगता है कि यह जज्बा अब 4K क्वालिटी में सुपर फाइन होकर सामने आने लगा है। एक बैंक में हुई बहस ने साबित कर दिया कि आज के युवा डिजिटल भले हो गए हों, लेकिन पुराने लोगों के संस्कारों से मिली मानसिकता उनकी हार्ड डिस्क के पुराने फोल्डर में कहीं सेव पड़ी है। चेतन मन में व्यवधान आते ही अवचेतन से जातीय दंभ कहीं न कहीं निकलकर सामने आ जाता है। चाहे वह ठाकुर हो, ब्राह्मण या कोई और जाति। माय कास्ट- माय प्राइड का नारा गूंजने लगता है। अब बताइए भला बैंक के कर्मचारियों की छोटी सी आपसी लड़ाई भी कोई राष्ट्रीय चर्चा का विषय बननी चाहिए थी। और लोग हंसते हैं मीडिया पर। अरे भाई हंसने से पहले हम सब अपनी टाइम लाइन क्यों नहीं देखते ? एल्गोरिदम कोई देवता नहीं है। वह हमारी ही सामूहिक सोच, पसंद का आइना है। हम जो चीज जितना देखेंगे, वह हमें उतना ही दिखाता जाएगा। सामूहिक सोच मतलब डिजिटल समाज जिसका निर्माण किसी खास इलाके या भूगोल पर नहीं बल्कि एक जैसी सोच पर निर्भर करता है और इसका दायरा बहुत बड़ा होता है। यह डिजिटल समाज ही आज सबसे बड़ा संपादक है जो किसी साधारण सी घटना को भी ट्रेंड करा सकता है, उसे लीड बना सकता है। यही वजह है कि देश के असली सवाल हमेशा की तरह लाइन में खड़े हैं, बैंक के काउंटर की तरह क्योंकि यह आप की परेशानी तो है पर आप इस पर बात नहीं करना चाहते क्योंकि इसमें आपको मजा नहीं आता। अलबत्ता हमारी रुचि ऐसी बहसों में है जहां कोई मुद्दा भले न हो, लेकिन आपकी जातीय पहचान को छूता हो। इसमें कोई शक नहीं कि लोगों को असल मुद्दों से ज्यादा मसालेदार बातें पसंद हैं और मसाला एल्गोरिदम की फेवरेट डिश है। खैर, देश ऐसे ही चलता रहेगा। मसाला बदलेगा तो बहसें बदलेंगी। ट्रेंड बदलेंगे और नए विडियो हलचल मचाएंगे पर क्या हम असल मुद्दों को, अपनी दिक्कतों को कभी ट्रेंड करा पाएंगे ? बहरहाल यह सब देखकर अपना जो हाल है, उस पर जावेद अख्तर साहब का यह शेर और बात खत्म कि-

बहाना ढूंढते रहते हैं कोई रोने का
हमें ये शौक़ है क्या आस्तीं भिगोने का

जीत पर संदेह नहीं, मगर सिक्के के दूसरे पहलू को नहीं कर सकते नज़रअंदाज़

भारत को ग़लतियां सुधारनी होंगी

मनोज जोशी

यह सुनने में अच्छा लगता है कि पिछला T20 क्रिकेट विश्व कप जीतने के बाद से हमारा रेकॉर्ड अन्य टीमों के मुकाबले दमदार है। तब से हमने कोई सीरीज नहीं गंवाई है। पाकिस्तान के खिलाफ T20 विश्व कप में टाई मैच में मिली जीत के साथ 7-1 का रेकॉर्ड और पिछले T20 एशिया कप में लगातार तीन बार पटखनी देने से हर भारतीय गदगद है। लगता है इस बार भी ऐसा होगा। सीमा पार से टीवी फोड़ने के दृश्य भी देखने को मिलेंगे। देश की हर गली में जश्न मनेगा।

सिक्के का दूसरा पहलू । यह तो सिक्के का एक पहलू है। मगर दूसरे पहलू को हमें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इसमें थोड़ा फीयर फैक्टर है। हमने इस विश्व कप में दो मैच खेले हैं, लेकिन हमारा चैंपियन वाला अंदाज नहीं दिखा। मध्यक्रम स्ट्रगल करता दिख रहा है। दो एसोसिएट टीमों के गेंदबाज हमारे बल्लेबाजों पर हावी दिखे। हमारी ही जमीं पर स्पिनर भी हम पर हावी हैं।

अमेरिका ने पानी पिलाया । T20 विश्व कप के शुरुआती दो मुकाबलों में विपक्षी हमसे 20 दिखे। अमेरिका और नामीबिया के सामने हमारे प्रदर्शन ने यह सोचने पर मजबूर किया है कि मजबूत टीमों के खिलाड़ियों से हम कैसे भिड़ेंगे। नामीबिया के सामने तो हम 11 गेंदों पर 3 रन बना सके और 5 विकेट गंवा दिए। पिछले T20 विश्व कप में पाकिस्तान को हराने वाली अमेरिका की टीम ने भी हमें पानी पिला दिया। पावरप्ले में चार विकेट लेकर और 77 रनों पर 6 विकेट झटक कर उसने हमें संकट में ला दिया था।

घेरने की तैयारी । पाकिस्तान टीम के कोच माइक हेसन ग्राउंड रियलिटी में यकीन रखते हैं। इसलिए, उनका जोर पाकिस्तान की पेस बोलिंग की जगह स्पिन पर है। रणनीति कारगर दिख रही है। पाकिस्तानी टीम अब एक पार्ट टाइम स्पिनर के साथ 5 स्पिन गेंदबाजों का इस्तेमाल कर रही है। अमेरिका के खिलाफ सिर्फ तेज गेंदबाज के रूप में शाहीन शाह अफरीदी ही थे। टीम ने बाकी 16 ओवर स्पिनर्स से फेंकवाए। माइक हेसन भारत को भारत के अंदाज में घेरना चाह रहे हैं।

पाकिस्तान की ताकत । भारतीय बल्लेबाज शादाब और नवाज को आसानी से खेल सकते हैं। शादाब औसत स्पिनर हैं और बाएं हाथ के नवाज बल्लेबाज को फुल लेंथ खिलाने के लिए मजबूर करते हैं। यह हमारे खिलाड़ी जानते हैं। उस्मान तारिक को फायदा मिल सकता है, क्योंकि भारतीय बल्लेबाज के सामने उन्होंने कभी गेंद नहीं फेंकी है। दूसरी खास बात है कि वह ऑफ स्पिनर हैं और भारत के शीर्ष 8 बल्लेबाजों में 6 बाएं हाथ से खेलते हैं। उस्मान की कैरम बॉल वैरिएशन लाती है। अपनी इन खूबियों से वह 4 T20 मैचों में 11 विकेट ले चुके हैं।

अबरार और सैम की रणनीति । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अबरार अहमद अपने हाई आर्म ऐक्शन के साथ गुगली और लेग ब्रेक गेंद फेंकते हैं। अमूमन उनकी लेंथ एक सी रहती है। उन्होंने अपने 75% से अधिक विकेट गुड लेंथ गेंद फेंक कर झटके हैं। वह बीच के ओवरों में रन बचाकर सामने वाली टीम पर दबाव डालते हैं। पाकिस्तान टीम के ओपनर सैम अयूब से पावरप्ले में बचना जरूरी होगा। हालांकि, पिछले 25 मुकाबलों में उन्होंने 2 अर्धशतक जड़े हैं, लेकिन पावरप्ले में अपनी स्टीक बोलिंग से वह टीम में बने हुए हैं। उन्होंने पावरप्ले में अब तक 10 विकेट लिए हैं। वह ऑफ और लेग स्पिनर दोनों हैं। वह शार्प टर्न भी कर लेते हैं और कैरम बॉल भी फेंकते हैं।

ओवर कॉन्फिडेंस से बचना जरूरी । टीम इंडिया को ओवर कॉन्फिडेंस से बचने की जरूरत है। टीम में कई पावर हीटर हैं और हर खिलाड़ी हर गेंद पर छक्का मारने की कोशिश करता है। हालांकि, टीम यह संतुलन दिखा रही है। पहले मैच में सूर्यकुमार ने शुरुआती गेंदों पर बेहद सावधानी बरती और यही काम हार्दिक पांड्या ने दूसरे मैच में किया। इसके अलावा, हमारे खिलाड़ियों को बाउंड्री पर आउट होने से बचना होगा। पहले मैच में हमारे चार बल्लेबाज बाउंड्री पर लपके गए। कोलंबो का मैदान बड़ा है और वहां जब तक पूरा भरोसा न हो तब तक बड़े शॉट्स खेलने से बचना चाहिए। अगर यहां हम जीत गए तो भारत को T20 विश्व कप में पाकिस्तान को आठवीं बार हराने से कोई नहीं रोक सकता।

(लेखक वरिष्ठ खेल पत्रकार और टीवी कॉमेंटेटर हैं)

हल्के में नहीं ले सकते

- पाकिस्तान की स्पिन से बचने की होगी चुनौती
- पिछले T20 विश्व कप के बाद हम लगातार जीते

AI Image

सोशल मीडिया की साज़िश !

कैलिफोर्निया मे सोशल मीडिया कंपनियो पर ऐतिहासिक मुकदमा चल रहा है। मेटा, गूगल पर आरोप है कि उन्होने जानबूझकर ऐसे प्लैटफॉर्म बनाए, जो बच्चो और किशोरो को उनका लती बना रहे है। जानिए कितना गंभीर है मामला।

5 पॉइंट

1 नाबालिग का आरोप
अमेरिका की एक नाबालिग ने लॉस एंजिल्स सुपीरियर कोर्ट मे कहा है कि किशोरावस्था मे इंस्टाग्राम और यूट्यूब की लत के कारण उसे गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्याओ का सामना करना पड़ा।

2 ईमेल का हवाला
पीड़िता के वकील मार्क लेनियर ने अदालत मे दावा किया है कि कंपनियो ने एडिक्शन मशीन बनाई। 2015 का ईमेल दिखाया, जिसमे मार्क जकरबर्ग ने प्लैटफॉर्म पर 12% अधिक समय बिताने का लक्ष्य रखा था।

3 युवा आबादी टारगेट
लेनियर ने यूट्यूब पर खास आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि वीडियो स्ट्रीमिंग प्लैटफॉर्म ने जानकर युवाओं को टारगेट किया, क्योंकि उनसे ज्यादा विज्ञापन राजस्व मिलता है। इसे अभिभावकों के लिए डिजिटल बेबीसिटर की तरह पेश किया।

4 स्नैपचैट-टिकटॉक का समझौता
स्नैपचैट और टिकटॉक ने पीड़िता से समझौता कर लिया। पीड़िता के पक्ष मे फैसला आने पर मेटा और गूगल को भारी जुर्माना भरना पड़ेगा। करीब 1,600 अन्य मामलो पर भी इसका असर पड़ सकता है।

5 पूरे देश मे चिंता
सोशल मीडिया की लत को लेकर चिंता व्यापक है। अमेरिका के 29 राज्यो के अटॉर्नी जनरल ने मेटा से 13 वर्ष से कम आयु वालो के अकाउंट डिलीट करने की मांग की है।

प्रस्तुति: अभिषेक मिश्र

सरकार की सहमति बिना चर्चा संभव नहीं

*सदन में अब काम कम और हंगामा ज्यादा देखने को मिल रहा है। सरकार का कहना है कि विपक्ष संसदीय कार्यवाही में बाधा डाल रहा, जबकि विपक्ष का आरोप है कि उसे बोलने नहीं दिया जा रहा। इस बढ़ते गतिरोध, टकराव, संसदीय प्रक्रिया, स्पीकर की शक्तियों, संवैधानिक प्रावधान और विपक्ष की बोलने की आजादी जैसे मुद्दों पर लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य से **अजय प्रताप तिवारी** की बातचीत। पेश हैं प्रमुख अंश :*

सप्ताह का इंटरव्यू
पीडीटी आचार्य

> **सदन पक्ष और विपक्ष के तालमेल से चलता है। विपक्ष को अपनी बात कहने के लिए पूरी आजादी चाहिए, जबकि सरकार अपने तरीके से चलेगी। यहां संसद इसलिए नहीं चल पाती क्योंकि विपक्ष की बातें अक्सर मानी नहीं जाती**

■ **लोकसभा स्पीकर द्वारा विपक्षी सांसदो के निलंबन का संवैधानिक आधार क्या है, और क्या यह अनुच्छेद 75(1) का उल्लंघन है?**

सांसदों का निलंबन सदन करता है, न कि स्पीकर। स्पीकर केवल संबंधित सांसदों के नाम चिह्नित करते हैं। इसके बाद सस्पेंशन मोशन लाना पड़ता है। यह प्रस्ताव मंत्री लेकर आते हैं। इस पर वोटिंग होती है और फिर निलंबन।

■ **क्या विपक्ष को राष्ट्रीय महत्व के मुद्दो पर अनिवार्य चर्चा का संवैधानिक अधिकार है, या यह सदन की प्रक्रिया पर निर्भर करता है?**

भारतीय संविधान ने अनुच्छेद 105 के तहत सदन में सभी सदस्यों को बोलने की आजादी दी है। फ्रीडम ऑफ स्पीच को थोड़ा रेस्ट्रिक्शन (पाबंदी) और रूल (नियम) के दायरे में रखा जाता है। डोकलाम जैसे राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे पर चर्चा करने का पूरा अधिकार है। विपक्ष कोई भी मुद्दा उठा सकता है, उस पर चर्चा करा सकता है। नियम के अनुसार, जिस विषय पर चर्चा होनी है, उसके लिए विशेष एडवाइजरी कमिटी बैठती है। कमिटी की अध्यक्षता स्पीकर करते हैं। कमिटी तय करती है कि सदन में किस विषय पर चर्चा होनी है और किस पर नहीं। विपक्ष ने डोकलाम पर चर्चा की मांग रखी पर सत्ता पक्ष सहमत नहीं हुआ। जब सरकार सहमत न हो, तो मुश्किल होती है। सत्ता पक्ष की सहमति के बिना किसी भी मुद्दे पर चर्चा संभव नहीं। इसी वजह से विपक्ष गुस्से में रहता है कि उसकी कोई बात सुनी नहीं जाती।

■ **संसदीय गतिरोध के दौरान राष्ट्रपति की संवैधानिक भूमिका (अनुच्छेद 85) क्या होनी चाहिए, विशेष रूप से सत्र स्थगन में?**

राष्ट्रपति सदन को संदेश भेज सकते हैं। यह संदेश किसी विधेयक या अन्य किसी विषय से संबंधित हो सकता है। लेकिन, राष्ट्रपति ऐसा कोई संदेश प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाले मंत्रिपरिषद की सलाह के बिना नहीं भेज सकते। जब संसद में गतिरोध होता है, तो राष्ट्रपति कुछ नहीं कर सकते।

■ **बिना बहस बिल पास करना अनुच्छेद-107 का उल्लंघन क्यों माना जाता है, और इसका समाधान क्या हो सकता है?**

अनुच्छेद-107 में कहा गया है कि जब तक दोनों सदनों का एग्रीमेंट नहीं होता, बिल पास नहीं हो सकता। एग्रीमेंट तब होगा, जब आप बिल की विषय वस्तु को समझेंगे। एग्रीमेंट के स्थान पर एडॉप्ट शब्द प्रयोग होता, तो हम कह सकते कि कुछ भी एडॉप्ट कर लिया। अनुच्छेद-107 में एग्रीमेंट शब्द का तात्पर्य है, दोनों सदनों को समझना चाहिए कि क्या है एग्री और इसके लिए चर्चा जरूरी है।

■ **विपक्ष के हंगामे और सत्ता पक्ष के बहुमत का उपयोग संविधान की मूल संरचना को कैसे प्रभावित करता है?**

बेसिक स्ट्रक्चर से इसका कोई मतलब नहीं है। सदन को चलाने के लिए स्पीकर बैठे हैं। सदन पक्ष और विपक्ष के तालमेल से चलता है। विपक्ष को अपनी बात कहने के लिए पूरी आजादी चाहिए, जबकि सरकार अपने तरीके से चलेगी। यहां संसद इसलिए नहीं चल पाती क्योंकि विपक्ष की बातें अक्सर मानी नहीं जातीं। संसद में ज्यादातर विषयों पर चर्चा होनी चाहिए। संसद में तभी पूरी तरह से काम हो पाएगा, जब विपक्ष को विश्वास हो जाएगा कि उसकी बात सुनी जा रही है।

■ **संसदीय विशेषाधिकार (अनुच्छेद 105) के तहत विपक्षी सांसदो को अभिव्यक्ति की कितनी स्वतंत्रता मिलनी चाहिए?**

अनुच्छेद 105 के अंतर्गत सदन में सभी सदस्यों को बोलने की आजादी है, लेकिन सब्जेक्टिव ऑफ रूल्स के अनुसार। इसका मतलब यह नहीं कि रूल्स संविधान के अनुच्छेद पर हावी होगा। सभी सदस्यों को सदन में बोलने की आजादी मिलनी चाहिए। अशोभनीय बातों को बहस से निकाल देना चाहिए। सदस्यों को ऐसा एहसास नहीं होना चाहिए कि उन पर किसी का दबाव है। आजादी कोई लाइसेंस नहीं है, यह आजादी ही है। अपनी बात कहने के लिए आजादी मिलनी ही चाहिए।

■ **गतिरोध समाप्त करने के लिए पीएम और विपक्ष के नेता के बीच संवाद संवैधानिक रूप से कैसे बाध्यकारी हो सकता है?**

पीएम और लीडर ऑफ अपोजिशन के बीच संवाद होना ही चाहिए। इससे गतिरोध दूर हो सकते हैं। संसदीय प्रक्रिया के तहत प्रधानमंत्री और विपक्ष के बीच वार्तालाप चलता रहता है। दूसरे देशों में पीएम कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विपक्ष को विश्वास में लेते हैं। जहां संसदीय प्रणाली है, वहां यह प्रथा है। इससे विपक्ष का तनाव और सदन में गतिरोध दूर हो जाता है, लेकिन यहां ऐसा नहीं होता।

www.nbt.in

पिंपरी की चाय और दादा

जब भी मैं पुणे के पिंपरी में अपने कंजर भाट दोस्तों से मिलने जाता, तो अक्सर उसी दुकान पर चाय पीता, जहां कभी अजित पवार जाया करते थे। उन्हें कंजर भाट समुदाय के दोस्तों ने उस दुकान पर आमंत्रित किया था। इसके बाद तो उन्होंने युवाओं का मान रखने के लिए कई बार उस दुकान पर चाय की चुस्की ली। इस दुकान पर अजित दादा ने घंटों बिताए होंगे। यह घटना बताती है कि महाराष्ट्र के 6 बार डिप्टी सीएम रहे अजित पवार किस तरह जमीन से जुड़े नेता थे।

साल 1992 में पिंपरी क्षेत्र से ही उन्होंने अपनी राजनीति की मजबूत शुरुआत की। उनकी पकड़ यहां इतनी मजबूत रही कि लोग इसे अंगद के पांव की तरह अडिग मानते हैं। उन्होंने कंजर भाट समुदाय के लोगों को अपनी पार्टी से जोड़ा और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की। उनके मार्गदर्शन में कई परिवार झोपड़-पट्टी से निकलकर पक्के मकानों में रहने लगे। उस समय समुदाय के कुछ युवा कच्ची शराब के धंधे में भी शामिल थे, उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए गए। उन्हीं प्रयासों में एक पहल यह भी थी कि अजित पवार रोज गणपति मंडप में आकर लोगों से मिलते, उन्हें संबोधित करते और सरकारी योजनाओं की जानकारी देते। उनके भाषण गंभीर मुद्दों पर होते थे, लेकिन वह उन्हें आसान और हल्के अंदाज में कहते, इसलिए बीच-बीच में हंसी के ठहाके भी गूंजते रहते।

खुद अपनी आंख से
आलोक गागड़ेकर

अजित पवार ने समुदाय के लोगों को नए-नए रोजगार की तरफ प्रेरित किया। वह चाहे किसी भी गठबंधन में रहे हों, सरकार में हों या विपक्ष में - कंजर भाट समाज के लिए उनका रुख रचनात्मक रहा। उनका साथ पाकर बड़ी संख्या में युवा राजनीति में उतरे और आज भी आ रहे हैं।

पिंपरी हमेशा से कामगारों का इलाका रहा है। यहां के लोगों की ऊर्जा और उत्साह को पवार दादा ने अच्छी तरह समझा। छठे और सातवें वेतन आयोग को लागू कराने में भी उनके प्रयास अहम माने जाते हैं। आज कई कंजर भाट परिवार दिहाड़ी मजदूरी से निकलकर सरकारी व्यवस्था से जुड़े हैं, इसका श्रेय उनके प्रयासों को दिया जाता है। उनके आकस्मिक निधन ने पूरे समुदाय को गहरे दुख में डाल दिया है। लोगों की आंखों में आंसू हैं और उन आंसुओं में अजित दादा की छवि साफ दिखाई देती है। मैंने पहली बार देखा कि हमारे समुदाय के लोग किसी नेता के निधन पर इस तरह भावुक होकर रोए हों। यह सम्मान और अपनापन उनके काम और व्यवहार की वजह से मिला। मौत से पहले भी उन्होंने समुदाय की बस्ती में मरम्मत कार्य को मंजूरी दी थी। एक छोटे-से समुदाय के प्रति उनके मन में जो संवेदनशीलता थी, उससे दूसरे नेताओं को सीख लेने की जरूरत है।

चलते-चलते...

हाथी अपनी मोटी त्वचा और कमजोर दृष्टि के कारण आसपास की वस्तुओं को महसूस नहीं कर पाता। हालिया वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार हाथी की सूंड पर मौजूद लगभग 1,000 छोटे-छोटे बाल (व्हिस्कर्स) इस काम में मदद करते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि इन बालों की जड़ सख्त और सिरा मुलायम होता है, जिससे बिना हिलाए भी वे स्पर्श का सटीक स्थान पहचान लेते हैं।

रीडर्स मेल

▸ नई सरकार की चुनौतियां

13 फरवरी का संपादकीय 'जनता की कसौटी' पढ़ा। बांग्लादेश की राजनीति ने नया मोड़ लिया है। डेढ़ वर्ष की अनिश्चितता के बाद चुनाव और सत्ता परिवर्तन लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली की दिशा में सकारात्मक संकेत है। हालांकि अवामी लीग की अनुपस्थिति से लोकतंत्र की समावेशिता पर सवाल उठते हैं। संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (BNP) को शानदार जीत मिली है और करीब दो दशक बाद उसकी सत्ता में वापसी हुई है। अगस्त 2024 में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के कारण शेख हसीना को पद छोड़ना पड़ा था। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार भी अपेक्षाओं पर बांग्लादेश की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी नहीं उतर सकी। अब नई सरकार के लिए स्थिरता, आर्थिक सुधार और जनविश्वास बहाल करना सबसे बड़ी परीक्षा होगी।

धर्मेंद्र सिंह, शाहदरा

▸ संवाद में कटुता न आए

यह पत्र 13 फरवरी के लेख 'दल नहीं सदन का होता है स्पीकर' से संबंधित है। विपक्षी दलों के गठबंधन की तरफ से स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की पहल ने संसदीय राजनीति को एक नए विवाद के केंद्र में ला खड़ा किया है। 118 सांसदों का हस्ताक्षर इस बात का संकेत है कि विपक्ष के भीतर असंतोष मौजूद है। उनका आरोप है कि सदन में उन्हें पर्याप्त अवसर नहीं मिलता। वहीं, संसद केवल विरोध का मंच नहीं, बल्कि संवाद और सहमति का स्थल है। यदि विपक्ष केवल आलोचना तक सीमित रहे और सरकार के सकारात्मक कदमों की सराहना से पूरी तरह बचे, तो संवाद की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं। यदि किसी पक्ष को पक्षपात का अनुभव हो रहा है, तो उसे संवाद के माध्यम से दूर करना भी स्पीकर की भूमिका का हिस्सा है।

प्रेरणा श्रीवास्तव, ईमेल से

CCI NG 3.7 Product: NBTLucknowBS PubDate: 14-02-2026 Zone: Lucknow Edition: 1 Page: NBTLPG9 User: cci Time: 02-13-2026 23:28 Color:

फटाफट खबरें

तेज रफ्तार कार ट्रक से टकराई, 2 की मौत

■ NBT न्यूज, सुलतानपुर : लम्भुआ क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे लखनऊ-वाराणसी हाइवे पर मदनपुर पनियार शुक्ला पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। कार में चार लोग सवार थे। चालक को झपकी आने से हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सभी घायलों को सीएचसी लम्भुआ से जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान बेबी मसीह (45) और उनके बेटे अंकित कुमार (20) की मौत हो गई।

बंधक बनाकर 40 लाख के नकदी-जेवर लूटे

■ NBT न्यूज, मेरठ : फलौदा थाना क्षेत्र के सौंदत गांव में गुरुवार देर रात 4 नकाबपोश बदमाशों ने लकड़ी कारोबारी इसरार के घर धावा बोलकर करीब 40 लाख रुपये नकद व जेवरात लूट लिए। विरोध करने पर 75 वर्षीय अनवरी के साथ मारपीट की और परिवार को बंधक बना लिया। सूचना पर शुक्रवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

शॉर्ट सर्किट से चार महीने का बच्चा झुलसा

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ: एटा जिले के निधौली कलां थाना इलाके के मादुरी गांव में घर के अंदर सो रहे चार महीने के बच्चे के साथ हादसा हो गया। कमरे में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में बच्चा करीब 80 फीसदी झुलस गया। उसे गंभीर हालत में एटा के वीरांगना अवंती बाई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

सैफई ट्रॉमा सेंटर में तीमारदार से मारपीट

■ NBT न्यूज, इटावा : सैफई स्थित यूपी आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस) के ट्रॉमा सेंटर में गुरुवार रात तीमारदार विजयपाल के साथ सुरक्षाकर्मियों द्वारा कथित मारपीट का मामला सामने आया। विजयपाल अपनी सर्पदंश पीड़ित पत्नी को भर्ती कराने के बाद सामान लेकर लौटे थे, तभी कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। परिजनों का आरोप है कि सुरक्षाकर्मियों ने लाठी-डंडों से पिटाई की, जिससे वह घायल होकर बाहर गिर पड़े। पुलिस ने सीसीटीवी जांच शुरू की है। विवि प्रशासन ने तीन सदस्यीय समिति गठित कर तीन सुरक्षाकर्मियों को प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए हटा दिया है।

खीरी में तेंदुए ने बछड़े को मार डाला

■ NBT न्यूज, लखीमपुर खीरी: महेशपुर वन रेंज के हिम्मतपुर बीट के अहिराजपुर गांव में तेंदुए ने तीसरी बार हमला कर एक बछड़े को मार डाला। खेत पर पहुंचे किसान को आधा खाया शव मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची और पगचिह्नों के आधार पर तेंदुए की पुष्टि की। शव को गड्ढा खोदकर दफना दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक, पिछले दो सप्ताह से तेंदुए की चहलकदमी जारी है।

महाशिवरात्रि से पहले काशी में विवाहोत्सव की धूम

■ NBT न्यूज, वाराणसी : काशी महाशिवरात्रि (15 फरवरी) से पहले ही उत्सव के रंग में रंग गई है। बाबा विश्वनाथ दूल्हा रूप में सजेंगे। शुक्रवार को टेढ़ीनीम स्थित महंत आवास पर ढोलक-मंजीरे और मंगल गीतों के बीच पंचबदन रजत प्रतिमा को हल्दी-तेल लगाने की पारंपरिक रस्म निभाई गई।

हल्दी-तेल की रस्म पूरी, असमिया परिधान और 'होली' थीम पर सजेगी शिव बारात

'शिव दूल्हा के माथे पर सोहे चनरमा' जैसे गीतों पर शिवभक्त झूम उठे। करीब चार दशक पुरानी इस परंपरा में त्र्यंबकेश्वर से मंगाई गई हल्दी की शोभायात्रा बांसफाटक से होते हुए महंत आवास पहुंची। ब्रह्ममुहूर्त में 11 वैदिक विद्वानों ने चल प्रतिमा का पूजन और दुग्ध से रुद्राभिषेक किया।

महानिशा में चार प्रहर की आरती के साथ शिव-पार्वती विवाह संपन्न होगा। आरती रात 11 बजे से 16 फरवरी सुबह छह बजे तक चलेगी। भक्तों के दर्शनार्थ महाशिवरात्रि पर मंगला आरती से अगले दिन रात 11 बजे तक मंदिर के कपाट खुले रहेंगे। बाबा विश्वनाथ असमिया परिधान धारण करेंगे, जबकि मां गौरा लाल-सुनहरे रंग की मेखेला साड़ी और जूलीबीरी आभूषण में सजेंगी। विशेष परिधान असम के शिवसागर से मंगाए गए हैं। बाबा रुद्राक्ष और मेवों का सेहरा पहनेंगे।

बारात की थीम होली

15 फरवरी की शाम दारानगर स्थित महामृत्युंजय महादेव मंदिर से निकलने वाली विश्व प्रसिद्ध शिव बारात 'होली' थीम पर होगी। वृंदावन की लट्ठमार, कर्नाटक की हंपी और पंजाब की होला मोहल्ला सहित विभिन्न झांकियां आकर्षण बनेंगी। चार किमी की यात्रा सात घंटे में दशाश्वमेध के चितरंजन पार्क तक पहुंचेगी। श्रद्धालुओं से पुलिसकर्मी हाथ जोड़कर 'सर-मैडम' कहकर संवाद करेंगे; सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण दिया गया है।

पिता की समाधि पर पेशाब करने से मना करने पर ठेकेदार की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : नैनी स्थित मड़ौका में पिता की समाधि पर पेशाब करने से मना करने पर एक ठेकेदार की मुंह में सरिया घुसेड़ कर हत्या कर दी गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मऊ में तैनात एक सिपाही समेत 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। तनाव को देखते हुए मृतक व आरोपितों के घर पर पुलिस फोर्स तैनात कर दी गयी है। इस मामले में पुलिस ने आठ लोगों को हिरासत में लिया है।

नैनी के मड़ौका में स्थित एक गेस्ट हाउस में कनौजिया परिवार के बेटी की शादी थी। बारात में आए कुछ लोग गेस्ट हाउस के पास स्थित एक समाधि स्थल पर पेशाब कर रहे थे। वहां से गुजर रहे राजेश कुमार निषाद (45) ने उन लोगों को समाधि से दूर पेशाब करने के लिए कहा। जिस पर दूसरे पक्ष के लोगों ने उसे पीट-पीटकर मार डाला। यही नहीं आरोपितों ने राजेश के मुंह में सरिया घुसेड़ दी। घटना के बाद राजेश के शव को खाली प्लॉट पर छुपा दिया गया।

बिना FIR दबिश में युवक की मौत, SHO समेत चार सस्पेंड

SSP बदायूं ने मामले की विभागीय जांच CO को सौंपी

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ

बदायूं जिले में बिना FIR दर्ज किए और बिना अधिकारियों की इजाजत दबिश देने के मामले में फैजगंज बेहटा थाने के थानाध्यक्ष समेत 4 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। दबिश के दौरान एक युवक की मौत हो गई थी। SSP बदायूं ने मामले की विभागीय जांच सहसवान CO को सौंपी है। साथ ही मनोज कुमार वर्मा को फैजगंज बेहटा थाने का नया इंस्पेक्टर अपॉइंट किया गया है।

पुलिस के पीछा करने के दौरान हुई थी हार्ट अटैक से युवक की मौत

बदायूं पुलिस के अनुसार घटना 4 फरवरी की है। फैजगंज बेहटा थाना इलाके की एक महिला ने अपनी बेटी के गायब होने की शिकायत दी थी। महिला ने आरोप लगाया था कि एक युवक उसे बहला फुसलाकर ले गया है। आरोप है कि थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने इस मामले में FIR दर्ज नहीं की और न ही अधिकारियों से इजाजत ली। इसके बावजूद उन्होंने दरोगा मामराज सिंह, दरोगा लियाकत अली और हेड कॉन्स्टेबल संजय कुमार को आरोपित बताए गए युवक की तलाश में संभल भेज दिया।

पुलिस टीम संभल जिले के कैला देवी थाना इलाके के गांव नारंगपुर पहुंची। बताया गया कि आरोपित युवक अपनी ससुराल में था। दबिश के दौरान युवक हड़बड़ा भागने लगा। पुलिस के पीछा करने पर वह गिर गया और उसकी मौत हो गई। बताया गया कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई।

घटना की शिकायत मिलने पर जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि बिना FIR दर्ज किए पुलिसवालों को बाहर भेजा गया था। गुरुवार रात SSP डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, दरोगा मामराज सिंह और लियाकत अली समेत हेड कॉन्स्टेबल संजय कुमार को सस्पेंड कर दिया। विभागीय जांच सहसवान CO को सौंप दी गई है। SSP ने इंस्पेक्टर मनोज कुमार वर्मा को फैजगंज बेहटा थाने का नया प्रभारी बनाया है। वह इससे पहले यूपी 112 के प्रभारी थे। SP ने बताया कि नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में 10 दिन बाद FIR दर्ज करने को लेकर भी थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

वंदे मातरम् गीत नही, बल्कि देश की आजादी का प्रतीक : पाठक

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : प्रयागराज एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने 'वंदे मातरम्' को लेकर उठ रहे विवाद पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि देश की आजादी का प्रतीक है। स्वतंत्रता सेनानियों ने इसी गीत को गाते हुए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा था। ऐसे में इसे अनिवार्य किए जाने पर आपत्ति महज तुष्टीकरण की राजनीति है।

सपा ने प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया : कांग्रेस और सपा पर कहा कि इन दलों ने प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया है। समाजवादी पार्टी को उन्होंने 'प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' करार देते हुए आरोप लगाया कि उसके शासनकाल में गुंडों और माफिया का बोलबाला था, जबकि अब अपराधी या तो जेल में हैं या प्रदेश छोड़ चुके हैं।

कांग्रेस दिग्भ्रमित पार्टी, मजदूरों को मिलेगा लाभ : वीबी-जीरामजी पर कांग्रेस के विरोध पर कहा कि कांग्रेस दिग्भ्रमित पार्टी है। अब 100 दिन का नहीं 125 दिन काम मिलेगा। क्लेम के बाद काम नहीं मिलता है तो ग्राम पंचायत पर जुर्माना लगाया जाएगा। भुगतान में देर हुआ तो ब्याज दिया जाएगा। वीबी-जीरामजी से मजदूरों के जीवन में बदलाव आएगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि लखनऊ के संस्थानों की तर्ज पर एसआरएन में सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

'सपा सरकार में संगठित माफिया का जाल था'

■ NBT न्यूज, वाराणसी: डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शुक्रवार को भदोही दौरे पर पहुंचे। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुरियावां का निरीक्षण किया और मरीजों-तीमारदारों से सुविधाओं और अस्पताल के स्टाफ के व्यवहार को लेकर जानकारी ली। दवा लेने आईं एक बुजुर्ग महिला के पास चबूतरे पर बैठकर उन्होंने समस्या एवं इलाज को लेकर जानकारी की। अखिलेश द्वारा कानपुर के लैंबॉर्गिनी मामले में कार्रवाई के भेदभाव के आरोप पर कहा कि सपा मुखिया को सच्चाई से वाकिफ होना चाहिए। सपा के शासनकाल में संगठित अपराध का जाल बिछा था।

अखिलेश बोले- बीजेपी ने कानपुर को बदनामपुर बना दिया

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : लखनऊ से कानपुर आते समय हाइवे पर 90 मिनट जाम में फंसने के बाद अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कानपुर में कहा कि बीजेपी ने कानपुर को बदनामपुर बना दिया है। कानपुर का नाम सुर्खियों में रहता है, क्योंकि यहां कार पलटने, पुलिस-वकील गुटबाजी, एनकाउंटर की स्क्रिप्ट लिखी जाती है। गरीब ब्राह्मण की बेटी को झोपड़ी में जलाने, डीएम के खिलाफ सीएमओ की प्रेस कॉन्फ्रेंस और स्मार्ट सिटी कानपुर का नाम जामपुर सिटी कर दें। लैंबॉर्गिनी केस पर कहा कि हथेली गरम, पुलिस नरम।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि बीजेपी को कानपुर में जो आधारभूत ढांचा देना चाहिए था, वह नहीं मिला। कानपुर में उद्योग, कारोबार और बड़े पैमाने पर निवेश खींचने की गुंजाइश है। सरकार सहूलियत दे तो यहां बड़े पैमाने पर निवेश आएगा। समाजवादी सरकार आई तो कानपुर में रिवर फ्रंट बनेगा, जो लखनऊ से बेहतर होगा। लाल इमली फिर से गुलजार होगी।



अखिलेश का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है: केशव

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जो भारत में रहेगा उसको वंदे मातरम् कहना होगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचे डिप्टी सीएम ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि केंद्र व उत्तर प्रदेश का बजट शानदार है। इससे सपा मुखिया अखिलेश यादव की सत्ता में आने की उम्मीदें 2035 तक धूमिल हो चुकी हैं और उसके बाद भी कोई उम्मीद नहीं दिख रही है। इससे वह बौखलाकर अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

केशव ने कहा कि जब से बिहार चुनाव में राजद की शर्मनाक हार हुई है तब से अखिलेश का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। सपा शासन काल में माफिया का बोलबाला था। अपराधी थाने चलाते थे। आतंकवादियों के मुकदमे वापस लिए जाते थे। पिछड़ों का दमन किया गया। इससे निजात पाने के लिए जनता ने सपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया है।

कहा कि यूपी के बजट को लेकर हर वर्ग में काफी उत्साह है। रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।

अबॉर्शन के लिए देरी से कोर्ट पहुंच रही रेप पीड़िताएं, HC ने जताई चिंता

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक स्वतः संज्ञान जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि 24 सप्ताह तक गर्भ समापन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) मौजूद है। फिर भी बलात्कार पीड़िताएं अक्सर गर्भ का पता देर से चलने के कारण समय सीमा के अंतिम चरण में अदालत का दरवाजा खटखटाती हैं।

जस्टिस सौमित्र दयाल सिंह और जस्टिस इन्द्रजीत शुक्ला की बेंच ने कहा कि कानून 20 से 24 सप्ताह तक, विशेष परिस्थितियों जैसे रेप में गर्भ समापन की अनुमति देता है, लेकिन जानकारी की कमी, सामाजिक दबाव और प्रक्रियागत समझ के अभाव में कीमती समय नष्ट हो जाता है।

मामला तब उठा जब एक पॉक्सो पीड़िता ने गर्भ समापन की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून और एसओपी मौजूद हैं। लेकिन क्रियान्वयन में खामियां हैं। पुलिस अक्सर मानवीय पहलू की अनदेखी कर देती है और पीड़िता के अधिकार पीछे छूट जाते हैं।

'खुले मैदान में अतिक्रमण न होने दें'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि प्रदेश में जो एरिया पार्क या खुले मैदान के लिए चिह्नित किया गया है, उसके अतिक्रमण की अनुमति न दी जाए। कोर्ट ने गाजियाबाद के मामले में याची की शिकायत पर प्राधिकारी को कानून के अनुसार उचित आदेश पारित करने का भी निर्देश दिया है। आदेश न्यायमूर्ति एम सी त्रिपाठी और न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह की बेंच ने सोसायटी फॉर वाइस ऑफ ह्यूमन राइट्स ऐंड जस्टिस की तरफ से दाखिल जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए दिया है।

'175(3) में FIR का आदेश अनिवार्य नहीं'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि बीएनएसएस की धारा 175(3) के तहत मिले हर आवेदन पर मैजिस्ट्रेट एफआईआर दर्ज कराने के लिए बाध्य नहीं है। वह अपने विवेक से मामले को शिकायत के रूप में दर्ज कर सकता है। न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला ने यह आदेश प्रदीप कुमार की याचिका खारिज करते हुए दिया। कोर्ट ने मैजिस्ट्रेट के फैसले को सही ठहराया और कहा कि मामले की कार्यवाही जारी रहेगी।

प्रसव के बाद नवजात की मौत, निजी अस्पताल सील

■ NBT न्यूज, गोंडा: कटरा बाजार स्थित आर.डी. पाण्डेय मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रसव के बाद नवजात की मौत से हड़कंप मच गया। परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। जांच में लापरवाही मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को तत्काल सील कर दिया। घनश्याम मौर्य ने बताया कि पत्नी सोनी को पहले पीएचसी टुकटुकबाजार ले जाया गया, जहां से ऑपरेशन के लिए निजी अस्पताल भेजा गया। ऑपरेशन के बाद नवजात की हालत बिगड़ी और मौत हो गई। जांच में डिलीवरी प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही पाई गई।

लापरवाही

कानपुरः निरीक्षण में कई अस्पतालों पर कार्रवाई

■ NBT रिपोर्ट, कानपुर : बिठूर के एक नर्सिंग होम के NICU के वॉर्मर में नवजात बच्ची के जलकर मरने के बाद दो दिनों तक चले अभियान के बाद कानपुर में अस्पतालों में गड़बड़ियों की पोल खुल गई। एसीएमओ रमित रस्तोगी ने बताया कि जांच के दौरान 48 अस्पताल चेक किए गए। एक अस्पताल सील कर दिया गया। 11 अस्पतालों में ऑपरेशन थिएटर, एचडीयू, NICU, ICU सील कर दिए गए। 7 अस्पताल ऐसे मिले हैं, जो जांच टीमों को देख ताला लगाकर भग गए। इन अस्पतालों के मुख्य द्वार पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है।

सुनील पाल अपहरण मामले में 10 पर लगा गैंगस्टर

■ NBT रिपोर्ट, मेरठ : फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान और कॉमेडियन सुनील पाल का अपहरण कर फिरौती वसूलने के मामले में बिजनौर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर कोतवाली में गैंगस्टर ऐक्ट के तहत 10 आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फिलहाल सभी आरोपित जमानत पर जेल से बाहर हैं। SP बिजनौर अभिषेक झा ने बताया कि दोनों कलाकारों के अपहरण के आरोपितों पर कार्रवाई की गई है और गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

शुभम के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस की तैयारी

■ NBT न्यूज, वाराणसी: कोडीन युक्त कफ सिरप की करीब दो हजार करोड़ रुपये की तस्करी के आरोपी सरगना शुभम जायसवाल के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने की तैयारी शुरू हो गई है। उसके दुबई में छिपे होने की सूचना पर वाराणसी पुलिस ने अपराध संबंधी विवरण सीबीआई की इंटरपोल शाखा और गृह मंत्रालय को भेजा है। मंत्रालय की अनुमति मिलते ही रेड कॉर्नर नोटिस जारी होगा और इंटरपोल की मदद से उसे भारत लाने की कार्रवाई की जाएगी। शुभम के खिलाफ पहले से लुक आउट नोटिस और गैर जमानती वॉरंट जारी है।

अयोध्या/बाराबंकी

अवध यूनिवर्सिटी में ऑनलाइन परीक्षा की तैयारी

■ NBT न्यूज, अयोध्या : डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी में ऑनलाइन परीक्षा प्रणाली लागू करने की तैयारी है। परीक्षाएं ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव दो पैटर्न पर होंगी। ऑब्जेक्टिव का मूल्यांकन ओएमआर से, जबकि सब्जेक्टिव कॉपियां स्कैन कर डिजिटल जांची जाएंगी। वीसी प्रो. बिजेंद्र सिंह के अनुसार सम सेमेस्टर में ऑब्जेक्टिव और विषम में सब्जेक्टिव परीक्षा होगी। कैंपस में एग्रीकल्चर कॉलेज खोलने की तैयारी है। बीटेक व मैनेजमेंट छात्रों के लिए चार आधुनिक हॉस्टल बनेंगे। वर्चुअल लैब और कंप्यूटर सेंटर भी स्थापित होगा। शिक्षक संघ ने नई व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए नुकसान की आशंका जताई है।

रेडियो किसान दिवस में जैविक खेती व ड्रोन तकनीक पर जोर

■ NBT न्यूज, अयोध्या : आकाशवाणी अयोध्या (101.9 एफएम) ने नाबार्ड और प्रगतिशील किसान राजबहादुर वर्मा के सहयोग से तारुन ब्लॉक के करनाईपुर गांव में रेडियो किसान दिवस आयोजित किया। कार्यक्रम में जैविक खेती, कृषि ड्रोन में बैंकों की भूमिका और ड्रोन तकनीक की उपयोगिता पर चर्चा हुई। ड्रोन दीदी शबीना खातून ने खेती में ड्रोन के लाभ बताए। कृषि व वैज्ञानिक अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनी और समाधान दिए। उन्नत बीज भी वितरित किए गए। कार्यक्रम का प्रसारण 14 फरवरी को किसानवाणी में शाम 6:45 से 7:15 बजे के बीच होगा।

डिप्टी जेलर हत्याकांड से चर्चा में आया था शुएब

■ NBT न्यूज, बाराबंकी

मुख्तार अंसारी के गुर्गे के रूप में चर्चित शुएब किदवई ने महज 23 साल की उम्र में जरायम की दुनिया में कदम रखा लेकिन वर्ष 1999 में जेलर आरके तिवारी हत्याकांड से वह लाइमलाइट में आया। उस समय उसकी उम्र 25 साल थी। पुलिस रेकॉर्ड के अनुसार इस पर गंभीर अपराध के 10 मुकदमे दर्ज हैं लेकिन उसके करीबी वकील विनोद पाठक के मुताबिक डिप्टी जेलर आरके तिवारी व डॉक्टर डीपी सिंह की हत्या सहित ज्यादातर मुकदमों में बरी हो चुके थे। मौजूदा समय में उस पर केवल गैंगस्टर ऐक्ट और मो.अमीन की ओर से दर्ज कराए गए जानलेवा हमले का मुकदमा ही लंबित है।

अयोध्या हाइवे की सर्विस लेन पर गोलियों से छलनी किए गए शुएब किदवई का आपराधिक इतिहास 18 साल का रहा। शुरुआत लखनऊ के हुसैनगंज थाने में वर्ष 1997 में दर्ज बलवा व जानलेवा हमले की FIR से हुई। फिर 1998 में महानगर थाने में लूट में नामजद हुआ। इसके बाद चौक थाने पर लूट व लूट के माल की बरामदगी में वह जेल गया। लखनऊ डीएम कार्यालय के सामने ही डिप्टी जेलर आरके तिवारी की सरेराह गोलियों से भूनकर हत्या में सहभागिता के चलते वह चर्चा में आया जिसका केस 1999 में हजरतगंज थाने में दर्ज हुआ। उसके अलावा मामले में 22 लोग और भी शामिल थे लेकिन मुकदमे के ट्रायल के दौरान शुएब दोषमुक्त करार दिया गया। अगले साल ही साल 7 जून 2000 को प्रसिद्ध डॉक्टर डीपी सिंह की हत्या में शुएब का नाम सामने आया। उसके साथ ही अमेठी रामनगर के निवासी पंकज सिंह, बब्लू घोसी, चैंपी मो.आसिम वकील, फारुख अहमद उर्फ जामी इस मामले में नामजद हुए। इसके बाद 20 मई 2011 को तत्कालीन एमएलसी गयासुद्दीन किदवई की मौजूदगी में उसने नगर पालिका परिषद नवाबगंज परिसर में एक विवाह समारोह में उसने उसके ही करीबी मो.अमीन पर जानलेवा हमला किया। तत्कालीन डीएम के हस्तक्षेप पर मुकदमा दर्ज हुआ जिसमें शुएब के साथ अब्बा उर्फ सहाबुद्दीन, इमरान, निशांत तिवारी व कलीम नामजद हुए। 8 जून 2011 को कोतवाली नगर पुलिस ने शुएब व उसके साथियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया था।

लखनऊ से शुरू होकर बाराबंकी में खत्म हुई शुएब की क्राइम हिस्ट्री

पुलिस ने मौके पर कार की पड़ताल की। शीशे व बोनट पर गोली के निशान है।

पुलिस की पांच टीमें गठित

एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि वारदात को लेकर फिलहाल कोई प्रत्यक्षदर्शी सामने नहीं आया है। पांच टीमें गठित कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। शुएब की कार में आगे से शीशे व बोनट पर फायर के निशान हैं। कार के पिछले हिस्से में भी टक्कर मारे जाने के संकेत मिले हैं।

पुलिस ने मौके से साक्ष्य जुटाए।

10 साल से कर रहा था वकालत

शुएब पिछले 10 साल से वकालत कर रहे थे। यह कहना है उसके करीबी वकील विनोद पाठक का, जिनके मुताबिक वह पिछले 7-8 साल से नियमित कचहरी जा रहा था। दोपहर 12बजे के आसपास वह लखनऊ से बाराबंकी कचेहरी आते और फिर शाम दो बजे तक लखनऊ लौट जाते। शुएब लखनऊ के महानगर के गोल चौराहा के पास फ्लैट लेकर पत्नी साजिया व बेटे अहान (16) के साथ रहता था। उसका बाराबंकी के टेस्टी बाइट के पास भी मकान था। उसका बेटा अहान लखनऊ के ही सेंट फ्रांसिस कॉलेज में 10वीं में पढ़ता है।

शुएब किदवई

शुएब की कार में भी था कोई?

अयोध्या हाइवे की सर्विस लेन पर दिनदहाड़े हुई शुएब किदवई की हत्या की जांच के दौरान एक हमलावर के शुएब की कार में बगल की सीट पर बैठे होने के संकेत मिले हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि नेचर ऑफ इंजरी से लग रहा है कि कम से कम एक हमलावर कार में ही साथ बैठा था। उसने पास से गोली चलाई और कवर दे रहे उसके साथियों ने फायर झोंके। कुछ लोगों ने कहा कि दो बाइक पर चार लोग थे। पीछे से आई कार में भी हमलावर थे। उन्होंने सर्विस लेन का सुनसान स्थान चुना कि जिससे वारदात के दौरान कोई अवरोध न हो।

वकीलों ने दिया अल्टीमेटम

शुएब की हत्या के बाद जिला बार असोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह वर्मा, रितेश मिश्रा व रामराज यादव आदि ने एसपी अर्पित विजयवर्गीय से मिले। वकीलों ने पुलिस को अल्टीमेटम दिया है कि वारदात का 48 घंटे में खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा जाए।

'दिल्ली दरवाजा में बनेगा पार्क, कच्चा नाला बनेगा पक्का'

■ NBT न्यूज, अयोध्या : नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत मेयर महंत गिरीशपति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने विक्रमादित्य वॉर्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने दिल्ली दरवाजा मोहल्ले में नजूल की खाली पड़ी जमीन पर पार्क बनवाने एवं कच्चा नाला को पक्का बनवाने की घोषणा की।

लोधेश्वर महादेवः कांवड़ियों से भरा मेला क्षेत्र

■ NBT न्यूज, सूरतगंज: श्री लोधेश्वर महादेव की तीर्थ नगरी में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मेला क्षेत्र पूरी तरह कांवड़ियों से भर गया है। बाराबंकी-बहराइच हाइवे पर केसरिया वस्त्रधारी कांवड़ियों की लंबी कतारें दिखने लगी हैं। बाराबंकी- बहराइच हाइवे पर लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। मंदिर के गर्भ गृह से लेकर मेला क्षेत्र में कुल 75 कैमरे लगाए गए हैं। साथ ही ड्रोन कैमरे से भी मेले की निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही उनकी सुविधा के लिए 10 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।

हापुड़ः गोवंश पर मगरमच्छ का हमला, ग्रामीणों में दहशत

■ NBT न्यूज, हापुड़: गांव छपकौली के पास से गुजर रही काली नदी के किनारे मगरमच्छ ने गोवंश पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद गोवंश को छुड़ा लिया, लेकिन घटना से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग ने मगरमच्छ को पकड़ने के लिए 12 सदस्यीय टीम का गठन किया है। अब तक उसे पकड़ा नहीं जा सका है।

समाज कल्याण विभाग में कोर्स कोऑर्डिनेटरों के चयन का मामला

प्रमाणपत्रों का मूल दस्तावेज़ से मिलान तक नहीं करवाया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : सीएम अभ्युदय कोचिंग योजना में हुई कोर्स कोऑर्डिनेटर की भर्ती में अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का मूल दस्तावेज से मिलान ही नहीं करवाया गया था। बिना सत्यापन के ही संदिग्ध दस्तावेज के आधार पर चयन की संस्तुति कर दी गई। शासन द्वारा करवाई गई जांच में इंटरव्यू और चयन से जुड़े जरूरी दस्तावेज विभागीय पत्रावली से गायब मिले। इतना ही नहीं, चयन प्रक्रिया की निगरानी के लिए गठित समितियों द्वारा साक्षात्कार व सत्यापन करवाए जाने का कोई रेकॉर्ड जांच अधिकारियों को नहीं मिला।

संयुक्त निदेशक सुनील सिंह बिसेन निलंबित, विभागीय जांच के आदेश

फिलहाल, शासन ने इसके लिए प्रथम दृष्टया जिम्मेदार पाए गए समाज कल्याण विभाग के संयुक्त निदेशक सुनील कुमार बिसेन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जेडी बिसेन के साथ कमिटियों में रहे दूसरे संयुक्त निदेशक आरके सिंह सेवानिवृत्त हो चुके हैं। विभाग की ओर से उन्हें नोटिस जारी की गई है। उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्यवाही की तैयारी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक अधिवक्ता ने 29 अक्टूबर को समाज कल्याण मंत्री से शिकायत की कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत जिन कोर्स कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति की गई है, उनमें कई तय मानकों को पूरा नहीं करते। शिकायत में 18 संदिग्ध कोर्स कोऑर्डिनेटरों के नामों की सूची भी थी। अतीम अरुण ने प्राथमिक जांच करवाई तो सामने आया कि नियमानुसार कोर्स कोऑर्डिनेटर पद के लिए यूपी पीसीएस मुख्य परीक्षा पास होना अनिवार्य था। इसके बावजूद कई ऐसे अभ्यर्थियों को नियुक्त कर दिया गया, जिन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की थी।

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in